आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी उपरांत 11:18 षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 323, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज 14

शर्वरी ने दिखाया फिटनेस का जलवा 13

## दुधवा में 117 वर्षों बाद मिला दुर्लभ सांप पेंटेड कीलबैक

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

- बायोलॉजिस्टों ने की इस गैर विषैले सांप की पहचान और पुष्टि



**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व में 117 साल बाद दुर्लभ प्रजाति का गैर विषैला सांप पेंटेड कीलबैक मिला है। दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डा. रंगा राजू टी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में वर्ष 1907 में पेंटेड कीलबैक देखे जाने के बाद अब इसकी उपस्थिति दुधवा में दर्ज की गई है। पेंटेड कीलबैक को नकौआ नाले के पास स्थित दीमक के एक टीले के निकट मृत पाया गया। उसके शरीर के लाल-नारंगी रंग सहित अन्य विशेष चिन्हों और स्किल पैटर्न से बायोलॉजिस्टों ने इसकी पहचान प्रिंटेड कीलबैक के रूप में की।

विश्व प्रकृति निधि के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित रवि, बायोलॉजिस्ट विपिन सैनी एवं अपूर्व गुप्ता आदि ने गजन जांच कर पेंटेड कीलबैक की पहचान और पुष्टि की।

## संजय रॉय ने ही किया था प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या

### आरजी कर अस्पताल मामला: सीबीआई ने दाखिल किया आरोपपत्र, सामूहिक दुष्कर्म का उल्लेख नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में दिया था घटना को अंजाम

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सीबीआई ने कोलकाता की एक विशेष अदालत में दाखिल अपने आरोपपत्र में कहा है कि स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले रॉय ने 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में घटना को तब अंजाम दिया था जब प्रशिक्षु चिकित्सक वहां सोने के लिए गई थी।

अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने आरोपपत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं किया है, जिससे संकेत मिलता है कि रॉय ने अकेले ही अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस ने रॉय को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 10 अगस्त को गिरफ्तार किया था, जिसमें वह 9 अगस्त की सुबह सेमिनार रूम में प्रवेश करते हुए दिखा था। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 14 अगस्त को जांच का जिम्मा संभाला था। सीबीआई ने रॉय को हिरासत में लिया और उससे विस्तृत पूछताछ की, जिसके बाद पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया।

रॉय ने नार्को विश्लेषण के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद सीबीआई परीक्षण पर आगे नहीं बढ़ सकी। मामले में ताला पुलिस थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल और मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। घोष कथित भ्रष्टाचार से संबंधित सीबीआई के एक अन्य मामले का भी सामना कर रहे हैं। प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को सुबह 9.30 बजे उसके एक सहकर्मी ने वार्ड में राउंड शुरू करने से पहले उसकी तलाश के दौरान देखा था। ताला पुलिस थाने को एक महिला के बेहोशी की हालत में पड़े होने के बारे में सूचित किया गया था और उसका दल पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे मौके पर पहुंचा। प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या के बाद देशभर में रेजिडेंट डॉक्टर ने बेहतर सुरक्षा की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में न्याय एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग कर रहे आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों का आमरण अनशन लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मंगलवार को शाम करीब साढ़े चार बजे मध्य कोलकाता के कॉलेज स्कवायर से धर्मतला तक एक रैली करने की भी घोषणा की। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि कल, हम राज्य भर के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में सांकेतिक भूख हड़ताल भी करेंगे।

नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### हाईकोर्ट में इस माह 13 दिन होंगे न्यायिक कार्य



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 15 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश रहेगा। इसके चलते 8 दिनों तक हाईकोर्ट में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं होगा। नए दाखिल केसों की सुनवाई अब 15 अक्टूबर के बाद होगी। दशहरा एवं उसके बाद दीपावली अवकाश के कारण हाईकोर्ट अक्टूबर माह में केवल 13 दिनों के लिए ही खुला रहेगा। न्यायिक कार्य पूरे माह में मात्र 13 दिन ही होना है।

### बस पलटने से तीन यात्रियों की मौत, कई घायल

**पालनपुर (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात के बनासकांठा जिले में सोमवार को सुबह अंबाजी मंदिर से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी बस के पलट जाने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अक्षय राज ने बताया कि तीन यात्रियों की मौत होने के साथ नौ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 25 अन्य को मामूली चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### कच्छ तट से 120 करोड़ की कोकीन बरामद

**गांधीधाम (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले में गांधीधाम शहर के निकट एक खाड़ी क्षेत्र से 12 किलोग्राम कोकीन से भरे दस लावारिस पैकेट बरामद किए गए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपये आंकी गई है। कच्छ-पूर्व संभाग के पुलिस अधीक्षक सागर बागमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्करों ने संभवत: पकड़े जाने से बचने के लिए खाड़ी के पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ छिपाया होगा।

## कासगंज में पुलिस की पिटाई से आहत दलित ने की आत्महत्या

### रामलीला मंचन के दौरान कुर्सी पर बैठने पर पिटाई करने का आरोप, पत्नी ने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



**अमृत विचार:** रामलीला मंचन के दौरान दलित युवक का कुर्सी पर बैठना पुलिस कर्मियों को नागवार लगी, उन्होंने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए पिटाई की। जिससे आहत होकर उसने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी ने आरोपी दो पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सोरों कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे गांव के ही कुछ लोगों की साजिश की बात कही जा रही है।

सोरों के गांव सलेमपुर में रामलीला का मंचन चल रहा है। रविवार को गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश दिवाकर पुत्र कन्हई लाल पंडाल में पड़ी कुर्सी पर बैठकर रामलीला देख रहे थे। आरोप है कि रामलीला कमेटी के इशारे पर पुलिस कर्मी विक्रम और एक अन्य कांस्टेबल ने रमेश का गिरेबान पकड़कर उठा लिया और अलग ले जाकर पिटाई कर जातिसूचक गालियां दीं। पिटाई से आहत रमेश ने घर आकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन सिपाहियों पर आरोप लगाकर कर्रवाई की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों और परिजनों से जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मृतक की पत्नी रामरती देवी ने तहरीर में कहा कि विक्रम नाम के सिपाही ने भरे पंडाल में मारपीट की। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। जांच की जा रही है।

### भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रमेश दिवाकर कुर्सी पर बैठे थे। इसी पर पुलिस कर्मियों ने मारपीट की। उनके सम्मान को ठेस पहुंची। ग्राम प्रधान गुडडू ने कहा कि कुछ लोगों के इशारे पर पुलिस कर्मियों ने मारा पीटा।

### विधान भवन के सामने युवक ने लगाई आग, गंभीर

- टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का था विवाद, जांच शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान भवन के सामने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे युवक ने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन कंबल डालकर आग बुझाई फिर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। पुलिस के मुताबिक टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का विवाद था। पूछताछ के लिए टेंट हाउस मालिक को हिरासत में लिया गया है। पुराना चबूतरा दालमंडी सआदतगंज निवासी मुन्ना विश्वकर्मा (40) आलमबाग के बंगाल टेंट हाउस में बिजली का काम करता था। टेंट हाउस मालिक रंजीत चक्रवर्ती से उसका लेनदेन का विवाद था। एक महीने पहले आलमबाग थाने की मवैया चौकी पुलिस ने शिकायत मिलने पर दोनों को बुलाया। मुन्ना का आरोप है कि पुलिस ने टेंट हाउस मालिक का साथ देते हुए उसे चौकी से भगा दिया। उसकी बात नहीं सुनी। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने बेटे की फीस भी नहीं भर पा रहा था। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक मुन्ना 50 प्रतिशत झुलस गया है। टेंट हाउस के मालिक रंजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री योगी ने कहा-हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान हो

## महापुरुषों के प्रति टिप्पणी अस्वीकार्य लेकिन अराजकता भी बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने अधिकारियों के साथ की कानून-व्यवस्था की समीक्षा
- त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर करें कार्रवाई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों और साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की अपने सरकारी आवास पर समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो, यह हर जिला-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पर्वों पर आमजन को न होने पाए परेशानी



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पहले सोमवार की शाम ग्राउंड जीरो पर उतरकर विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। अधिकारियों के साथ शिलान्यास और लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजयादशमी एवं अन्य पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने के साथ ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पर जोर दिया। योगी ने कहा कि पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए।

## आप सांसद संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी का छापा

जालंधर, एजेंसी

- धन शोधन के मामले में 17 स्थानों पर एजेंसी ने की छानबीन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के एक मामले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सांसद के पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। जालंधर में जिन स्थानों पर तलाश ली जा रही है उनमें रियल एस्टेट कारोबारी हेमंत सूद और एक अन्य व्यक्ति चंद्र शेखर अग्रवाल के परिसर भी शामिल हैं। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि असल में किस कारण से तलाशी की जरूरत पड़ी।

### आप को निशाना बना रही केंद्र सरकार : केजरीवाल

आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भगवान उनकी पार्टी के साथ है और डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि कुछ भी गलत नहीं किया गया है। आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व की केंद्र सरकार भ्रष्टाचार की जांच के नाम पर उनकी पार्टी को निशाना बना रही है।

## दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। नोबेल असेंबली ने कहा कि इन वैज्ञानिकों की खोज जीवों के विकास और कार्यप्रणाली के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। नोबेल समिति के महासचिव थॉमस पर्लमैन ने कहा कि एंब्रोस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में वह शोध किया जिसके कारण उन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। रुवकुन का अनुसंधान मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में किया गया।

## टॉफी के बहाने दुकानदार ने बच्ची से किया दुष्कर्म

### दूसरे समुदाय का है दुकानदार, जानकारी होने पर मामले ने पकड़ा तूल बाजार बंद कर किया हंगामा

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- एसडीएम-सीओ ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किया शांत
- पुलिस ने आरोपी तारिक अंसारी को किया गिरफ्तार, जेल भेजा

**अमृत विचार :** दुकान में सामान लेने गई आठ साल की बच्ची को टॉफी खिलाने के बहाने दुकान में अंदर ले जाकर दुकानदार ने दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची को पांच रुपये दिए और कहा कि यह बात किसी को न बताए। बच्ची को रक्तस्राव हो रहा था। वह अपने घर पहुंची और बेसुध हो गई।

मामला दो समुदायों का होने के कारण तूल पकड़ गया और सोमवार को गुस्साए लोगों ने कस्बे का बाजार बंद कर हंगामा किया। एसडीएम और सीओ ने लोगों को समझाकर शांत किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

उसहैत के एक मोहल्ले की रहने वाली आठ साल की बच्ची रविवार दोपहर अपनी दादी के दूसरे मकान पर गई थी। वहां वह पास की दुकान से कुछ सामान खरीदने चली गई। वार्ड 11 निवासी तारिक अंसारी उसे टॉफी और रुपये का लालच देकर अपनी ड्राइफ्रूट्स की दुकान में ले गया और दुष्कर्म किया। बाद में पांच रुपये देकर कहा कि किसी को न बताए। बच्ची जैसे-तैसे घर पहुंची और बेसुध हो गई। मां ने रक्तस्राव होते देख पूछा तो बच्ची ने रोते हुए घटना के बारे में बताया। मां के होश उड़ गए। वह अपनी सास और देवर के साथ थाने गई और तहरीर दी। पुलिस ने देर रात आरोपी के खिलाफ धमकाने, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की।

सोमवार सुबह विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और व्यापारियों को जानकारी हुई तो मामला तूल पकड़ गया। व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं।

नारेबाजी करते हुए थाने पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। दातागंज धर्मेंद्र कुमार व सीओ उझानी शक्ति पहुंचे और लोगों को शांत किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी तारिक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। व्यापारी शाम को एसएसपी से मिले। एसएसपी ने जल्द विवेचना करके आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने का आश्वासन दिया।

> बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विवेचना करके जल्द चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी।
> – डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी।

## डीजीसीए ने बोइंग-737 के प्रति किया आगाह

नई दिल्ली, एजेंसी


- एयरलाइनों को विमान के दिशा नियंत्रण प्रणाली को लेकर दी सलाह

विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने अपने बेड़े में बोइंग-737 विमानों का इस्तेमाल करने वाली भारतीय एयरलाइंस को दिशा नियंत्रण प्रणाली (रडार) के जाम होने के संभावित जोखिम के बारे में सोमवार को सलाह जारी की। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की हालिया जांच रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। उस रिपोर्ट में कोलिंस एयरोस्पेस एसवीओ-730 दिशा नियंत्रण प्रणाली से लैस बोइंग-737 विमानों से जुड़ी सुरक्षा चिंताएं जताई गई हैं।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने रडार नियंत्रण प्रणाली के जाम होने के संभावित जोखिम को देखते हुए घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए सुरक्षा सिफारिशें जारी की हैं। इस समय बोइंग-737 विमानों का इस्तेमाल एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्पाइसजेट एयरलाइन कर रही हैं।

डीजीसीए ने कहा कि सभी उड़ान कर्मचारियों को दिशा नियंत्रण प्रणाली के जाम या प्रतिबंधित होने की आशंका को लेकर एक परिपत्र/सलाह जारी की जानी चाहिए।

## 35 करोड़ की ठगी का आरोप, 6 बैंक खातों में सिर्फ 640 रुपये





इसी मशीन से जवान बनाने का किया दावा।

### जवानी की मशीन से बूढ़ों को युवा बनाने का आरोपी पहुंचा डीसीपी कार्यालय, दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बोला, मैं ठग नहीं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर, कभी नहीं कहा कि इजराइल से मंगाई मशीन
- डीसीपी और एसीपी ने की पूछताछ, अब आरोपी के दावों की सत्यता परख रही है एसआईटी



**अमृत विचार :** बुजुर्गों को जवान बनाने का झांसा देकर 35 करोड़ रुपये की ठगी का आरोपी स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे सोमवार दोपहर डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचा और बयान दर्ज कराए। खुद को बेकसूर बताते हुए उसने कहा कि उसके 6 बैंक खातों में मात्र 640 रुपये हैं। कंपनी ने कुल 40 लाख का ट्रांजेक्शन किया है। मैं ठग नहीं हूं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर हैं। मैंने कभी नहीं कहा था कि जवानी की मशीन इजराइल से मंगाई है। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा और एसीपी बाबूपुरवा अंजली विश्वकर्मा ने काफी देर तक उससे पूछताछ की, बाद में पुलिस उसे साकेत नगर स्थित जिम ले गई। एसआईटी टीम अब आरोपी के दावों की जांच कर रही है।

जवानी की मशीन से लोगों को झांसा देकर ठगी के आरोपी राजीव दुबे के डीसीपी कार्यालय पहुंचने पर उसे देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। इस पर किदवई नगर थाने से फोर्स बुलाना पड़ा। पुलिस को दर्ज कराए बयान में आरोपी ने 35 करोड़ की ठगी का आरोप निराधार बताते हुए कहा कि वह और पत्नी रश्मि दुबे बेकसूर हैं। आरोपी ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली रेनू सिंह चंदेल को ब्लैकमेलर बताते हुए कहा कि वह और उनके साथी पीछे पड़े हैं। उसके पास आडियो साक्ष्य हैं, पहले 5 लाख फिर 10 लाख, बाद में 18 लाख रुपये की मांग की गई। राजीव ने पुलिस को बताया कि उसने कभी नहीं कहा था कि मशीन इजराइल से मंगाई है। अगर ठगी करनी होती तो पत्नी के नाम का सहारा क्यों लेता और मूल दस्तावेजों का उपयोग क्यों करता। उसके विदेश भागने की बात कही जा रही है, आरोप लगाने वालों को नहीं पता है कि उसका पासपोर्ट डेढ़ वर्ष पहले एक्सपायर हो चुका है।

एसआईटी टीम अब आरोपी के बयान की सत्यता परखने के साथ उसके बैंक खातों की जांच कर रही है। देर शाम आरोपी को साकेत नगर स्थित रिवाइवल वर्ल्ड के ऑफिस ले जाया गया। इसी संस्था के नाम से उस पर ठगी करने का आरोप है। बीती 20 सितंबर को स्वरूप नगर निवासिनी रेनू सिंह चंदेल द्वारा राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद आफिस और कथित मशीन पहले ही सील की जा चुकी है।

> किदवई नगर थाने में पंजीकृत मुकदमे में स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर आरोप था कि इजराइल की मशीन से 60 साल के बूढ़ों को 25 साल का जवान बना दिया जाएगा। इस मामले में सोमवार को राजीव दुबे बयान दर्ज करने डीसीपी कार्यालय पहुंचे। अभी जो धाराएं उन पर लगी हैं, उनमें गिरफ्तारी नहीं है। मामले की सघन जांच की जा रही है, इसके बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपी के बैंक अकाउंट के ट्रांजेक्शन देखे जा रहे हैं। आरोप लगाने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। – **अंकिता शर्मा**, डीसीपी साउथ।

# बिलसंडा में मां दुर्गा का जगराता आज, तैयारी पूरी

**बिलसंडा, अमृत विचारः** शारदीय नवरात्र में होने वाला आदि शक्ति दुर्गा मां का जगराता मंगलवार को नगर के रामलीला मैदान पर रात आठ बजे से शुरू होगा। इसे लेकर आयोजक देर रात तक तैयारियों में जुटे रहे। जागरण में मुख्य यजमान बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा सपत्नीक माता जगदम्बा का श्रृंगार पूजन करेंगे।

मां के जगराते में भजन गायिका कानपुर की रुचि किंकर,रामकुमार लक्खा,प्रिया पुजारन जैसे नामचीन गायकों के बीच मुंबई में सुरीली आवाज का जादू बिखेर चुके पीलीभीत के युवा सिंगर क्षितिज सक्सेना भी शामिल होंगे। भीड़ के मद्देनजर जागरण पंडाल को भव्य रूप देने के लिए विशाल टेंट लगाया गया है।जबकि कार्यक्रम को घरों में पहुंचाने को केवल डिश के माध्यम से लाइव टेलीकास्ट की तैयारी भी की गई है। उधर मां दुर्गा आरती मंडल के तत्वावधान में नगर के देविस्थान मंदिर पर चल रहे दुर्गा महोत्सव में पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवे स्वरुप मां स्कन्द माता की पूजा अर्चना की गई। जिसमें तमाम भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद माता रानी की आरती में हिस्सा लिया।

# गांवों में सफाई हुई न फॉगिंग, दूषित पानी पी रहे ग्रामीण

## निरीक्षण में मिली खामियां, तीन ग्राम पंचायतों के प्रधान, सचिव, सफाई कर्मियों और एडीओ पंचायत का जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अफसरों के आगाह करने के बाद भी ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था बेपटरी मिली। इसका खुलासा डीपीआरओ के निरीक्षण के दौरान हुआ। बरखेड़ा ब्लाक की तीन ग्राम पंचायतों के निरीक्षण में आदेश के बावजूद विशेष सफाई अभियान न चलना पाया गया। फॉगिंग भी नहीं कराई गई। ग्रामीण मानक विहीन हैंडपंप का पानी पी रहे थे। इस पर डीपीआरओ ने जिम्मेदारों की जमकर फटकार लगाई। उन्होंने एडीओ पंचायत समेत तीनों ग्राम पंचायतों के प्रधानों, सचिवों एवं सफाई कर्मियों का जवाब तलब किया है।

जनपद में मलेरिया एवं डेंगू का प्रकोप फैलने के बाद इनसे संबंधित गांवों को चिन्हित करते हुए इसकी सूची पंचायत विभाग को सौंपी गई थी। जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने प्रभावित गांवों के एडीओ पंचायत समेत ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान चलाते हुए फॉगिंग करने और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे। इधर मलेरिया-डेंगू प्रभावित गांवों में चलाए गए सफाई अभियान की हकीकत जानने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने तिथिवार शेड्यूल बनाकर संबंधित एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को आगाह भी किया कि यदि निरीक्षण के दौरान कहीं कोई लापरवाही मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बरखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत ज्योरहा कल्यानपुर, मुड़िया हुलास और डंडिया भगत में साफ-सफाई की हकीकत जानने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान तीनों ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त मिली। तीन ग्राम पंचायतों में निर्देशों और चेतावनी के बावजूद विशेष सफाई अभियान नहीं चलाया गया। एंटी लार्वा का स्प्रे एवं फॉगिंग का कार्य भी सुचारू रूप से नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान मानक विहीन (उथले) हैंडपंप पर रेड क्रास का निशान भी नहीं पाया गया। ग्रामीणों को जागरुक भी नहीं किया गया। इसी कारण ग्रामीण इन्हीं मानक विहीन हैंडपंपों का पानी लोग पीते दिखे। तीन ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य भी ठीक ढंग से संचालित होना नहीं पाया। आरआरसी सेंटर का संचालन भी उचित तरीके होते नहीं मिला। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने संबंधितों की जमकर फटकार लगाई। उन्होंने एडीओ पंचायत समेत तीनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, सचिव एवं सफाई कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य सचिवों को निर्देशित किया है कि जिन ग्राम पंचायतों में निरीक्षण किया जाना है, वहां के सचिव गंभीरता के साथ विशेष सफाई अभियान चलाकर गांव को साफ-सुथरा लें, अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कंसल्टेंट अमित कुमार समेत ग्राम प्रधान एवं सचिव मौजूद रहे।



डंडिया भगत में नाले में उगी घास देख नाराजगी जताते डीपीआरओ। ● अमृत विचार



ज्योरहा कल्यानपुर में गंदगी देख डीपीआरओ ने जताया असंतोष। ● अमृत विचार

> निरीक्षण के दौरान तीन ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान को लेकर खासी लापरवाही बरतना पाया गया। इसको लेकर एडीओ पंचायत समेत तीनों ग्राम पंचायत के प्रधानों, सचिवों एवं सफाईकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अन्य सचिवों को भी चेतावनी दी गई है। यदि निरीक्षण के दौरान कहीं लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – सतीश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी

### कई अन्य ग्राम पंचायतों में भी बदतर हालात

जनपद में 720 ग्राम पंचायतें हैं। महज तीन ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करने के दौरान जो तस्वीर सामने आई, उसे देखकर अफसर भी दंग रह गए। मगर ये धरातल की हकीकत का एक आइना मात्र है। अन्य ग्राम पंचायतों में भी हालात बद से बदतर बने हुए हैं। जिनमें अभी भी जिम्मेदार लापरवाह रवैया अपनाए हुए हैं।

# पीटीआर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ.दक्ष गंगवार को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून में हुआ था कार्यक्रम

**अमृत विचारः** भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्साधिकारी डा. दक्ष गंगवार को वन्यजीवों के सफलतापूर्वक रेस्क्यू करने के लिए वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार जितेन्द्र कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बता दें कि उत्तर प्रदेश से डा. दक्ष गंगवार का नाम भारत सरकार को भेजा गया था, जिसे केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने स्वीकृत किया था। इसके बाद वन्यजीव सप्ताह के दौरान भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून में उन्हें सम्मानित किया गया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के एक बाघ मित्र विनोद कुमार प्रजापति को भी सम्मानित किया गया। बता दें कि डा.दक्ष पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार के पुत्र हैं। बीते साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें पुरस्कृत किया था।

डा.दक्ष गंगवार बिजनौर से लेकर चंदौली तक कई जिलों में जाकर वन्यजीवों को रेस्क्यू कर चुके हैं।उनके सम्मानित होने पर कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष पीएल गंगवार,वाल्टन क्लब के उपाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, समाजसेवी सतीश जायसवाल, मनोज पटेल आदि ने बधाई दी।




देहरादून में सम्मानित होते डॉ .दक्ष गंगवार। ● अमृत विचार






# वृहद परियोजना के तहत बाढ़ से दिलाई जाए निजात

- ट्रांस शारदा क्षेत्र के प्रधानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन
- बोले- बाढ़ ने जमीन के साथ ही छीन लिया रोजगार

**पूरनपुर, अमृत विचारः** बाढ़ पीड़ित ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने वृहद परियोजना के तहत बाढ़ का स्थायी समाधान कराने की मांग की। विधायक और बीडीओ को प्रधानों ने ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि नदी ने किसानों की फसलों को निगलने के साथ ही मजदूरों का रोजगार भी छीन लिया है। बरसात से पहले बाढ़ से निजात दिलाने के लिए कार्य की मांग की गई।

शारदा नदी में हर साल बरसात के दौरान आने वाली बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। इसके बावजूद अभी तक शासन की ओर से ग्रामीणों की इस विकट समस्या के समधान के उपाए नहीं किए गए। सोमवार को इस समस्या को लेकर ट्रांस शारदा क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान विधायक और बीडीओ से मिलने पहुंचे। ग्राम प्रधानों ने विधायक बाबूराम पासवान को समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि भूकटान से गन्ने की फसलें शारदा नदी में समा गई है। इससे गन्ने का रकवा काफ कम रह गया है। इससे सम्पूर्णानगर और एलएच चीनी मिल का पेराई सत्र प्रभावित होगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान वासूदेव कुंडू, शमशेर आलम, मनोज सिंह, तारा देवी, विवेकानंद सरकार, शंकर राय आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम प्रधान।

# छात्रा अना बी को सम्मानित करेंगी राज्यपाल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमए अंग्रेजी की छात्रा अना बी ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में अंग्रेजी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए हैं। उन्हें राज्यपाल सम्मानित करेंगी।

इसको लेकर सोमवार को महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने छात्रा अना बी को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह कालेज के लिए ही नहीं पूरनपुर के लिए भी गौरव के पल हैं। प्राचार्य ने बताया कि 14 अक्टूबर को रुहेलखंड विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षांत समारोह में राज्यपाल छात्रा अना बी को गोल्ड मेडल से सम्मानित करेंगी। कहा कि पूरनपुर क्षेत्र में गन्ना कृषक महाविद्यालय की पहली छात्रा है जिसे राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।



गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रा अना बी को पुरस्कृत करते प्राचार्य।

# नेताजी के विचारों को समर्पित आज की शाम याद-ए-मुलायम



शशांक यादव एडवोकेट
(पूर्व सदस्य विधान परिषद लखीमपुर खीरी)

एक सपना है...नेताजी के विचारों को अमली जामा पहनाने का। एक कोशिश है कि आम आदमी अपनी ताकत को पहचाने। मुलायम सिंह जी एक गांव से निकलकर बिना किसी राजनीतिक विरासत के राष्ट्रीय फलक तक पहुंचे। उनका जीवन संघर्षों की अमर गाथा है। राजनीति में रहते हुए भी समाज के प्रबुद्ध वर्गों के प्रति उनका सम्मान, स्वभाव, वर्तमान राजनीतिज्ञों के लिए सबक है।

अनगिनत साहित्यकारों, कलाकारों, लोक गायकों, अधिवक्ताओं, कवियों को राज्य की ओर से उनकी महत्ता को मान्यता देने के लिए यश भारती पुरस्कार दिए। समाज के इन पुरोधाओं को नेताजी जैसा सम्मान कोई नहीं दे पाया। साहित्यकार सीधे उनसे बात करते थे वह कोई भूल नहीं सकता है। 10 अक्टूबर को नेताजी दिवंगत मुलायम सिंह यादव की पुण्य तिथि पर याद-ए-मुलायम कार्यक्रम के जरिए नेताजी की इच्छा के अनुरूप जनमानस में साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ाने की कोशिश है। खीरी से नेताजी का असीम प्रेम रहा है। अक्सर नेताजी आम चुनाव में प्रचार का आगाज खीरी से ही करते थे। नेताजी की पत्नी का देहांत हुआ और उनके अंतिम संस्कार के तुरंत बाद उन्होंने खीरी जाकर जनसभा को संबोधित किया। इस घटनाक्रम को लोग कभी भूल नहीं सकते।

खीरी में क्रांति रथ से उनका पहला आगमन बिलोबी मैदान में हुआ था। उन्होंने जनसभा को संबोधित किया, तभी से समाजवादी पार्टी के लहर दौड़ गई और उसके बाद धौरहरा के नेता यशपाल चौधरी को सियासत की बुलंदी पर पहुंचा दिया। दिवंगत विधायक डॉ. कौशल किशोर वर्मा के स्वर्गवास के बाद उन्होंने ही उनके पोते उत्कर्ष वर्मा को चुनाव लड़ाने का अंतिम निर्णय लिया। उनके पोते उत्कर्ष में उन्होंने उम्मीद देखी थी, जो इसी साल सांसद बनकर उत्कर्ष ने पूरी की। आनंद भदौरिया के तिलक समारोह में हेलीकॉप्टर से पहुंचकर नेताजी ने आम कार्यकर्ता को जो गौरव की अनुभूति दी थी, वह अमिट हो गई। खीरी में सहकारी क्षेत्र की दो चीनी मिलों क्रमशः संपूर्णनगर व बिलरायां को निजी क्षेत्र में देने का सरकार ने फैसला किया, तब खीरी सपा में तत्कालीन सांसद रवि प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में विरोध किया गया, जिसे नेताजी ने सम्मान देकर चीनी मिलों की बिक्री तत्काल रोकने की घोषणा कर दी। खीरी से नेताजी का नाता कभी नहीं टूटा।

जनता दल से अलग होकर समाजवादी जनता पार्टी और फिर 1992 में समाजवादी पार्टी के गठन तक लखीमपुर खीरी का हर कार्यकर्ता नेताजी से लगाव महसूस करता था। नेताजी ने जिला खीरी से चुने गए अरविंद गिरि और मोतीलाल पैलवी का जिक्र अक्सर जनसभा में करते थे। वह कहते थे कि यदि विचार मजबूत हैं तो जाति-समीकरण मायने नहीं रखते। डॉ. कौशल किशोर को सदैव उन्होंने दलित पिछड़ा गठजोड़ और किसान नेता का सम्मान देकर स्वयंभू जनता दल से बुलाकर सपा से विधायक बनवाया। नेताजी की पारखी आंखों ने निरवेंद्र कुमार मुन्ना, धीरेंद्र बहादुर सिंह जैसों को चुनाव। जिला खीरी को अपने कार्यकाल में उन्होंने लखीमपुर-मैगलगंज, लखीमपुर-मोहम्मदी, शाहजहांपुर-गोला, लखीमपुर दुधवा जैसी चौड़ी हॉट मिक्स सड़कें देकर जिला चमकाया। अपनी 2003 से 2007 की सरकार में पहले बजट में अधिवक्ताओं को चेंबर के लिए घोषणा की। खीरी में उत्तर प्रदेश का पहला चैंबर जिला बना था। खीरी से प्रेम का उनका आलम यह था कि 2004 में विनय कटियार को हराने के लिए उन्होंने निघासन विधानसभा में इतना समय दिया कि वह कार्यकर्ताओं को उनके नाम से पहचानने लगे थे। यह यादें कभी भुलाई नहीं जा सकतीं। हम उन्हें हमेशा दिल में बसाकर सदैव नमन करते रहेंगे।









## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र – क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।**

मास्टर कूपन सं.-6
उपहार ही उपहार
08.09.2024

## आज का मौसम

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

| 32° | 24° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.08 | सूर्यास्त 05.48 |

# जनसहयोग से चमकाए थे चौराहे, अनदेखी से हुए बदहाल

## जिम्मेदारों का हटा ध्यान, गोद लेने वालों ने भी नहीं ली सुध, नगर पालिका ने नहीं दिखाई कोई गंभीरता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** चौराहों के सौंदर्यीकरण की मुहिम चंद सालों में ही दम तोड़ गई। मुहिम की कमान संभालने वाले अफसरों का तबादला होने के बाद अब न तो जिम्मेदारों को इसकी सुध है, न ही चौराहे गोद लेने के लिए आगे आए तमाम सहयोगी कोई रुचि ले रहे हैं। दशा सुधारने की बात तो दूर कोई इस पर बात करता भी नहीं दिख रहा। नतीजतन सौंदर्यीकरण कर चमकाए गए तमाम चौराहों पर बदहाली की मार है।

शहर की सूरत बदलने के लिए प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण से शुरुआत की गई। तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने खुद संज्ञान लेते हुए जनसहयोग से मुहिम को धरातल पर उतारा। वर्ष 2021-22 में 11 प्रमुख चौराहों को चिन्हित करते हुए काम कराया। बरेली हाईवे पर ईदगाह तिराहे पर सौंदर्यीकरण करते हुए उसे टाइगर तिराहा का नाम दिया।

शहर के भीतर नौगवां चौराहा, डिग्री कॉलेज तिराहा, छतरी चौराहा, गौहनिया चौराहा, स्टेशन चौराहा, गन्ना तिराहा, यशवंतरी देवी मंदिर चौराहा, नकटादाना चौराहा, सिविल लाइन तिराहा, कचहरी तिराहा और स्टेशन चौराहा का सौंदर्यीकरण कराया गया था। जिसमें दो फैक्ट्री, तीन स्कूल, दो संस्थाएं समेत कई व्यापारियों ने जन सहयोग किया। कुछ दिन तक इन चौराहों की चमक खूब दिखी। मगर डीएम के तबादला होते ही चौराहों पर बदसूरती छाने लगी। टनकपुर हाईवे पर मां यशवंतरी देवी चौराहे को विद्या मंदिर चौराहा नाम दिया गया। इसी तरह से जिन-जिन चौराहों पर काम हुए उनके नाम सहयोगियों के प्रतिष्ठान से जोड़कर रखे गए। मगर, समय के साथ अब ये मुहिम धरातल पर दम तोड़ती दिख रही है। गोद लेने वाले भी बेपरवाह हो गए और जिम्मेदारों ने भी सुध नहीं ली। जहां कभी रंग बिरंगी लाइट जगमगती थीं। वहां अब झाड़ झंखाड़ और अंधेरा पसरा रहता है। धूल और गंदगी के सिवाए कुछ नहीं दिखता। अमृत विचार की टीम ने चौराहों की मौजूदा स्थिति को कैमरे में कैद किया तो अधिकांश स्थानों पर तस्वीर बद से बदतर हालत में मिली।

- **तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने मुहिम चलाकर कराया था कायाकल्प**
- **विकसित चौराहों पर खूबसूरती की जगह उगी झाड़ियां, रहता है अंधेरा**

### विद्या मंदिर चौराहा




टनकपुर हाईवे पर मां यशवंतरी मंदिर चौराहे को विद्या मंदिर चौराहा का नाम देते हुए खूब काम कराए गए थे। रंग बिरंगी लाइटें लगवाई गईं। पेंसिल की आकृतियों वाली सजावट की गई। जिससे शिक्षा का संदेश दिया जा रहा था। मगर कराए गए काम पर ग्रहण लग चुका है। कई पेंसिल की आकृतियां ही क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। लाइटों की व्यवस्था भी पहले जैसी नहीं रही।

### बनकटी मोड़




टनकपुर हाईवे पर ही सिविल लाइन पुलिस चौकी के सामने बनकटी मोड़ पर सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया। नजदीक में ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व का दफ्तर है। ऐसे में यहां पर पीटीआर का प्रचार प्रसार भी किया गया था। शुरुआत में शहरवासियों खासकर बच्चों में इसका क्रेज अधिक रहा। परिवार समेत लोग पहुंचते थे सेल्फी लिया करते थे।

### गन्ना तिराहा




टनकपुर हाईवे पर एलएच चीनी मिल मोड़ के पास सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया। इसे गन्ना तिराहा का नाम दिया गया था। यहां पर भी आसपास काफी सफाई कराई गई थी। मगर, अब न तो इसकी कोई देखरेख है। आसपास की सड़क भी जर्जर हो चुकी है। धूल की मोटी परतें जमा हैं। तिराहा शुरुआत में जितना चमकाया गया, अब उसकी हालत बद से बदतर है।

### रोटरी चौराहा




शहर के व्यस्ततम नौगवां चौराहा पर भी काफी काम हुआ था। इसे रोटरी चौराहा का नाम दिया गया था। चौराहा पर रोशनी के पुख्ता इंतजाम किए गए। सौ मीटर दायरे से अतिक्रमण हटवाया गया। शहर में प्रवेश करने वाले बाहरी लोगों की भी नजर पड़ी तो जमकर तारीफ की गई। शहरवासियों के लिए ये सेल्फी प्वाइंट से कम नहीं था। वर्तमान में यहां की टाइल्स उखड़ी पड़ी है। साफ सफाई पर भी किसी का ध्यान नहीं है। ये चौराहा भी बदहाली बयां कर रहा है।

### एक साल पूर्व किए थे प्रयास..नहीं बन सकी बात

नगर पालिका के स्तर से एक साल पहले चौराहों की तस्वीर पुनः सुधारने के लिए प्रयास किए गए थे। जिम्मेदारों ने तर्क दिया था कि इन चौराहों को संवारने का जिम्मा जिन लोगों ने लिया था। उन सभी को पत्र जारी किए जाएंगे। जिसने जो चौराहे गोद लिए हैं, उनकी मरम्मत कराएं। पुनः चौराहे पहले की तरह चमक सके। जिसमें नगर पालिका भी सहयोग करेगी। चौराहों का सौंदर्यीकरण गोद लेने वाले नहीं कराते हैं तो नगर पालिका अपने स्तर से कराएगी। मगर इस प्रयास पर भी बात नहीं बन सकी।

### 100 मीटर का हिस्सा चमकाया, अब पुराने जैसे हालात

चौराहों का सौंदर्यीकरण करने के दौरान प्रशासन ने अतिक्रमण को लेकर भी सख्ती की थी। संबंधित चौराहों के चारों तरफ के सौ मीटर में फड़, खोखा और फ्लैक्स आदि लगाने पर प्रतिबंध लगाया था। जेसीबी चलाकर कार्रवाई भी की गई थी। मगर अब चौराहों की सूरत पुनः पहले जैसी हो चुकी है। अतिक्रमण हटवाने की कोई सुध नहीं लेता। फ्लेक्स बोर्ड की भी भरमार हो चुकी है। सड़कें भी खस्ता हाल हैं।

### फ्लाईओवर निर्माण में हटानी पड़ी बांसुरी

असम रोड चौराहे पर कराया गया सौंदर्यीकरण कार्य सर्वाधिक सुर्खियों में रहा था। पीलीभीत की सुप्रसिद्ध बांसुरी के नाम पर यहां काम कराया गया था। यहां चौराहे का सौंदर्यीकरण कराने के बाद बांसुरी स्थापित की गई थी, जोकि जनपद की पहचान के तौर पर देखी गई। मगर बीते सालों में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। जिसकी वजह से लगाई गई बांसुरी भी यहां से हटाई जा चुकी है। हालांकि जिम्मेदार इसे फ्लाईओवर का काम पूरा होने के बाद दूसरी जगह स्थापित कराने की बात कह रहे हैं। मगर वर्तमान में कराए गए काम नहीं दिखते।

## चोरों ने नकब लगाकर दुकान से समेटा सामान



चोरों द्वारा दुकान में लगाया गया नकब।

**बीसलपुर,अमृत विचारः** ग्रामीण अंचलों में चोरों की दस्तक नहीं थम सकी है। अब चोरों ने ग्राम अमृता खास में दस्तक देकर दो स्थानों पर वारदात की। नकब लगाकर दुकान में रखा हजारों का सामान समेट ले गए। जबकि एक छप्पर के बाहर बंधी भैंस भी चोरी कर ली गई। घटना रविवार रात हुई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमृता खास में मुख्य चौराहे पर प्रेम शंकर की बेल्डिंग की दुकान है। देर रात चोरों ने दुकान को निशाने पर लिया। दीवार में नकब लगाकर चोर भीतर घुस गए। इसके बाद यहां रखा बैटरा, इन्वर्टर, बेल्डिंग मशीन, दो हजार रुपये, एंगिल समेत करीब पचास हजार कीमत का सामान समेट ले गए। कुछ ही दूरी पर सहोदरा देवी पत्नी स्वर्गीय पूरनलाल के छप्पर में बंधी साठ हजार कीमत की भैंस और उसका पड्डा भी चोरी कर लिया। सुबह दुकान पहुंचने पर नकब लगा देखा तो होश उड़ गए। चोरी के शोर पर भीड़ जमा हो गई। दरोगा उमाशंकर वर्मा ने पुलिस बल के साथ मौका मुआयना कर जानकारी की।पुलिस ने आसपास प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक की। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## एक नजर

### शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा, निस्तारण की मांग

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मरौरी इकाई ने सोमवार को खंड शिक्षाधिकारी को शिक्षकों के चयन वेतनमान से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि चयन वेतनमान में कुछ विसंगतियां हैं। उन्हें दूर करने की मांग की गई। कहा कि 2020 में प्राप्त चयन वेतनमान के वेतन निर्धारण में हुई विसंगतियों को अभी तक दूर नहीं किया गया है। जिससे शिक्षकों को वित्तीय लाभ नहीं मिल रहे हैं। ज्ञापन देने में बाबूराम गंगवार, लालकरन, राजीव गुप्ता, दीपिका मित्तल, बबीता मित्तल, संगीता, राम कुमार, ब्रह्मदेव तिवारी, राजीव सक्सेना, अचल सक्सेना, अरविंद, अरुण मिश्रा, हिमांशु आदि रहे।

### छुट्टा गोवंश से टकराई बाइक, एक घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** पत्नी को मायके छोड़कर घर लौट रहे युवक की बाइक छुट्टा गोवंश से टकरा गई। गजरौला क्षेत्र के ग्राम नगरिया के पूरनलाल (27) पुत्र चुन्नीलाल शनिवार को बाइक से पत्नी कौशल्या को जनपद बरेली के थाना क्योलड़िया के गांव सिलरा छोड़ने गए थे। रविवार शाम वापस आ रहे थे। बरखेड़ा पीलीभीत मार्ग पर पौटा कलां के पास छुट्टा गोवंश से बाइक टकरा गई। हादसे में पूरनलाल घायल हो गए। 108 एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया।

### दुकान में घुसकर पिता-पुत्र को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे के रहने वाले तेजपाल भारती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। एक अक्टूबर की रात सवा आठ बजे दौलतपुर मार्ग पर स्थित अपनी दुकान पर थे। इस दौरान तीन लोग आए और समूह लोन की किशत को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। पहले तो तीनों चले गए और कुछ देर बाद सात अज्ञात लोगों को लेकर दोबारा आए। दुकान में घुसकर मारपीट की। पुत्र रामजी भारती बचाने आया तो उसे भी पीटा। आरोपी धमकी देकर भाग गए।

# बैठक में कायस्थ सेवा समिति और युवा प्रकोष्ठ का विस्तार



मोहल्ला सुनगढ़ी में हुई बैठक में मौजूद कायस्थ समाज के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** कायस्थ सेवा समिति और युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का सोमवार को विस्तार किया गया।

शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी स्थित कायस्थ भवन में कायस्थ सेवा समिति के अध्यक्ष अवनीश सक्सेना ने बैठक की अध्यक्षता की। कायस्थ सेवा समिति की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बृज बिहारी लाल सक्सेना, सुभाष सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना, अनिल कमल, डॉ. पीएन सक्सेना, डॉ मुकेश सक्सेना संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया। मुकेश सक्सेना शीलू, हितेश भटनागर, रजत सक्सेना पूरनपुर, अशोक सक्सेना उपाध्यक्ष, सुधीर जौहरी, कमल सक्सेना, नितिन प्रभात मंत्री, सभासद साकेत सक्सेना प्रचार मंत्री व मीडिया प्रभारी बनाए गए। सुमित सक्सेना संगठन मंत्री, मोहित सक्सेना आय व्यय निरीक्षक, अखिलेश सक्सेना सांस्कृतिक मंत्री, विमल सक्सेना कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। युवा प्रकोष्ठ में विशाल सक्सेना, सर्वेश सक्सेना, नितेश सक्सेना उपाध्यक्ष, विनायक वर्मा महामंत्री, आयुष सक्सेना मंत्री, अजय सक्सेना मंत्री, नितिन सक्सेना व संजीव उपमंत्री बनाए गए।

# हेलमेट देता जीवनदान, इसका रखें मान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ**
- **सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम**

**अमृत विचारः** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत गांधी स्टेडियम में लोगों को यातायात नियम पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ ग्रहण कराई गई। बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं भी शामिल हुए। इस दौरान नियमों की अनदेखी से जीवन को होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया।

बता दें कि गांधी जयंती के दिन से ही सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चल रहा है। इसी के तहत सोमवार सुबह गांधी स्टेडियम में एक कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण कराई। छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। डीआईओएस डॉ. अचल कुमार मिश्र ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन न करने पर होने वाले नुकसान बताए। कहा कि कोई भी छात्र जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है व जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है वह गाड़ी कदापि न चलाएं। जनपदीय सड़क सुरक्षा नोडल इन्तजार खान ने भी छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में यातायात नियमों का पालन करने की सीख दी।




सड़क सुरक्षा पखवाड़े के दौरान शपथ दिलाते एआरटीओ। ● अमृत विचार

साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. जावेद अहमद, राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, अख्लाक हसन खां, फिरोज अहमद , जिला क्रीड़ा सचिव राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# जांच में टीम को स्ट्रक्चर मिले अधोमानक, अंतरिम रिपोर्ट भेजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पांच सदस्यीय टीम ने रिपोर्ट में परिसंपत्तियों के निर्माण में जताई घपलेबाजी की आशंका**
- **बीसलपुर-शाहजहांपुर प्रस्तावित हाईवे के एलाइनमेंट में बने गोदामों व भवनों का मामला**

**अमृत विचारः** बीसलपुर-शाहजहांपुर प्रस्तावित हाईवे के भूमि अधिग्रहण में हुए खेल की जांच करने गई टीम को अधिकांश स्ट्रक्चर अधोमानक मिले। टीम ने अंतरिम रिपोर्ट विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बरेली को भेजी है। रिपोर्ट में टीम में स्ट्रक्चर निर्माण को लेकर मंशा ठीक न होने का अंदेशा जताया है। फिलहाल टीम ने स्ट्रक्चरों की जांच ढंग से न हो पाने के कारण अतिरिक्त समय भी मांगा है। बता दें कि प्रस्तावित हाईवे के भूमि अधिग्रहण में भू-उपयोग परिवर्तन एवं परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में गड़बड़ी की शिकायत मंडलायुक्त से की गई थी।

बरेली-पीलीभीत-सितारगंज फोरलेन के भूमि अधिग्रहण में किए गए घोटाले का मामला पूरी तरह शांत नहीं हो सका है कि इसके बाद 47 किमी लंबे प्रस्तावित बीसलपुर-शाहजहांपुर हाईवे के भूमि अधिग्रहण में खेल सामने आ गया। प्रस्तावित हाईवे में बीसलपुर क्षेत्र की सर्वाधिक भूमि अधिग्रहित की गई है। बताते हैं कि उत्तराखंड, लखनऊ आदि से आए बाहरी लोगों ने किसानों को लालच देकर हाईवे के एलाइनमेंट की जमीनें खरीद लीं। इन फर्जीवाड़ा करने वालों ने मोटा मुआवजा हड़पने की नियत से खरीदी गई जमीनों पर बिना नक्शा पास कराए ही बड़े-बड़े गोदाम और अन्य भवन बनवा दिए। इन जमीनों की खरीद पिछले वर्ष सितंबर में की गई थी, जबकि नोटिफिकेशन 29 दिसंबर 2023 को जारी हुआ था। खेल उजागर होने के बाद मंडलायुक्त से प्रस्तावित हाईवे के भूमि अधिग्रहण में भू उपयोग परिवर्तन एवं परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में गड़बड़ी की शिकायत की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर डीएम संजय कुमार सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट को पांच सदस्यीय टीम गठित कर जांच करवाने के निर्देश दिए थे। इधर एसडीएम बीसलपुर की अगुवाई में पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस के अधिशासी अभियंता, एआईजी स्टांप, एनएच के प्रतिनिधि स्ट्रक्चरों की जांच की। बताते हैं कि टीम को जांच के दौरान अधिकांश स्ट्रक्चर अधोमानक मिले।

किसी का छज्जा झूलता मिला तो किसी में पहुंचने का रास्ता ही नहीं बनाया गया। वहीं कुछ स्ट्रक्चर में ऊपरी तल पर जाने के लिए सीढ़ियां ही बनी नहीं पाई गईं। फिलहाल जांच के बाद टीम ने अंतरिम रिपोर्ट विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बरेली को भेज दी है। भेजी गई रिपोर्ट में टीम ने स्ट्रक्चरों का निर्माण ठीक मंशा से होने का अंदेशा जताया है। इधर पांच सदस्यीय टीम ने स्ट्रक्चरों की जांच ठीक ढंग से न हो पाने के कारण अतिरिक्त समय मांगा है, ताकि सही ढंग से जांच की जा सके।

> पांच सदस्यीय टीम ने अंतरिम जांच रिपोर्ट एसएलओ बरेली को भेज दी है। स्ट्रक्चरों की जांच सही ढंग से न हो पाने के कारण टीम ने जांच के लिए और समय मांगा है। – **विजय वर्धन तोमर, सिटी मजिस्ट्रेट।**

# तटबंध न बनाए जाने तक धरना जारी रखने की चेतावनी

संवाददाता, पूरनपुर

- **धरना-प्रदर्शन में तीसरे दिन बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाएं**

**अमृत विचारः** राहुल नगर मजदूर बस्ती में भाकपा माले का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धनारा घाट से खिरकिया बरगदिया तक स्थाई तटबंध बनाने आदि की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहा। सोमवार को धरने में महिलाएं पहुंची और समर्थन किया।

भाकपा माले के जिला सचिव देवाशीष राय ने कहा कि विगत कई वर्षों से चंदिया हजारा से राहुल नगर और खिरकिया तक के लोग नदी के कटान और बाढ़ से तबाह हो रहे हैं। जिम्मेदार इस तबाही से लोगों को बचाने के बजाय राहत, बचाव कार्य और तटबंध बनाने के नाम पर करोड़ों रुपये हजम कर चुके हैं। पिछले साल चंदिया हजारा क्षेत्र के लोगों ने 102 दिनों तक अनशन के दौरान भाजपा नेता और प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को बचाने का वायदा किया था लेकिन ग्रामीणें के साथ धोखा किया गया। ठोकर बांध बनाने के नाम पर करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया। इसके चलते गत दिनों पहले आई बाढ़ क्षेत्र में कटान हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक धनाराघाट से खिरकिया बरगदिया तक स्थाई ठोकर बांध बनाने की कार्रवाई नहीं शुरू की जाती है तब तक भाकपा माले का आंदोलन चलेगा।

धरने में कांति देवी, सुशीला देवी, मुन्नी देवी ,अनीता देवी, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, मीरा देवी आशिया खातून ,ममता, मुन्नी देवी,पाना देवी, शर्मिला, आमेला, इंद्रावती देवी, शांति देवी, दमयंती, कमलावती देवी, शेरन निशा ,पूर्णिमा ,कुसुम लीलावती, शेफाली आदि मौजूद रही।




राहुल नगर मजदूर बस्ती में चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

# कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्र की एक महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है।जिसमें पीड़िता ने बताया कि गांव में पीपल के पास उनकी खाली जगह है। जिस पर वह मकान बनवाना चाहती है। मगर, कुछ लोग उस जगह पर शौच कर गंदगी फैलाते हैं। जिसका विरोध करने पर आरोपी झगड़ा करने पर उतारू होते हैं। आरोपियों को पीपल के पास खड़ा देख शौच करने से मना किया तो उनकी व पति की पिटाई कर दी गई।उस वक्त पुलिस से शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी धीरज कुमार, छोटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है नशा



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** मोहल्ला शेर मोहम्मद स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में सोमवार को हुए कार्यक्रम में 50 युवा शामिल रहे। नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन से युवाओं को छुटकारा दिलाने के लिए जागरूक करना मुख्य उद्देश्य रहा।

मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य महेश बाबू ने कहा कि हमें नशा मुक्त रहना चाहिए। रिटायर्ड शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि देश एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। युवाओं में नशे की लत और मादक द्रव्यों के सेवन का प्रचलन बढ़ा है। यह लत ने केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। भविष्य के अवसरों को भी खतरे में डालती है। समाजसेवी उर्मिला देवी ने युवाओं को ज्ञान और कौशल से जागरुक किया। इस मौके पर आकाश कुमार,अभय भारती, सोनू, रिहाना, फैजान, आदिल, उमरा आदि मौजूद रहे ।

**अनदेखी** शासन से मिला है साढ़े चार लाख का बजट, मेडिकल कॉलेज बनने के बाद भी सुविधा नहीं

# बजट आए बीत गए दो साल, अभी तक नहीं बनी ऑडियोमेट्री लैब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कान की जांच कराने को मरीजों को जाना पड़ रहा निजी सेंटर**

**अमृत विचार :** कान की जांच करने के लिए जिला अस्पताल में ऑडियोमेट्री लैब बनाने का प्रस्ताव स्वीकृति हुए दो साल हो गए, बजट भी दे दिया गया। लेकिन, जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अभी तक ऑडियोमेट्री लैब स्थापित नहीं हो सकी है। जबकि डॉक्टर मरीजों को पीटीए जांच लिख रहे हैं। ऐसे में मरीजों को मजबूरी में निजी लैब में जांच कराना पड़ रही है। इस वजह से मरीजों की जेब पर अतिरिक्त खर्च पड़ रहा है।




मेडिकल कॉलेज का ओपीडी ब्लॉक।

मेडिकल कॉलेज बनने से पहले जिले में संयुक्त चिकित्सालय संचालित होता था। जहां महिला और पुरुष अस्पताल संबद्ध था। ओपीडी में लोग कान की समस्या लेकर आते हैं। जो कम सुनने की क्षमता से ग्रसित होते हैं। जिसकी जांच के लिए ऑडियोमेट्री लैब में होती है। मरीजों के कान के सुनने की क्षमता को ध्वनियों उनकी प्रबलता तरंग कंपन के माध्यम से जांच की जाती है, लेकिन लैब न होने के कारण मरीजों की जांच नहीं हो पा र ही है। इसको देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के बधिरता कार्यक्रम के अंतर्गत चार साल पहले जिला अस्पताल में साउंडप्रूफ ऑडियोमेट्री कक्ष की स्थापना के लिए 4.50 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई थी। धनराशि मिलने के बाद सीएमओ की ओर से अस्पताल प्रशासन को धनराशि हस्तांतरित कर ऑडियोमेट्री कक्ष की स्थापना के लिए निर्देश दिए गए।

इसके बावजूद अभी तक ऑडियोमेट्री कक्ष का निर्माण नहीं हो सका है। जबकि अब अस्पताल मेडिकल कॉलेज में तब्दील हो चुका है। इसके बाद भी लैब स्थापित नहीं कराई गई है। मेडिकल कॉलेज में ईएनटी डॉक्टर कान की समस्या लेकर आने वाले कई मरीजों को प्योर टोन आडियोमेट्री (पीटीए) जांच लिख रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में आडियोमेट्री जांच की सुविधा न होने के कारण मरीजों को प्राइवेट सेंटरों पर जाकर जांच करानी पड़ रही है। जहां मरीजों की जेब पर एक हजार से 1800 रुपये तक का बोझ पड़ रहा है। इसके बाद भी अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

> मेडिकल कॉलेज की ओर से आडियोमेट्री मशीन खरीदी जा चुकी है। अस्पताल में ऑडियोमेट्री कक्ष की स्थापना एनएचएम बजट से होनी है, जिसके लिए सीएमओ को पत्र भेजा गया है। ऑडियोमेट्री कक्ष की स्थापना होते ही हम मशीन इंस्टॉल करवा देंगे। – **डॉ .संगीता अनेजा, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज**

> – ऑडियोमेट्री कक्ष की स्थापना के लिए दो वर्ष पूर्व ही धनराशि प्राप्त हो गई थी। धनराशि को शासन की गाइडलाइन के साथ जिला अस्पताल हस्तांतरित कर दी गई थी। इसके बाद भी ऑडियोमेट्री कक्ष स्थापित नहीं हो सका है, जिसके लिए अनुस्मारक भेजा गया है।– **डॉ . आलोक कुमार, सीएमओ**

> तत्कालीन सीएमएस के कार्यकाल में ही वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है। कार्यदायी संस्था के कर्मचारी दो बार अस्पताल का दौरा भी कर चुके हैं, ईएनटी डिपार्टमेंट के एचओडी की ओर से अभी तक ऑडियोमेट्री कक्ष की स्थापना के लिए स्थान का निर्धारण नहीं किया गया है। – **डॉ .रमाकांत सागर, सीएमएस**

### दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए भी बरेली की दौड़

सामान्य मरीजों की जांच करने के लिए मेडिकल कॉलेज में ऑडियोमेट्री लैब नहीं होने से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी काफी जद्दोजहद करना पड़ती है। नियम है कि कान वाले मरीजों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जांच कराई जाती है। इसके लिए डॉक्टर उनके कान की जांच के लिए बरेली स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता है। जहां उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। रिपोर्ट मिलने के बाद उन्हें पुनः मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता है।

# परिवार समेत खुदकुशी करने पहुंचा किसान

## तहसील पहुंचकर बोला- फसल बचाना मुश्किल, एसडीएम ने आश्वासन देकर लौटाया

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** परिवार के सदस्यों के साथ एक ग्रामीण तहसील पहुंचा। उसका कहना था कि प्रधान पति की ओर से कराए जा रहे मनमाफिक निर्माण कार्य से उसके खेत में फसल बचाना मुश्किल हो चुका है। परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएगा। ऐसे में वह खुदकुशी करने के लिए आया है। जिसके बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। सामूहिक रूप से खुदकुशी करने के लिए ग्रामीण के आने की बात पता चलते ही एसडीएम ने फरियाद सुनी। खुद मौका मुआयना कर जांच करने के बाद समाधान कराने का आश्वासन देकर ग्रामीण को संतुष्ट किया। जिसके बाद शिकायत पत्र देकर परिवार समेत वापस चला गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोगापुर निवासी मलखान सिंह सोमवार को पत्नी रेनू देवी, भाभी रामश्री, भतीजे अमित आदि परिजन के साथ तहसील पहुंचे। उनका कहना था कि वह सामूहिक रूप से खुदखुशी करने के लिए आए हैं। बताया कि गांव में उसका खेत है।

इसके पूर्व दिशा में नाली चल रही थी। इस नाली को प्रधान पति ने बंद करके खड़ंजा डलवा दिया, जिससे उसके खेत में तालाब का पानी भर रहा है। उसकी फसल लगातार नष्ट हो रही है। इसके अलावा प्रधान पति पश्चिम वा दक्षिण दिशा में चकरोड बनवाना चाहते हैं। उनके द्वारा ऐसा करने से पानी का निकास पूरी तरह से बंद हो जाएगा। गांव के तालाब का पानी उसके खेत में एकत्र हो जाएगा। खेत में फसलें होना बंद हो जाएगी, जिससे उसका परिवार का भरण पोषण भी बंद हो जाएगा। नाली को पुनः खुलवाकर न्याय उचित कार्रवाई की जाए। उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने पीड़ित परिवार को मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर ग्रामीण व उसका परिवार संतुष्ट होकर अपने घर वापस लौट गया।


परिवार संग तहसील पहुंचा ग्रामीण। ● अमृत विचार

" एक ग्रामीण समस्या लेकर आया था। पानी के निकास को लेकर दिक्कत बताई है। मौका मुआयना कर वास्तविक स्थिति का पता किया जाएगा। इसके बाद समस्या का समाधान प्राथमिकता पर कराएंगे। – **नागेंद्र पांडेय, एसडीएम**

- **प्रधान पति ने खड़ंजा बनाकर बंद कर दी नाली, खेतों में भर रहा गंदा पानी**
- **एसडीएम ने सुनी फरियाद, जांच कर शीघ्र समाधान कराने का विश्वास दिलाया**

### लेखपाल की आख्या पर उठाए सवाल

तहसील पहुंचे ग्रामीण ने एक लेखपाल की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उसका कहना था कि खेत के पास जहां पर नाली थी, उसमें खड़ंजा पड़ चुका है। नाली पूरी तरह से बंद है। इसके बावजूद लेखपाल ने अपनी आख्या में 24 जून को उक्त स्थान पर नाली का चलना अंकित दर्शाया है, जोकि गलत है। इसकी भी जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की।

## भाकियू की पंचायत में उठे कई मुद्दे

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानू की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत सोमवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल गंगवार ने की।

उन्होंने कहा कि ललौरीखेड़ा ब्लॉक की समस्त पंचायतों में छुट्टा पशुओं का आतंक है, जिससे किसान परेशान है। तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने कहा कि गन्ना पेराई सत्र 2024 -25 शुरू होने वाला है लेकिन किसान को यह पता ही नहीं है कि हमारा गन्ना किस भाव मे बिक्री होगा। अभी सरकार ने गन्ना मूल्य तय नहीं किया है। गन्ने का मूल्य लागत के अनुसार 400 से 450 रुपये प्रति कुंतल होना चाहिए। जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि ललौरीखेड़ा ब्लॉक की समस्त ग्राम पंचायत में पात्र परिवारों को चिन्हित कर मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। इस मौके पर रामगोपाल प्रजापति, बालमुकंद प्रजापति, रामबहादुर, महेंद्रपाल कश्यप, सुरेश कुमार, शीशपाल, बेणीराम मौर्य, पूरनलाल, डालचंद मौर्य, महेंद्र पाल, विद्याराम, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# एलएच चीनी मिल के बॉयलर में अग्नि प्रज्ज्वलित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** एलएच शुगर मिल में पेराई सत्र से पूर्व विधि विधान से बॉयलर पूजन किया गया। हवन पूजन के बाद बॉयलर में अग्नि प्रज्जवलित की गई। इस दौरान मिल प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

शहर स्थित एलएच शुगर मिल का पेराई सत्र आगामी नवंबर के प्रथम सप्ताह में शुरू होने जा रहा है। पेराई सत्र से पूर्व मिल परिसर में सोमवार को विधि विधान से बॉयलर पूजन किया गया। बॉयलर पूजन में मुख्य यजमान मिल डायरेक्टर आयुष अग्रवाल एवं अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह रहे। पंडित अंशुमान मिश्र, पंडित नरोत्तम मिश्रा, पंडित मणिकांत एवं पंडित विवेक मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन एवं आरती का कार्य संपन्न कराया। हवन पूजन के बाद सभी बॉयलरों की पूजा अर्चना कर अग्नि प्रज्जवलित किया गया। हवन पूजन में चीनी मिल के उपाध्यक्ष (उत्पादन) जीपी गोयल, उपाध्यक्ष (इंजी) आरसी मिश्रा, प्रधान प्रबंधक (गन्ना) केबी शर्मा, प्रधान प्रबंधक (आसवनी) रंजन मिश्रा, प्रधान प्रबंधक (पॉवर प्लांट) नवीन कुमार, कारखाना प्रबंधक आशीष गुप्ता, राजवीर सिंह, अनिल यादव, प्रदीप अग्रवाल, इंद्रेश वर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी आशीष दुबे, राजनारायण अवस्थी समेत अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।


बॉयलर पूजन के दौरान हवन में आहुतियां देते अधिकारी। ● अमृत विचार

- **मिल परिसर में विधि विधान से की गई पूजा अर्चना**
- **नवंबर के प्रथम सप्ताह से शुरू होगा चीनी मिल का पेराई सत्र**

### महिला को भेजा जेल

**पूरनपुर :** नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा की रहने वाली साक्षी की 11 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस ममले में पुलिस ने पति सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस महिला के पति हिरदेश और उसके ससुर बृजेश को जेल भेज चुकी है। सोमवार को पुलिस ने मुकदमे में तीसरी आरोपी महिला गीता देवी को भी जेल भेज दिया। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि दो आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

# नेशनल हाईवे पर ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल


हादसे के बाद कस्बा अमरिया में लगी भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार:** बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

हादसा सोमवार दोपहर कस्बा अमरिया बाजार में हुआ। क्षेत्र के गांव जिठनियां के ओम प्रकाश (45) और दयाराम (30) नूरपुर अभयराजपुर गांव में धान तुलवाने गए थे। इसके बाद दोनों बाइक पर सवार होकर अमरिया बाजार आए थे। इस दौरान ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। चालक ट्रक लेकर सितारगंज की ओर भाग गया। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। आनन-फानन में घायलों को सीएचसी भेजा गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एसओ ब्रजबीर सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाला ट्रक पकड़कर कब्जे में लिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# 25वीं पुण्यतिथि पर शहीद राजेश राठौर को दी श्रद्धांजलि



शहीद राजेश राठौर की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर के लायंस बाल विद्या मंदिर स्कूल में सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ रहे शहीद राजेश राठौर की 25वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

रामपुर स्थित सीआरपीएफ के हेडक्वार्टर के सहायक कमांडेंट रणवीर सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर शहीद राजेश राठौर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बताया कि वह नक्सलवादियों से मोर्चा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। शहीद के परिजनों व स्कूल के अध्यापक, छात्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि दी। उनके पिता राजबहादुर ने कहा कि उनका पुत्र बहुत बहादुर था। वह अपने देश के लिए शहीद हुआ। उसकी शहादत पर गर्व है। इस मौके पर मनोज, उषा, पवन शालिनी, कपिल, शिखा, सूर्यांश उन्नति, अनिरुद्ध, जानवी, शिवाय, नेमिष, सीए संजय अग्रवाल, अजय राठौर, सतीश शर्मा, राजेश कुमार मौजूद रहे।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रात:- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. नि:शूल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

## एक नजर

### पटाखा दुकानें चेक कीं

**पूरनपुर, अमृत विचार :** एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने सीओ विशाल चौधरी के साथ पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों लाइसेंस, अग्नि रक्षक उपकरण आदि देखे। मानक के अनुरूप दुकानें संचालित करने के निर्देश दिए।

### राकेश टिकैत ने परिजनों को बंधाया ढांढस

**पूरनपुर, अमृत विचार :** थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा के कारज सिंह की 27 सितंबर को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। सोमवार को मृतक के अंतिम अरदास में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मृतक कारज सिंह के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया।

### डेलीगेट को प्रमाण पत्र सौंपे

**पूरनपुर, अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल में सोमवार को द्वितीय चरण की प्रक्रिया में डेलिगेट की अंतिम सूची प्रदर्शित की गई। चुनाव में 95 डेलीगेट निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। पांच पदों पर चुनाव हुआ था। विजेता प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी, सीसीओ अजय यादव, सहायक निर्वाचन अधिकारी अजय देवल, निर्वाचन प्रभारी रामसनेही वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बीडीसी की बैठक संपन्न

**पूरनपुर, अमृत विचार :** ब्लाक सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। इसमें बीडीसी सदस्यों ने अपनी समस्याएं रखीं और उनके निस्तारण की मांग की। बैठक में ब्लाक प्रमुख मानसी सिंह, विधायक बाबूराम पासवान, बीडीओ शिरीष वर्मा, निर्विकार सिंह, कौशल बाजपेई, ध्रुव सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीनियर वर्ग 800 मी. दौड़ में मनोज-ज्योति ने मारी बाजी

## 68वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


गांधी स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता में में प्रतिभाग करते छात्र। ● अमृत विचार


मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का स्वागत कर ले जाते छात्र।


विजेता छात्रा को बधाई देते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग की तीन दिवसीय 68वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सोमवार से गांधी स्टेडियम में शुरू हुई। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल संजय सिंह गंगवार ने आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़कर शुरुआत कराई। विभिन्न कॉलेजों और माध्यमिक,बेसिक विद्यालयों से आए बच्चों ने राज्यमंत्री को सलामी दी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज,वीरांगना अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज, इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज, ज्ञान प्रशांत मेमोरियल बालिका कॉलेज की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सीनियर बालक वर्ग, बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। बालक वर्ग में एसएन इंटर कॉलेज के मनोज कुमार प्रथम, पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर के अमित द्वितीय, इसी कॉलेज के सूरज तृतीय स्थान पर रहे। जबकि बालिका वर्ग में वीरांगना अवंती बाई कॉलेज की ज्योति पंत प्रथम, एसआरजी इंटर कॉलेज पुरैना की काजल द्वितीय, वीरांगना अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज की शीतल तृतीय स्थान पर रही। जूनियर बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पूरनपुर की तंजीम खान प्रथम, एसआरएम इंटर कॉलेज बीसलपुर के कुंवर पाल द्वितीय ,जहानाबाद इंटर कॉलेज के शारिक खां तृतीय रहे।

बालिका वर्ग में वीरांगना अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज की लक्ष्मी प्रथम, चौधरी निहाल सिंह इंटर कॉलेज की कुमकुम द्वितीय, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर की तृप्ति तृतीय रही। सब जूनियर 800 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में सरस्वती विद्या मंदिर पूरनपुर के पुष्पेंद्र सिंह प्रथम ,पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर के गुरप्रीत द्वितीय ,जूनियर हाई स्कूल पुरैनिया बरखेड़ा के पुष्पेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। सब जूनियर 600 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में एसआर बालिका इंटर कॉलेज की रुचि प्रथम, गुरुनानक पब्लिक इंटर कॉलेज करनापुर की दीपा द्वितीय ,चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर की प्रीति वर्मा तृतीय रही। सीनियर बालक वर्ग की लंबी कूद में जहानाबाद इंटर कॉलेज के तैजीव प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज गभिया के धर्मवीर द्वितीय, जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज बीसलपुर के मोहित तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग की लंबी कूद में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत की पायल प्रथम ,वीरांगना अवंती बालिका इंटर कॉलेज की छाया द्वितीय, एसआर इंटर कॉलेज पुरैना की माया तृतीय रही। सब जूनियर गोला फेंक प्रतियोगिता में जूनियर हाईस्कूल बूंदी भूड़ की सुजीता प्रथम, अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज की सलोनी द्वितीय, जूनियर हाई स्कूल बूंदी बोर्ड की श्वेता तृतीय रही। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, जिला क्रीड़ा सचिव राजेश शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, हरद्वारी लाल, हामिद अली,संजय पांडे, रीना मिश्रा, अनीता जोशी, विजय लक्ष्मी, जय हिंद मौर्य , राजीव मिश्रा,विभा मिश्रा, जाहिद, मीना कुमारी आदि मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार में खिलाड़ियों को मिला सम्मान

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जब से देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है। तब से निरंतर खिलाड़ियों को सरकार सुविधाएं देने का काम कर रही है। राज्य और नेशनल स्तर पर बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले खिलाड़ियों को राजकीय सेवा में भी भर्ती किया जा रहा है। खेल के लिए मूलभूत अवस्थापना सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं। विशिष्ट अतिथि भाजपा नगराध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, चौधरी दिग्विजय सिंह , डीआईओएस डॉ. अचल कुमार मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# दीपक और बबली को दौड़ में प्रथम स्थान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूल में संकुल स्तरीय प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने खेलकूद के अलावा लघु नाटिकाओं में भी प्रतिभा दिखाई। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

सुआबोझ के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सोमवार को हुई। इसमें 14 प्राथमिक, चार उच्च प्राथमिक और तीन कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने हिस्सा लिया। दौड़, लम्बीकूद, कबड्डी, सुलेख, पीटी, देशभक्त नाटक, जूडो कराटे, लघु नाटक आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लिया। जूनियर स्तर की बालक एवं बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुआबोझ के दीपक सरोज और बबली ने पहला, सुआबोझ के सौरभ सरोज और चांटफिरोजपुर की काजल द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में सुआबोझ के दीपक सरोज और बबली प्रथम, चांट फिरोजपुर के अनुज और काजल दूसरे स्थान पर रहीं। खो खो में बालक वर्ग में सुआबोझ की सौरभ एंड पार्टी और बालिका वर्ग में बबली एंड पार्टी प्रथम रही। कबड्डी में भी बबली एंड पार्टी प्रथम रही। प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ में चांटफिरोजपुर के विराट और सुआबोझ की सलोनी प्रथम, चांटफिरोजपुर के सुमित और सुआबोझ की विशाखा द्वितीय रहे। 100 मीटर दौड़ में चांटफिरोजपुर के विराट और सुआबोझ की सलोनी प्रथम, सुआबोझ के संकित सरोज और विशाखा द्वितीय स्थान पर रहे। कबड्डी में गैरतपुर जप्ती की रजत एंड पार्टी और सिरसा की सुहाना एंड पार्टी प्रथम स्थान पर रहीं। खो खो में सिरसा की उत्कर्ष एंड पार्टी और सुहाना एंड पार्टी प्रथम स्थान पर रहीं। नोडल संकुल शिक्षक वीरपाल ने सभी विजेता छात्रों को पुरस्कार दिए। इस मौके पर विनीत कुमार, अनिल कुमार प्रजापति, वीरपाल, रामसनेही, अर्जुन सिंह गंगवार, अंकित शुक्ला, सारिका, वरुण सक्सेना, विदेश वर्मा आदि मौजूद रहे।


खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

# पांचवें दिन स्कंदमाता की जय-जयकार, गूंजे घंटे घड़ियाल


मंदिर में माता के भजन गातीं महिलाएं ● अमृत विचार


देवी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्रि के दौरान सोमवार को मां स्कंदमाता की उपासना की गई। स्कंदमाता को खुश करने के लिए भक्तों ने घर व मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सुबह से ही भक्त मइया के दरबार में पहुंचने लगे। भक्तों की कतार लगी रही। मइया का जलाभिषेक किया। हर कोई भक्त मइया की भक्ति में लीन दिखा। घर-घर मइया की उपासना के अलावा मंदिरों में भी छंग व भजन गाए गए। मां यशवंतरी देवी मंदिर, निरजंनकुंज कॉलोनी स्थित महा मातेश्वरी देवी मंदिर, गोदावरी स्टेट कॉलोनी के मां दुर्गा आदि मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मां के पांचवें स्वरूप की वंदना की गई। कोई धूप से मइया की आरती कर रहा था तो कोई दीपक लेकर मइया की उपासना कर रहा था। शाम होते ही मंदिर रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाने लगे। माता रानी के भव्य श्रृंगार के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भक्त नारियल, चुनरी और धूपबत्ती लेकर मंदिर पहुंचे और पूजा की। घरों में माता की भजन संध्या की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### स्प्रिंगडेल कॉलेज में देवी मैया के भजनों पर बच्चों की प्रस्तुति ने मनमोहा



**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में सोमवार को नवरात्रि के मौके पर गरवा महोत्सव का आयोजन किया गया। छात्राएं माता के स्वरुप में पहुंची और प्रस्तुति दी। उपमा सक्सेना ने बताया कि माता के नौ स्वरूप मातृ शक्ति का प्रतीक हैं। जोकि प्रेरित करती हैं छात्रायें (लड़कियां) जीवन के किसी भी क्षेत्र में न केवल अपना अपितु पूरे परिवार का नाम रोशन कर सकती हैं। अभय, शगुन, अंकित, अदित्य, वेद, अधिका, सेरिष, अभियन्त, आर्यन, शिवांशी, प्रभकिरत, राखी, सानवी, अनाया, युर्वेश, मनराज, कुशाग्र, तनिष्का, सिद्धि, दिव्याशी ने सबसे बड़ा तेरा नाम है शेरो वाली भजन पर डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। महाकाली के रूप में सजी कक्षा एक की छात्रा आर्या कश्यप ने रण में कूद पड़ी महाकाली ..भजन पर धमाकेदार प्रस्तुति दी। बच्चों को गरबा के बारे में बताया गया और बच्चों ने गरवा का आनंद लिया। प्रधानाचार्य प्रिया आनन्द ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

# डीएम ने अमरिया पहुंचकर की कम स्टांप मामले की जांच

**पीलीभीत, अमृत विचार:** डीएम ने अमरिया तहसील क्षेत्र में पहुंचकर कमीं स्टांप मामले की जांच की। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को गाटा की पैमाइश कराकर वसूली कराने के निर्देश दिए।

डीएम संजय कुमार सिंह ने सोमवार को अमरिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत डियूनी डैम से परेवा वैश्य जाने वाले मार्ग से लगभग 700 मीटर दूर स्थित गांव रसूला के गाटे का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गाटा की मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली। बताया गया कि उक्त गाटा रश्मि सिंह निवासी ग्राम किशनपुर तहसील किच्छा द्वारा खरीदा गया है। उक्त गाटा का रकवा 4.0470 हेक्टेयर बेचा गया है। उक्त भूमि स्टांप कम धनराशि लगाए गए हैं। इस पर डीएम ने निरीक्षण के साथ एसडीएम को उक्त गाटा की पैमाइश कराकर वसूली कराने के निर्देश दिए। इससे पूर्व डीएम संजय कुमार सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे के साथ मशीनों के रखरखाव की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान एडीएम ऋतु पुनिया समेत निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक काटी, राम ने मोहिनी बाण से खर-दूषण का किया संहार

● रामलीला महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


रामलीला मैदान में लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के रामलीला मैदान में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव में सोमवार को शूर्पणखा व खर दूषण वध लीला का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया। दूर दराज से भक्त लीला देखने के लिए पहुंचे।

लीला में दिखाया गया कि पर्णकुटी में राक्षसराज रावण की बहन शूर्पणखा अचानक विचरण करती हुई पहुंची। वहां प्रभु राम लक्ष्मण को देख वह कामांध हो उठी और सुंदर वेष बनाकर प्रभु राम के पास पहुंची और बोली हे सुकुमार विधाता ने मुझे आपके लिए ही बनाया है। मैं आपसे ब्याह करना चाहती हूं। इस पर प्रभु राम बोले मैंने तो एक पत्नी प्रण किया है तुम मेरे छोटे भाई लक्ष्मण के पास जाओ। तब वह लक्ष्मण के पास पहुंची और ब्याह करने की इच्छा प्रकट की। इस पर लक्ष्मण बोले मैं तो प्रभु का तुच्छ सेवक मात्र हूं आप उन्हीं के पास जाएं। तब वह पुनः प्रभु के पास पहुंची और पुनः अपनी इच्छा दोहराई।

प्रभु राम ने फिर उसे लक्ष्मण के पास भेजा। इस पर उसकी नजर सीता पर पड़ी तब वह मन ही मन बोली मेरे विवाह में यह स्त्री ही बाधक है। तभी वह क्रोधित हो भयंकर रूप प्रकट कर सीता की ओर झपटी। तभी प्रभु राम का संकेत पा लक्ष्मण ने उसके नाक कान काट दिए। वह विलाप करती हुई अपने भाई खर दूषण के पास पहुंची। कुटिलता पूर्वक उनसे बोली हे भ्राता दो पुरुष वनवासी भेष में एक स्त्री के साथ पंचवटी में पधारे हैं। उन्हीं ने मेरा यह हाल किया है। तब खर दूषण सेना सहित युद्ध को पहुंचे। उन्हें देख प्रभु राम ने लक्ष्मण से कहा कि तुम सीता को लेकर पहाड़ों की कंदरा में जाओ मैं अभी इसका सेना सहित संहार करता हूं। प्रभु राम ने अपने मोहिनी बाण से खरदूषण का उसकी सेना सहित संहार कर दिया। सभी भक्तगण यह मंचन देख प्रभु राम की जय जयकार करने लगे और आनंदित हो उठे। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, नरेश शुक्ला, डा. विश्वनाथ दीक्षित, संजीव शर्मा, आयुष सक्सेना, रामाकांत पांडेय, अवनीश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

### 24 साल से हनुमान का किरदार निभा रहे आशीष



**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के आशीष तिवारी रामलीला मेले में पिछले 24 वर्षों से हनुमान का अभिनय कर रहे हैं। पिता से विरासत में उन्हें यह अभिनय मिला है। मोहल्ला दुर्गा प्रसाद के रहने वाले आशीष तिवारी नगर के सफी पब्लिक स्कूल में नौकरी करते हैं। पिछले 24 वर्षों से वह रामलीला मेला मैदान में पवन पुत्र हनुमान का सजीव अभिनय कर रहे हैं। उनसे पहले पिता रामकुमार तिवारी हनुमान का अभिनय करते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में 25 वर्षों तक हनुमान का अभिनय किया था। अपने कंधों पर वह राम लक्ष्मण को बैठाकर मेला मैदान के तीन चक्कर लगाया करते थे। उनका स्वर्गवास हो जाने के बाद उनके पुत्र आशीष तिवारी अभिनय कर रहे हैं। वह भी राम लक्ष्मण को कंधों पर बैठकर मेला मैदान के दो चक्कर लगाते हैं। वह हनुमान के अनन्य भक्त भी हैं। मेले में लीला मंचन करने से पूर्व अपने घर पर सुंदरकांड का पाठ प्रतिदिन करते हैं।

### कहउ बालि तुमहिं देइ जियाई-राज करउ पम्पापुर जाई



**बिलसंडा, अमृत विचार :** गांव कनपरी में चल रहे श्री रामलीला मेला में सोमवार को बालि वध एवं शबरी मिलन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक भाव-विभोर हो गए। लीला में दिखाया गया कि प्रभु राम, लक्ष्मण सीता की खोज में वन में निकलते हैं। रास्ते में उन्हें ऋषि मुनि मिलते हैं। वह प्रभु राम से कहते हैं,सामने बह रही नदी का जल मत पीना। भगवान राम ऋषियों से नाराज हो जाते हैं,और वह कहते हैं किसी नारी का अपमान करने का उन्हें कोई भी अधिकार नहीं है,उन्हें इसका दंड भोगना होगा। वह लक्ष्मण के साथ शबरी के आश्रम में पहुंचते हैं।शबरी कई वर्षों से प्रभु राम के आने की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रही थी,जैसे ही द्वार पर प्रभु राम पहुंचते हैं वह खुशी से झूम उठती हैं प्रेम-भाव से उन्हें मीठे बेर खिलाती है,लेकिन उनके प्रेम में दीवानी शबरी पहले बेर चखकर देखती और मीठे बेर ही उन्हें देतीं। प्रभु राम जूठे बेर खुशी से खा लेते हैं,जबकि लक्ष्मण उन्हें फेंक देते हैं।आगे सुग्रीव से उनकी मुलाकात होती है।सुग्रीव अपने भाई वानर राज बालि के उत्पीड़न की व्यथा सुनाते हैं। तो प्रभु राम उन्हें आश्वासन देते हैं कि वह बालि का वध कर उसके उत्पीड़न से उन्हें निजात दिलाएंगे। बालि और सुग्रीव में शक्ति युद्ध होता है। बालि सुग्रीव को गदा से प्रहार कर परास्त कर देता है। प्रभु राम सुग्रीव को माला पहना कर पुन: युद्ध करने को भेजते हैं,और वृक्ष की आड़ लेकर बालि को तीर मारकर वध कर देते हैं। भगवान राम बालि को मोक्ष प्रदान कर देते हैं। व्यवस्था में मेला अध्यक्ष राजाराम, गयाप्रसाद पूर्व प्रधान,शेषपाल नितिन त्रिवेदी ,दिनेश,भागीरथ, अनिल शर्मा, रामस्वरूप पूर्व प्रधान ,दीनदयाल,अशोक त्रिवेदी,विपिन त्रिवेदी, राम लखन का सहयोग रहा।

## गोष्ठी में दी वाइल्ड लाइफ संबंधी जानकारी


वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत गोष्ठी में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** वन्यजीव सप्ताह के तहत सोमवार को एसआरएम इंटर कॉलेज में गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें वाइल्ड लाइफ से संबंधित जानकारियां दी गई। पर्यावरणविद् एवं सेव वेलफेयर एनवायरनमेंट समिति के सचिव टीएच खान ने कहा कि वन्य जीव सप्ताह के तहत लोगों को वन जीवन की सुरक्षा करने को जागरूक किया जा रहा है। इस मिशन को सफल बनाने में विद्यार्थी अपनी अहम भूमिका निभाएं।

# आतिशबाजी करके की रोटरी मेले की घोषणा


आतिशबाजी करते रोटरी क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पांच दिवसीय विराट रोटरी दशहरा मेला ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 21 दिसंबर से 25 दिसंबर तक लगेगा। मेला प्रतिदिन शाम चार बजे से शुरू होगा। रविवार देर शाम रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने गांधी स्टेडियम रोडपर धूमधाम से आतिशबाजी करते हुए इसकी घोषणा की।

इस मौके पर डॉ.एसके अग्रवाल, डॉ.परविंदर सिंह सैहमी, रोटरी क्लब मेला अध्यक्ष एडवोकेट डॉ.राहुल अग्रवाल, डॉ. मनोज अग्रवाल गुप्ता, अंशुल अग्रवाल, अध्यक्ष पंकज महातिया,सचिव डॉ.प्रांजल अग्रवाल, मनू छावड़ा,मानिक मित्तल, अंशुल अग्रवाल, डॉ.राहुल शर्मा, राघवेंद्र मिश्रा, डॉ.अनिल सक्सेना, रवि शर्मा,विजय कुमार जायसवाल, रचित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, रवि अग्रवाल ,देवेश बंसल, अश्विनी अग्रवाल, डॉ.ज्ञान प्रकाश ,डॉ.केएन तिवारी, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पहली बार 20.40 क्विंटल धान की सरकारी खरीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मंडी में महिला किसान से कांटे का पूजन करवाते अधिकारी।

**अमृत विचार:** धान खरीद के सातवें दिन सरकारी क्रय केंद्र पर धान खरीद की बोहनी हो गई। मंडी समिति में खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर मानकों पर खरा उतरने के बाद 20.40 क्विंटल धान खरीद की गई। जिले में अन्य कहीं खरीद का खाता नहीं सका। शासन के निर्देशानुसार जिले में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू की गई है। इस बार जिले को 24 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य दिया गया। धान खरीद को लेकर जिले भर में 148 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इधर मानक के अनुरूप धान न आने के कारण सरकारी क्रय केंद्रों पर धान खरीद नहीं हो सकी थी।

इधर धान खरीद के सातवें दिन यानी सोमवार को स्थानीय मंडी समिति में सरकारी धान खरीद का भी खाता खुल गया। खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर कलीनगर तहसील क्षेत्र की गुलविंदर कौर अपने पुत्र के साथ धान लेकर पहुंची। मानक पर खरा उतरने के बाद महिला किसान से 20.40 क्विंटल धान खरीद की गई। इस दौरान महिला किसान और उसके पुत्र को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिले के अन्य क्रय केंद्रों पर सातवें दिन भी खरीद का खाता नहीं खुला है।

# महिला की गला दबाकर हत्या की कोशिश, सिर पर तानी रिवाल्वर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** थाना किला क्षेत्र में दहेज में 10 लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर पति और ससुराल वालों ने महिला के सिर पर रिवाल्वर तान दी और गला दबाकर हत्या की कोशिश की। महिला ने पड़ोसियों की ओर भाग कर अपनी जान बचाई। महिला ने थाना महिला में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्वाले नगर की फरहत कॉलोनी की रहने वाली शबनम परवीन ने बताया कि उसका निकाह पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी के वसुंधरा कॉलोनी निवासी आबाद खान से 29 दिसंबर 2023 को हुआ था। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में कार और 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे और न देने पर प्रताड़ित करने लगे। 3 जून को पति ने उसके साथ मारपीट की और दुपट्टे से गला घोटने की कोशिश की और सिर पर रिवाल्वर तान दी। आरोप है कि शादी से पहले आबाद खान ने खुद को कुंवारा बताया था। जब वह ससुराल गई तो उसे पता लगा कि वह तीन बच्चे का पिता है।

# बीसलपुर की रामलीला में पंचवटी की लीला का मंचन

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला मेले शूर्पणखा की नाक काटने व खर दूषण वध लीला का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया कि पंचवटी में रावण की बहन शूर्पणखा विचरती हुई पहुंचती है। राम लक्ष्मण को देखकर मोहित हो जाती है। उनसे विवाह करने का विचार करती है। वह राम व लक्ष्मण से बारी-बारी से विवाह का प्रस्ताव देती है। दोनों मना कर देते हैं। इस पर गुस्से में सीता की ओर झपटती है तो लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। वह अपने भाई खर दूषण के पास जाकर उन्हें अपनी व्यथा सुनाती है। खर दूषण राम लक्ष्मण से युद्ध करने आते हैं और उनका संहार हो जाता है। शूर्पणखा रोते हुए अपने भाई रावण के पास जाती है और आपबीती बताती है। रावण सोच में पड़ जाता है। वह सोचता है कि खर दूषण का मारा जाना कोई साधारण बात नहीं है। लीला का संचालन लीला प्रबंधक गोपाल कृष्ण अग्रवाल व मनोज त्रिपाठी ने किया। व्यवस्था में सभापति गंगाधर दुबे, , अभय मित्तल, मोहित मित्तल, सचिन अग्रवाल, रामबहादुर गुप्ता का सहयोग रहा।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# बच्चों को गिरफ्त में ले रहा बुखार, चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती

- दिन में धूप व रात में ठंड बढ़ जाने से हो रही सेहत प्रभावित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। इस कारण बच्चों से लेकर बड़े तक वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। इससे जिला अस्पताल में रोजाना मरीज उमड़ रहे हैं। उधर, चिल्ड्रन वार्ड में बुखार पीडित आठ बच्चों का इलाज हो रहा है।

सोमवार को जिला अस्पताल में करीब 1100 नए पर्चे बने। इसमें सबसे अधिक बुखार के मरीज थे। डॉक्टर इसकी वजह तापमान में उतार-चढ़ाव होना बता रहे हैं। फिजिशियन बताते हैं कि मौसम में बदलाव होने से बुखार, सर्दी-जुकाम व खांसी के मरीज आ रहे हैं, क्योंकि दिन में गर्मी और आधी रात के बाद मौसम ठंडा होने लगता है। मौसम का यह उतार-चढ़ाव सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है। जिस कारण बच्चे भी सर्दी, खांसी, बुखार आदि की चपेट में आ रहे है। जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरके कोली ने बताया कि मौसम में जिस तरह से बदलाव हो रहा है। इससे हर आयु वर्ग के लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे है। दिन में धूप व रात में ठंड बढ़ जाने से लोगों के सेहत को प्रभावित कर रहा है। मौसमी बीमारियों से बचने के लिए मौसमी सब्जियों और फलों का सेवन करें।

## गुरु नानक इंटर कॉलेज मैदान में चला रहीं निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर

# जिले में हॉकी की पौध तैयार करने में जुटीं तृप्ति अवस्थी

**शक्ति स्वरूपा**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में खेल प्रतिभाओं को तराशने का बीड़ा हॉकी की नेशनल खिलाड़ी रहीं तृप्ति अवस्थी ने उठाया है। निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर चलाकर बच्चों को हॉकी खेल की बारीकियां बता रही हैं। इतना ही नहीं शिविर में आने वाले बच्चों को खेल सामग्री तक उपलब्ध कराती हैं।

मोहल्ला मिश्राना निवासी तृप्ति अवस्थी ने 1986-87 में नेशनल खेला। इसके बाद 1989 में सांई हॉस्टल देहरादून के लिए चयन होने के बाद साल 1993 तक देहरादून में रहकर सब जूनियर एवं नेशनल जूनियर खेला। मगर, मां की बीमारी की जानकारी होने पर हॉस्टल छोड़कर घर आ गईं लेकिन खेल का जुनून सिर से नहीं उतरा। तृप्ति अवस्थी बताती हैं कि आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेलने के बाद सन्यास ले लिया। हालांकि इसके बाद भी कुछ करने के जज्बे के तहत बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करने के साथ स्कूलों में क्रॉस कंट्री रेस, बेटियों को आत्म रक्षा का गुर सिखाने के लिए स्कूलों में निःशुल्क शिविर लगवाती आ रही हैं।

शहर में सूख रही हॉकी की पौध को लहलहाने के लिए तृप्ति अवस्थी ने चार फ़रवरी 2024 को गुरुनानक स्पोर्ट्स एकेडमी की आधारशिला रखकर गुरूनानक इंटर कॉलेज मैदान में निःशुल्क प्रशिक्षण देना शुरू किया। इसमें बच्चों को खेल सामग्री तक मुहैया कराकर हॉकी का कहकरा सिखाया जा रहा है। इस समय एकेडमी में करीब 100 बालक-बालिकाएं खेल की बारीकियां सीख रही हैं। तृप्ति अवस्थी बताती हैं कि उनका प्रयास है कि बच्चे खेल में राष्ट्रीय एवं अंतर राष्ट्रीय स्तर पर जिले व शहर का नाम रोशन करें।



तृप्ति अवस्थी। • अमृत विचार

खेल के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य उज्ज्वल कर सकते हैं। मगर, वर्तमान पीढ़ी इंटरनेट की भवंर में फंसकर अपना जीवन अंधकार मय बनाने में लगे हैं। एकेडमी का उद्देश्य बच्चों को मैदान तक लाकर उन्हें शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत करना है। तृप्ति अवस्थी में हॉकी के खेल का जुनून देखते हुए खेल निदेशक एवं उत्तर प्रदेश हॉकी एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आरपी सिंह ने उन्हें लखीमपुर की हॉकी एसोसिएशन का सचिव मनोनीत किया है। तृप्ति अवस्थी ने बताया कि जल्द ही जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके बाद बालिकाओं की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता भी एसोशियेशियन द्वारा कराई जाएगी। इसके अलावा हरदोई, पीलीभीत, शाहजहांपुर में प्रतियोगिता होगीं, जिसमें जिले की टीम हिस्सा लेगी। इससे बालक एवं बालिकाओं को खेलने मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि जो बच्चे हॉकी खेल का प्रशिक्षण लेना चाहते हैं वह शाम साढ़े तीन से छह बजे तक गुरुनानक इंटर कॉलेज के मैदान पर आ सकते हैं।

# सड़क नीचे, नाली ऊपर देख जिलाधिकारी हैरान

## ईओ बोले-व्यवस्थित जल निकासी के लिए अपनाया है यह तरीका, डीएम ने दिए खामियां सुधारने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद से संकटा देवी मंदिर रोड पर बनवाई जा रही हॉट मिक्स सड़क को देख जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल उस समय हैरान गईं, जब उन्होंने रोड से ऊपर नाली देखी। इस पर उन्होंने ईओ से सवाल किया, जिस पर उन्होंने बताया कि व्यवस्थित जल निकासी के लिए यह तरीका अपना गया है। उधर, डीएम ने मां जानकी सौजन्या तिराहे पर बन रहे सेल्फी प्वॉइंट्स का निरीक्षण कर गुणवत्ता देखी। उन्हें कई खामियां भी मिलीं, जिन्हें सुधारने को कहा। डीएम ने पालिका ईओ को निर्माण कार्य की निरंतर निगरानी करने और काम समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए।

नगर पालिका प्रशासन सदर चौराहे से संकटा देवी चौराहे तक सड़क का निर्माण हॉट मिक्स से करवा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते समय सड़क से ऊपर नाली बनी देखी तो वह हतप्रभ रह गईं। सवाल किया कि बारिश के दौरान सड़क का पानी नाली में कैसे जाएगा। इस पर पालिका परिषद के ईओ संजय कुमार ने कहा कि बरसात में सड़क के पानी की जल निकासी के लिए नाली में थोड़ी-थोड़ी दूर छिद्र करा दिए जाएंगे, जिसके माध्यम से सड़क पर भरा पानी नाली से होकर निकल जाएगा।



सड़क से ऊपर नाली देखकर सवाल करतीं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल।

- निर्माणाधीन सड़क व सेल्फी प्वाइंट के निरीक्षण में मिलीं खामियां

यह सुनकर जिलाधिकारी आगे बढ़ गईं। वहीं ईओ का यह जवाब दुकानदारों के बीच दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। इनका कहना है कि नाली सड़क से ऊंची बनी है, जल निकासी के लिए छिद्र होने से नाली का पानी बहकर सड़क पर आएगा, क्योंकि पानी का बहाव उधर होता है, जिस तरह ढलान होती है। बहरहाल, पालिका ईओ की यह नई तकनीकी लोगों में चर्चा का विषय बन गया है।



सौजन्या तिराहे पर सेल्फी प्वाइंट का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी।

### जिलाधिकारी ने सेल्फी प्वॉइंट देखकर कहा- कल तक पूरा कराएं काम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर पालिका की ओर से मां जानकी सौजन्या चौक पर सेल्फी प्वॉइंट का निर्माण कराया जा रहा है। यह मिशन शक्ति अभियान एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटियों में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए बनवाया जा रहा है। डीएम ने इसका निरीक्षण कर ईओ को कार्य गुणवत्ता के साथ नौ अक्तूबर की शाम तक हर हालत में काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान अवर अभियंता अमरदीप मौर्य सहित पालिका के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा महामंत्री ने शिविर का उद्घाटन कर बनवाए सदस्य

- एमएलसी अनूप गुप्ता ने सदस्यता अभियान के लिए नगर में किया प्रवास

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** भाजपा के प्रदेश महामंत्री भारतीय एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए नगर में प्रवास किया।

पब्लिक इंटर कालेज जूनियर के बूथ संख्या 204 पर डोर टू डोर जनसम्पर्क आरंभ सीजीएन पीजी कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय वाजपेयी के आवास से किया। पार्टी की नीतियां बताते हुए लोगों को सदस्यता ग्रहण करायी। दोपहर नगर के अशोक चौराहे पर सदस्यता कैम्प का आरंभ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ फीता काटकर किया। व्यापारियों के साथ विनोद स्वर्णकार के आवास पर बैठक कर व्यापारी हित में मोदी एवं योगी सरकार द्वारा किए गए कामों की जानकारी दी। तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा, महामंत्री राकेश त्रिपाठी, आदर्श शुक्ला, रामजी लाल दीक्षित, सुरेश गुप्ता, बच्चा बाबू सहित अनेक अधिवक्ताओं को भी सदस्यता दिलाई। विनोद वर्मा, विजय माहेश्वरी, शत्रोहन मिश्रा, राजेश राठौर, अनिल जलोटा, धीरज बाजपेयी, राजीव वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता, राहुल आदि रहे।



गोला के अशोक चौराहे पर शिविर का फीता काटते अनूप गुप्ता। • अमृत विचार

# इहां कुम्हड़ बतिया कोउ नाहीं जो तर्जनी देखि मरि जाहीं



पलिया के रामलीला मंच पर धनुष तोड़ने का असफल प्रयास करता दशानन।

- पलिया की रामलीला में परशुराम-लक्ष्मण संवाद का हुआ सुंदर मंचन

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** नगर में चल रही रामलीला में सोमवार को विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण का राजा जनक के यहां प्रस्थान, वहां हुआ स्वागत, पुष्प वाटिका भ्रमण ,धनुष भंग एवं परशुराम-लक्ष्मण संवाद का सुंदर मंचन किया गया।

राजा जनक द्वारा महर्षि विश्वामित्र को सीता स्वयंवर में आमंत्रण पत्र भेजे जाने के बाद वे अपने शिष्य राम, लक्ष्मण को साथ ले राजा जनक के यहां पहुंचते हैं। जहां उनका भव्य स्वागत होता है। पश्चात पुष्प वाटिका और श्रीराम, लक्ष्मण के नगर भ्रमण को देखकर जनकपुर की स्त्रियां सीता का विवाह श्री राम से होने की कामना करती हैं। धनुष भंग और परशुराम लक्ष्मण संवाद में जब श्रीराम उनसे -''नाथ शंभु धनु भंजनिहारा , हुई है कोउ एक दास तुम्हारा।'' कहकर इशारे से उन्हें सब समझा देते हैं। तब परशुराम जी राम को भगवान का अवतार समझकर वहां से चले जाते हैं और इसके बाद राम सीता के विवाह की तैयारियां शुरू हो जाती हैं।

# संचालक पदों के संभावित प्रत्याशियों ने शुरू की डेलीगेट की घेराबंदी

- मतदाता सूची प्रकाशन के साथ जोड़-तोड़ शुरू, 17 अक्टूबर को होगा मतदान

बेलरायां/ लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले की दो सहकारी चीनी मिलों के प्रबंध कमेटी के सदस्यों यानी संचालक पदों पर 17 अक्टूबर को मतदान होना है। इसको लेकर एक बार चीनी मिल की राजनीति फिर गरमा गई है। संचालक पदों के संभावित उम्मीदवारों नें हाल में ही चुनाव जीते समिति सदस्यों (डेलीगेट) की घेराबंदी कर उन्हें अपने पाले में लाने की कवायद शुरू कर दी है। इतना ही नहीं उनके खेमे में आए डेलीगेट किसी दूसरे संभावित प्रत्याशी के खेमे में न आ जाए। इसको लेकर डेलीगेटों को भूमिगत कर उनके खाने-पीने व रहने तक की व्यवस्था की जा रही है।

जिले में सहकारी गन्ना समितियों के सदस्य (डेलीगेट) पदों का चुनाव चार अक्टूबर को संपन्न हो चुका है। बेलरायां चीनी मिल के दस संचालक क्षेत्रों से 128 डेलीगेट मतदान से चुने गए हैं। 77 डेलीगेट निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए थे। अब यही डेलीगेट चीनी मिल के प्रबंध समिति के संचालकों का चुनाव करेंगे। प्रबंध कमेटी के निर्वाचन के लिए सोमवार को अनंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन हुआ है। 10 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। अगले दिन नामांकन दाखिल होंगे और जरूरत पड़ी तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा। संचालक पदों पर जीत दर्ज कराने के लिए उपाध्यक्ष के पद की दौड़ में शामिल संचालक पद के प्रत्याशियों ने डेलीगेटों को अपने पक्ष में करने के लिए जोर आजमाइश शुरू कर दी है। अभी से संभावित उम्मीदवार डेलीगेट को उसके घरों और रिश्तेदारों के संपर्क स्थापित कर अपने पक्ष में लाने की कोशिश कर रहे हैं। कई डेलीगेट भूमिगत हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह किसी न किसी संभावित प्रत्याशी के पास में हैं। सूत्र बताते हैं कि संभावित प्रत्याशियों ने कई डेलीगेट को अपने कब्जे में कर रखा है, ताकि उनसे कोई दूसरा प्रत्याशी संपर्क न कर सके।

### गांवों में रात भर दौड़ रही गाड़ियां

सरजू सहकारी चीनी मिल के सभी दस संचालक क्षेत्रों में संभावित प्रत्याशियों की गाड़िया फर्राटा भरने लगी है। यह प्रत्याशी और उनके समर्थक निर्वाचित हुए डेलीगेट के घरों और रिश्तेदारों पर भी वोट दिलाने का दबाव बना रहे हैं। रात भर गाड़ियां गांवों में दौड़ रही है। डेलीगेट के परिवार वालों का रात में सोना भी मुश्किल हो रहा है।

### प्रत्याशियों को लेकर भाजपा के दो गुट आमने-सामने

निघासन विधानसभा में भाजपा के दो गुट सामान्य निकाय चुनाव से आमने-सामने हैं। निघासन 4 क्षेत्र से घनश्याम पुरवा के डेलीगेट का चुनाव लड़ रहे चीनी मिल के पूर्व संचालक विनोद वर्मा का पर्चा खारिज होने के बाद दोनों गुटों में रार और अधिक बढ़ गई है। एक गुट ने निघासन भाजपा विधायक शशांक वर्मा पर दबाव बनाकर पर्चा खारिज कराने का आरोप लगाया था। इसको लेकर दो दिनों तक किसानों ने चीनी मिल के गन्ना विकास विभाग के कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन भी किया था। विधायक का संचालक पदों पर चुनाव में हस्तक्षेप करने की दूसरे गुट के संभावित प्रत्याशियों ने आशंका जताई है।

## सार-संक्षेप

### हसनैन कॉलेज की छात्राओं को रंगोली में प्रथम स्थान



**कुकरा,अमृत विचार :** जानकी देवी कन्या इंटर कॉलेज में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में रंगोली में हसनैन इंटर कॉलेज की छात्राओं काव्या, सोइबा, शिफा ने प्रथम और मेहंदी प्रतियोगिता में फिजा, साहिब, लकी, बुशरा, नरेंद्र, सानिया खातून आदि ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रमाणपत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य गौरव दीक्षित, प्रवक्ता राजेश गुप्ता, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुजीबुलरहमान, प्रबंधक रिजवान खान, कोषाध्यक्ष मुख्तार खान, उप प्रधानाचार्य स्वामीदयाल वर्मा, अनिल सिंह, अशोक कुमार, पिंकू राज, लालाराम, वासुदेव आदि मौजूद रहे।

### पोस्टर में आरती व स्लोगन में ज्योति विजेता



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत सोमवार को भगवानदीन आर्यकन्या डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रोफेसर गीता शुक्ला ने बताया कि यातायात नियमों का पालन कर हादसों में कमी लायी जा सकती है। स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता की निर्णायक शिवांगी सक्सेना एवं डॉ. प्रीति सिंह रहीं। इन्होंने पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा आरती राना को प्रथम, कोमल रस्तोगी को द्वितीय एवं आयुषी रस्तोगी को तृतीय विजेता घोषित किया। प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति वर्मा, द्वितीय शिवांगी पाठक एवं तृतीय तस्लीन को घोषित गिया गया है। प्राचार्य ने विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। डॉ. क्षमा तिवारी, सविता शुक्ला, विमलेश, वीना चौरसिया आदि मौजूद रहीं।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एसएचएम एकेडमी ने मारी बाजी



**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** तीसरी अंतर विद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता केडिया फार्म स्थित एलिट ताइक्वांडो एकेडमी में इंडियन एमेक्राइन फाउंडेशन द्वारा कराई गई। शुरुआत ताइक्वांडो संघ के जिला सचिव एसएम आसिफ ने की। प्रतियोगिता में एसएचएम एकेडमी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोच प्रांजल गुप्ता ने बताया कि गोविंद शर्मा, अभिनायक प्रताप सिंह, निधि शर्मा, गौरव वर्मा, जन्मेजय वर्मा, अभय सिंह, प्रणव रावत, आनंद यादव ने स्वर्ण पदक व अन्य बच्चों ने रजत और कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक अभय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डॉ आशा तिवारी, उप प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह नयाल, वरिष्ठ शिक्षक पूरनलाल गुप्ता, फरहा नाज़, अनंत आकाश शर्मा, तूलिका शाह, जयरमन, श्रीधर, सुनील भारती, आकांक्षा श्रीधर, शिवा गुप्ता ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

# शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा शुरू

संवाददाता, बरवर

**अमृत विचारः** ग्राम भौनापुर में सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार वर्मा की यजमानी में हुआ।

कथाव्यास पं. हरेराम शुक्ला ने भगवान के अवतार और नारद मोह प्रसंग की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने सुनाया कि अभिमान भगवान का भोजन है। एक बार नारद जी को अभिमान हो गया कि उसने काम को जीत लिया, क्रोध को जीत लिया तो वह भगवान के पास गए और अपनी विजय की बात कही। भगवान समझ गये कि नारद के अंदर अभिमान का अंकुर प्रगट हो गया है। उन्होंने विश्व मोहिनी को प्रकट किया। नारद जी विश्व मोहिनी से विवाह करने के लिए गए भगवान से रूप मांगा तो भगवान ने नारद को बंदर का रूप दे दिया। नारद का विवाह नहीं हो पाया। नारद को भगवान पर क्रोध भी आया तो श्राप दे दिया कि धरती पर मानव रूप लेकर आओगे और पत्नी के वियोग में दुखी होगे तब यही वानर आपकी सहायता करेंगे। पूर्व शतचंडी महायज्ञ के शुभारंभ के लिए कलश यात्रा भी निकाली गई। इसमें मुख्य यजमान मनोज कुमार वर्मा, और पूर्व प्रधान सुरजन लाल वर्मा के परिवार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञाचार्य पं. कृष्ण मुरारी त्रिवेदी ने मंत्रोच्चार के बीच गोमती जल से भरे कलशों को यज्ञ में स्थापित कराए।



पूजन करते मनोज वर्मा व अन्य श्रद्धालु। • अमृत विचार

## खेलकूद में गुरु नानक इंटर कॉलेज का दबदबा

**कुकरा ,अमृत विचार :** गोला गोकर्णनाथ के राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में हुई दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में गुरु नानक इंटर कॉलेज पहाड़पुर का दबदबा रहा। छात्र-छात्राओं ने 45 पुरस्कार जीते। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलवंत सिंह चीमा सहित अन्य अध्यापकों ने उन्हें बधाई देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यापक इमरान खान ने बताया कि सीनियर बालक वर्ग में अभिषेक शील ने 47 .87 मीटर भाला फेंककर प्रथम, जूनियर बालक वर्ग में गोविंद राय ने 50 .97 मीटर भाला फेंककर मंडल का रिकार्ड तोड़ा। सीनियर बालिका वर्ग में लवी मिश्रा ने गोला फेंक में प्रथम, अपर्णा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हरजोत कौर ने जूनियर बालिका वर्ग में गोला फेंक में प्रथम, 100 और 200 मीटर दौड़ में गुरप्रीत कौर ने प्रथम, चक्का फेक में खुशबू मंडल ने प्रथम, ऊंची कूद में अभिषेक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंद्रप्रकाश राठौर, सुशील कुमार वर्मा, ज्योति गुप्ता, हरिहर कुमार अवस्थी, रामनरेश मिश्र ने शुभकामनाएं दीं।



कालेज के शिक्षकों के साथ विजेता खिलाड़ी। • अमृत विचार

## एक नजर

### नगर पालिका कर्मी को मातृ शोक

**गोला गोकर्णनाथ अमृत विचार :** नगर पालिका में वसूली का कार्य करने वाले करुणाकांत की मां कमला देवी (70) का निधन हो गया है। करुणाकांत ने बताया कि उनकी मां सुबह जल्दी उठीं। दरवाजे पर झाड़ू लगाई और कुल्ला करने के लिए नल पर गई। वहीं उन्हें खून की उल्टी हुई, जो बंद नहीं हुई। परिवार वाले उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू की अध्यक्षता में हुई शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उसके बाद शोक अवकाश कर दिया गया। शोक सभा में एसएफआई संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, जेई आदर्श मिश्र सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### भागवत कथा सुनने गये छात्र की दुर्घटना में मौत

**संसारपुर,अमृत विचार :** थाना मैलानी के ग्राम नौवाखेडा के शिव मंदिर में हो रही भागवत कथा सुनने गये छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। थाना मैलानी की ग्राम पंचायत सिसनौर के मजरा जिझारपुर निवासी उत्कर्ष वर्मा (13) पुत्र अंकित वर्मा रात में ग्राम नौवाखेडा के शिव मंदिर में हो रही भागवत कथा सुनने गया था। कथा समाप्त होते ही रात लगभग एक बजे घर जाने के लिए निकला। नेशनल हाईवे पर किसी वाहन ने उसे रौंद दिया, जिससे छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मैलानी प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उत्कर्ष वर्मा संसारपुर के एक स्कूल में कक्षा सात का छात्र था। विद्यालय में शोक अवकाश घोषित कर दिया।



### प्रभारी निरीक्षक ने कराई हिस्ट्रीशीटरों की परेड

**बिलहरी,अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी नये, पुराने पेशेवर हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की परेड कराकर अपराध से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को थाने पर बुलाया। अपराधों से दूर रहने, अपराध न करने की शपथ दिलाई। त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक ने जनमानस की सुरक्षा के लिये शांति व्यवस्था बरकरार रखने की अपील की है। चौकी इंचार्ज अजान जेपी यादव, चौकी इंचार्ज ढखबा जितेंद्रपाल सिंह, उपनिरीक्षक अब्दुल कलाम, अशोक कुमार, प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना में दो युवकों की मौत, गुस्साये लोगों ने बस फूंकी

## बाइक को आधा किलोमीटर दूर तक घसीट कर ले गई बस, लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने ग्रामीणों को किया शांत

**अमृत विचार:** लखनऊ से आ रही तेज रफ्तार निजी बस ने सोमवार की शाम एलआरपी चौकी क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साई भीड़ ने बस पर पथराव कर आग लगा दी। पुलिस ने लाठियां फटकार कर किसी तरह से भीड़ को खदेड़ा। फायर बिग्रेड ने आग बुझाई।

हादसा लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर जल भवन के निकट हुआ। गांव मुड़िया खेड़ा निवासी इंद्रेश (22) और अभिमन्यु (21) बाइक पर सवार होकर लखीमपुर से घर जा रहे थे। सीतापुर की तरफ से आ रही निजी बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में इंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अभिमन्यु गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक बस में फंस गई और करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद चालक और परिचालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकले। घायल अभिमन्यु को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत से लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही आक्रोशित भीड़ ने बस में तोड़फोड़ और पथराव कर आग लगा दी। बवाल की सूचना पर एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी पूर्वी पवन गौतम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अफसरों ने आक्रोशित भीड़ को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया। फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही पूरी बस जल गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बाइक सवार गलत तरीके से मार्ग को क्रॉस कर रहे थे। इससे हादसा हो गया।



लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर धू-धू जलती निजी बस। ● अमृत विचार

### फोरलेन पर थमे रहे वाहनों के पहिए

फोरलेन पर आगजनी, पथराव होने पर वाहनों की कतार लग गई। ट्रैफिक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। यातायात पुलिस ने वाहनों को उधर जाने से रोक लिया। करीब पौन घंटे तक फोरलेन पर हंगामा होता रहा। पुलिस के लाठी फटकार कर खदेड़ने के बाद हालात काबू में आए। तब जाकर आवागमन शुरू हो सका।

### शहर घूमने आए थे दोनों बाइक सवार

परिवार वालों ने बताया कि इंद्रेश (22) और अभिमन्यु (21) बाइक से शहर की तरफ घूमने आए थे और घर वापस जाते समय हादसा हो गया। हादसे के बाद से दोनों मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है।

### आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस, तब तक बिगड़ गए हालात

जिस जगह पर हादसा हुआ। इससे कुछ ही दूरी पर मारे गए दोनों युवकों का गांव मुड़िया खेड़ा है। हादसे की खबर जब गांव पहुंची तो रोते-बिलखते परिवार वालों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। मौके पर युवकों के हालात देख वह आक्रोशित हो उठे। भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने बस पर पथराव शुरू कर दिया। हालांकि लोग उन्हें मना करते रहे, लेकिन वे नहीं माने और बस में आग लगा दी। आग लगते ही फोरलेन पर अफरा-तफरी मच गई। देखते ही बस आग का गोला बन गई और धुएं का गुब्बार फूट पड़ा। आगजनी और पथराव की सूचना पर सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, सदर कोतवाल अंबर सिंह, चौकी प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। पुलिस ने सड़क पर लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ दिया। बस जब पूरी तरह से आग की चपेट में आई। तब फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग बुझाई।



बस में लगी आग बुझाते फायर बिग्रेड के कर्मचारी। ● अमृत विचार

> बाइक पर दो युवक सवार थे, जिसमें इंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। अभिमन्यु ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। **-गणेश प्रसाद साहा,** एसपी

# अनदेखी: हैदराबाद क्षेत्र में नहीं रुक पा रहा खनन



ढखवा चौकी क्षेत्र में खनन के बाद हुआ गड्ढा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

- सड़क किनारे भी तीन मीटर गहराई से निकाली जा रही मिट्टी

**अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी ढखबा और गोला कोतवाली के गांवों में दिन, रात अवैध मिट्टी खनन जोरों पर है। अधिकारियों से शिकायत के बावजूद भी खनन नहीं रुक पा रहा है।

सदर तहसील, गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सेमरई, राजेपुर, गोला तहसील का गांव कंधरापुर, देवकली, कोटवारा थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांवों में इन दिनों दिन-रात अवैध खनन माफिया सक्रिय हैं, जो ओवर लोड मिट्टी भरी ट्रालियों, डंफरों से खनन कर मिट्टी गोला, आसपास के गांवों में बेच रहे हैं। अहमदनगर के पश्चिम नेशनल हाइवे के किनारे तालाब की पटाई की जा रही है। मिट्टी भरे वाहनों के निकलने से सड़क चलने योग्य नही रह गई है। ग्रामीणो का कहना है कि सड़क धंसने के कारण गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्रालियां भी नहीं निकल पाएंगी, जिससे ग्रामीणों में रोष है।

> खनन का मामला दो तहसीलों के अंतर्गत आता है। यदि हमारे यहां कोई बिना परमीशन खनन होता है, तो कार्यवाही की जायेगी। **-सुखवीर सिंह,** तहसीलदार गोला।

> अवैध मिट्टी खनन की उन्हें जानकारी नहीं है। यदि खनन बिना रॉयल्टी के हो रहा है। तो खनन माफियाओं पर कार्यवाही होना तय है। **-शिवाजी दुबे,** प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद

# पुलिस पर पथराव मामले में 12 नामजद, कई अज्ञात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तेंदुए के हमले में मारे गए किशोर के मामले में रविवार को ग्रामीणों द्वारा लगाए जाम को खुलवाने गंगाबेहड़ पहुंची पुलिस पर आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर दिया था। मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने 12 नामजद और 50 से अधिक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शनिवार की देर शाम पिता के साथ साइकिल पर बैठकर जा रहे गांव गंगाबेहड़ निवासी साजेब उर्फ छोटू को तेंदुआ उठा ले गया था। उसका अधखाया शव बरामद हुआ था। अगली सुबह एक और ग्रामीण को घायल कर दिया था। इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। गांव के निकट लखीमपुर-शारदा नगर मार्ग पर जाम लगा दिया था। कुछ लोगों ने हाथापाई कर वन विभाग की टीम को दौड़ा लिया और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया था। सरकारी गाड़ी के शीशे टूट गए। महिला सिपाही जख्मी हो गई। सोमवार को पुलिस ने रोड जाम और पथराव की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें 12 नामजद हैं, जबकि 50 से अधिक अज्ञात लोग हैं। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि पथराव के समय पुलिस ने वीडियोग्राफी की थी। उसी से पहचान कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सदर कोतवाली के गांव लाहौरी नगर निवासी ग्रामीण ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव लाहौरी नगर सरैंया निवासी बाबूराम (50) ने सोमवार की सुबह पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद खेतों की तरफ गए ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटकता हुआ देखा। परिवार वालों ने राजापुर चौकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। बताया जाता है कि उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। वह शराब पीने का आदी था। इसी को लेकर परेशान रहता था।

# बीमार बच्ची को देखने नहीं आए डॉक्टर, चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- संभावित गलाघोंटू रोग से ग्रसित थी 12 वर्षीया फलक
- जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में हो रहा था इलाज

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में संभावित गलाघोंटू यानि डिप्थीरिया रोग से पीड़ित 12 साल की बच्ची की शनिवार देर रात मौत हो गई। बच्ची की हालत खराब होने पर बुंलाने पर भी मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंड प्रोफेसर बच्ची को देखने नहीं आए, बच्ची की स्थिति गंभीर देखकर बाल रोग विशेषज्ञ ने वार्ड स्टाफ को ईएनटी सर्जन को बुलवाकर दिखवाने के लिए कहा था।

हरगांव तहसील के गांव सालारपुर निवासी शमशाद अहमद बुखार से ग्रसित 12 वर्षीय पुत्री फलक को दो अक्तूबर को लेकर जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। बच्ची की हालत अत्यधिक सीरियस होने और डिप्थीरिया की संभावना लगने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद ईएमओ ने फलक को चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती करा दिया। बताते हैं कि फलक ही हालत में सुधार न होता देखकर बालरोग विशेषज्ञ ने लखनऊ ले जाने की सलाह दी। आर्थिक रूप से कमजोर शमशाद बेटी को नहीं ले जा सके।

शनिवार को फलक ही तबियत ज्यादा बिगड़ गई। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरपी वर्मा ने शाम साढ़े सात बजे बच्ची को ईएनटी सर्जन को दिखवाने के लिए लिखा। बताया जाता है कि वार्ड स्टाफ के फोन करने पर मेडिकल कॉलेज के ईएनटी सर्जन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर ने रात में आकर देखने से मना कर दिया। अस्पताल सूत्र बताते हैं कि स्टाफ ने ईएनटी सर्जन को दो बार फोन किया। मगर, उन्होंने स्टाफ को हड़काते हुए आने से मना कर दिया। अंततः शनिवार की रात करीब दो बजे बच्ची की मौत हो गई।

### असिस्टेंट प्रोफेसर के वार्तालाप से स्टाफ भी नाराज

फोन करने पर असिस्टेंट प्रोफेसर ने जिस लहजे में बात की उसको लेकर स्टाफ में भी नाराजगी है। स्टाफ का कहना है कि मरीज की हालत गंभीर होने पर जब कॉल करने के लिए लिखा जाता है तभी हम लोग फोन करते हैं। ऐसे में फोन पर अमर्यादित व्यवहार करना उचित नहीं है।

> मामले की जानकारी मिली है। इस संबंध में सीएमएस से बात कर मामले की जानकारी की जाएगी, क्योंकि सीएमएस ही जिला अस्पताल के सर्वेसर्वा हैं। **-आर्य देशदीपक,** प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली

> मामला संज्ञान में आया है। यदि कॉल के लिए लिखा गया है तो फोन करना स्टाफ की जिम्मेदारी है। फोन करने पर डॉक्टर को वार्ड में आकर मरीज देखना ही होगा। कोई लिखित शिकायत मिलती है तो मामले की जांच कराई जाएगी। **-डॉ. आरके कोली,** सीएमएस

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
■ डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
■ डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# बेखौफ: खपरैल बाजार में युवक की पिटाई फिर तान दिया तमंचा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- दुकान पर काम करता है पीड़ित युवक,पड़ोसी दुकानदार मानता है रंजिश
- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो,पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार:** खपरैल बाजार में रविवार की देर शाम दुकानदार ने अपने साथियों के साथ पड़ोसी दुकान के नौकर की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से तमंचा तान दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



शहर की कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी करन चौरसिया खपरैल बाजार में कपिल चौरसिया की कास्टमेटिक दुकान पर काम करता है। करन ने बताया कि पड़ोस में कपड़े की दुकान का मालिक उससे रंजिश मानता है। रविवार की रात करीब दस बजे वह दुकान बंद करने के लिए सामान अंदर रख रहा था। तभी पड़ोसी दुकानदार अपने कई साथियों के साथ आया और उसे खींचकर दुकान से बाहर ले जाने की कोशिश कर पिटाई करने लगे। तमंचे की बट से भी मारा पीटा। जान से मारने की नीयत से तमंचा तान दिया। किसी तरह भागकर उसने जान बचाई। पूरा बवाल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसमें एक युवक हाथ में तमंचा पकड़े दिखाई दे रहा है। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में तमंचे के साथ दिख रहे युवक की पहचान कराई जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मुठभेड़ में पशु तस्कर को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पीलीभीत-बहराइच मार्ग के जालिम नगर पुल के पास रविवार की देर रात भाग रहे पशु तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक तस्कर के पैर में गोली लगी। इससे वह घायल हो गया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। घायल पशु तस्कर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



अस्पताल में भर्ती घायल पशु तस्कर। ● अमृत विचार

- 12 घंटे के भीतर दूसरी बार हुई पशु तस्करों से मुठभेड़

रविवार की तड़के हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद दो पशु तस्कर मौके से भाग निकले थे। इन्हें पकड़ने के लिए एसपी ने टीमें गठित की थीं। सीओ धौरहरा पीपी सिंह के नेतृत्व में थाना ईसानगर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम तलाश में लगी हुई थीं। सीओ पीपी सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पशु तस्कर पीलीभीत-बस्ती हाईवे से होते हुए बहराइच भागने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस सक्रिय हो गई और पशु तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। जालिम नगर पुल के पास खड़े दोनों आरोपियों ने पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश की। खुद को घिरा पाकर आरोपी शाहजहांपुर के तालगांव निवासी सोमिल ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली सोमिल के पैर में लगी। उसका दूसरा साथी भाग गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। बता दें कि थाना नीमगांव से गोकशी कर पिकअप में मांस लादकर आ रहे तस्करों की रविवार की तड़के खमरिया थाना क्षेत्र में पुलिस से मुठभेड़ हो गई थी, पुलिस की गोली पैर में लगन से गांव मझगई निवासी गुलशेर घायल हो गया था। पुलिस ने गुलशेर और उसके साथी वकील अहमद को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि सोमिल और उसका एक साथी भागने में सफल रहा था।

# बाघ-तेंदुआ के बाद अब भेड़िया की दहशत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** 24 घंटे में तेंदुए के लगातार दो हमले के बाद वन विभाग अलर्ट के मोड में है। महेशपुर रेंज में टीमें कांबिंग कर रही हैं। शारदापुर रेंज में तेंदुए की तलाश में दो पिंजरे और कैमरे लगाए गए हैं। इसके बाद भी वन अफसर इन्हें पकड़ने में नाकाम हैं। हालांकि गंगाबेहड़ बिदौरा में एक व्यक्ति को तेन्दुआ द्वारा घायल किये जाने की सूचना को वन अफसरों ने गलत करार दिया है। प्रभागीय वनाधिकारी संजय कुमार विश्वाल का कहना है कि जब्बार अली पुत्र दुलारे निवासी गंगाबेहड़ थाना फूलबेहड़ लखीमपुर खीरी के शरीर पर किसी जंगली वन्यजीव द्वारा हमले के कोई निशान नहीं मिले हैं।



तेंदुआ को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा। ● अमृत विचार

- धौरहरा रेंज के गांव कुरतैहा में दिखा भेड़िया, विभाग कर रहा इनकार
- मोहम्मदी-महेशपुर रेंज में बाघ तो शारदा नगर में तेंदुए की दहशत

धौरहरा रेंज के गांव कुरतैहा के आसपास भेड़िया की चहलकदमी है। हालांकि वन अफसर भेड़िया होने से इनकार कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण भेड़िया पकड़ने की मांग कर रहे हैं। गांव निवासी रुकसाद सोमवार की दोपहर खेतों की तरह गया था। गन्ने के खेत से निकले भेड़िया देखकर वह सहम गया। उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीण पप्पू, शकील, नौशाद ने बताया कि ग्रामीणों ने भेड़िया के डर से खेतों में जाना बंद कर दिया है। उधर, शाारदानगर रेंज की फूलबेहड़ बीट के वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र में ग्राम गंगाबेहड़ एवं बिदौरा की कांम्बिंग कराई गई। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वन क्षेत्र से बाहर विचरण कर रहे तेन्दुए को पकड़ने के लिए दो पिंजरे लगाये जाने के साथ ही कैमरा ट्रैप की संख्या बढ़ाई गई है। प्रभावित क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक कैमरे लगाये गये हैं। क्षेत्र में वृहद स्तर पर गन्ने की फसल के बीच तेन्दुए को खोजने के लिए थर्मल ड्रोन की सहायता भी ली जा रही है। वन्यजीव तेन्दुआ के रेस्क्यू हेतु प्रभाग स्तर से वनकर्मियों के दल बनाकर ड्यूटी लगाई गई है। मोहम्मदी-महेशपुर रेंज में बाघ की दहशत बरकरार है। बाघ को पकड़ने के लिए टीमें कांबिंग कर रही है, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी है।

# सात साल की बालिका से गन्ने के खेत में की छेड़छाड़

**पसगवां, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। गांव का ही एक युवक बालिका को गन्ने के खेत में खींच ले गया और छेड़छाड़ की।

बालिका की मां ने बताया कि वह सोमवार को घर में खाना बना रही थी। बालिका का पिता ई रिक्शा लेकर गया हुआ था। उसकी सात साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच युवक बालिका को गन्ने के खेत में खींचकर ले गया और छेड़छाड़ करने लगा। बालिका के शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तो आरोपी भाग गया। पीड़िता का पिता देर रात घर आया। तब परिवार वालों ने घटना की जानकारी दी। इसकी सूचना पीड़िता के पिता ने सोमवार को थाना पसगवां को दी है। पुलिस ने गांव जाकर जांच की है। थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर ने बताया कि मामला संज्ञान में है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे पुत्र का नाम विलाल अहमद VILAL AHMAD पुत्र इंतजार अहमद हैं। जबकि विशाल VISHAL यह नाम गलत है।। सही नाम विलाल अहमद VILAL AHMAD है, मेरे पुत्र को भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **इंतजार अहमद पुत्र स्व. मकबूल निवासी- ग्राम व पोस्ट करेली थाना-सुभाषनगर, बरेली।**

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA
(Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly)
Walk-in-Interview
Assistant Professor for U.G. & P.G. Classes in English. Eligible Candidates may attend with Resume & all testimonials.
Date- 14/10/2024 | Time -12 PM to 01 PM
Place - Management Room (Red Building)
Address - Maharaja Agrasen Mahavidyalaya, Near Transport Nagar, Shahjahanpur Road, Bareilly.
Mob. 9012937191, 9690002585
General Secretary

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।




# सेवानिवृत्त शिक्षक के घर 10 लाख की नगदी-जेवर चोरी

## निघासन के गांव खैरहनी में चोरों ने दरवाजे की कुंडी कपड़े से बांध घर वालों को कमरे में किया बंद

संवाददाता, निघासन

● 60 हजार रुपये व 12 कारतूस भी ले गए चोर, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

**अमृत विचार:** थाना निघासन के गांव खैरहनी निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक हरद्वारीलाल पांडेय के घर रविवार की रात चोर घुस गए। बाहर से कपड़े से कुंडी बांधकर सो रहे परिवार वालों को कमरे में बंद कर दिया। चोर ड्राइंग रूम में रखी दो अलमारियों का लॉक तोड़कर 60 हजार की नगदी समेत करीब दस लाख रुपये के जेवर और 12 कारतूस चोरी कर ले गए।

गांव खैरहनी निवासी हरद्वारी लाल पांडेय ने बताया कि रविवार की रात चोर उनके घर में घुस आए। वह परिवार समेत जिस कमरे में सो रहे थे उस कमरे की कुंडी बाहर से कपड़े से बांध दी। ड्राइंग रूम में रखी लोहे की दो अलमारियों को सब्बल से तोड़ दिया। उसमें रखे 60 हजार रुपये, 20 ग्राम का सोने का मटरमाला, सोने के कुंडल, झाले, टॉप्स, अंगूठी, चेन समेत करीब 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और 12 कारतूस चोरी कर लिए। रात करीब दो बजे के बाद जब वह लघुशंका करने के लिए उठे और दरवाजा खोलने के प्रयास किया तो दरवाजा बाहर से बंद था।

शोर शराबा करते हुए किसी तरह से दरवाजा खोलकर वह बाहर निकले तो देखा ड्राइंग रूम के दरवाजे के पास खड़ा चोर खेतों की तरफ भागने लगा। वह पीछा कर जब खेत की तरफ गए तो चार अन्य चोर उसे देखकर भाग निकले। उन्होंने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।


ड्राइंग रूम में अलमारी से बाहर फेंका गया सामान। ● अमृत विचार


मकान की दीवार में लगी सेंध देखते लोग। ● अमृत विचार

### पुलिस की गश्त पर उठे सवाल

गांव खैरहनी निघासन-पलिया स्टेट हाईवे पर है। हाईवे पर पुलिस रात में गश्त भी करती है। हरद्वारीलाल पांडेय का घर हाईवे से महज 50 मीटर की दूरी पर है। खास बात यह है कि कुछ ही दूरी पर पुलिस पिकेट प्वाइंट भी है, लेकिन चोरों में पुलिस का कोई भय नहीं दिखा और वह बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे गए। इससे पुलिस की गश्त व्यवस्था भी सवालों के घेरे में गई है।

### अछनियां पुरवा में सेंध लगाकर लाखों की चोरी

**बेहजम,अमृत विचार :** बेहजम पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव अछनिया पुरवा निवासी समशुल निशा ने बताया कि रविवार की रात वह अपनी बेटी के साथ घर में सो रही थीं। रात में किसी समय चोरों ने दीवार में नकब लगा दी और घर के अंदर घुस आए। चोर कमरे में रखे बक्से और अलमारी का ताला तोड़ कर 20 हजार रुपये की नगदी और करीब ढाई लाख के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बता दें कि हफ्ते भर पहले चोर गांव टिकौला और उमरपुर के दो घरों से लाखों रुपये की नगदी और जेवर चोरी कर चुके हैं। पुलिस अभी किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

चोरी की घटना की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। - **महेश चंद,** प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन

# तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का समापन

**भीरा, अमृत विचार:** दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन छाजूराम केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज में हुआ। अंडर-14 में छाजूराम केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज की खुशी शुक्ला, अनुष्का देवल, आदिल अली, अभिषेक कुमार और पब्लिक इंटर कॉलेज संपूर्णानगर की अंतिमा सिंह, जिला पंचायत इंटर कॉलेज भीरा के राजकुमार चैंपियन रहे। विजेताओं को पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि पलिया सीओ यादवेंद्र यादव ने सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को खेल का महत्व बताकर कानून का पालन करने पर जोर दिया। निर्णायक संदीप अवस्थी, परमजीत सिंह, प्रमोद यादव, सुल्तान सिंह रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कृष्ण अवतार भाटी, डोरी लाल भार्गव, राजेश भारती सहित संयोजक व प्रधानाचार्य मुकुट बिहारी मिश्रा, दीपेंद्र मिश्रा, संजीव सिंह, रामपाल सिंह, अवध बिहारी शुक्ला, सूर्य प्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बरकत अली 25 साल से बना रहे रावण का पुतला


रावण का पुतला बनाते बरकत अली। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

● पिता से सीखा हुनर, गोला और लखीमपुर सहित विभिन्न नगरों में बनाते हैं पुतला

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला काकूपूरियान निवासी बरकत अली पिछले करीब 25 वर्षों से रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों सहित सोने की लंका की अनुकृति बनाते आ रहे हैं। यह हुनर उन्होंने अपने पिता फजलुर्रहमान से सीखा था।

बरकत अली बताते हैं कि किशोरावस्था से ही वे अब्बा के साथ मेला दशहरा में जाकर यह सब सीखते थे। अब लखीमपुर खीरी के अतिरिक्त कई जनपदों और कस्बों में भी उनकी मांग बढ़ गई है। अब वे पुतला बनाने की कला में पूर्णतः निपुण हैं । वह कहते हैं कि इस महंगाई के दौर में सारा सामान महंगा होने से घर का खर्चा तक चला पाना कठिन हो रहा है।

# अपराधियों से डरें नहीं, मजबूती से करें सामना

बेलरायां/लखीमपुर खीरी

● मिशन शक्ति : छात्राओं में पुलिस ने भरा जोश, आत्मसुरक्षा के प्रति किया जागरूक

● हेल्पलाइन नंबर और सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनियां की पुलिस चौकी बेलरायां क्षेत्र में चल रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत सरजू सहकारी चीनी मिल आवासीय परिसर में स्थित सरस्वती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में पुलिस ने गोष्ठी आयोजित की। महिला आरक्षियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके बताए और हेल्पलाइन आदि की जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। गोष्ठी चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार यादव की अगुवाई में आयोजित हुई। महिला आरक्षी पिंकी सविता, हेड कांस्टेबल व सारिका राजपूत ने ऑपरेशन गरुड़, ऑपरेशन शील्ड, आपरेशन डेस्ट्रॉय, ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन मजनू आदि के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। महिला अपराध रोकने के लिए उनमें जोश भरा। पिंकी, सविता ने कहा कि महिला अपराध होने पर डरे नहीं। उसका जमकर मुकाबला करें। मदद के लिए पुलिस से संपर्क करें। पुलिस हर संभव उनकी मदद करेगी। महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। आत्मरक्षा के उपायों को भी बताया। छात्राओं ने चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार यादव, महिला सिपाहियों आदि का बैच लगाकर स्वागत किया। इस दौरान हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र यादव, पूरन बंसला आदि मौजूद रहे।


छात्राओं को संबोधित करती आरक्षी पिंकी सविता।


चौकी इंचार्ज बेलरायां अभिषेक कुमार का बैच लगाकर स्वागत करती छात्रा।


कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

### डेमो दिखाकर छात्राओं को बताई पुलिस की कार्यशैली

मिशन शक्ति अभियान के तहत कोतवाली तिकुनिया की पीआरवी 2897 में मौके पर मौजूद रही। गोष्ठी के बाद यूपी 112 पुलिस ने छात्राओं को पूरा डेमो करके दिखाया। उन्हें बताया कि पुलिस निर्धारित समय में किस तरह से मौके पर पहुंचती है और रिस्पांस देती है। छात्राओं ने डेमू देख यूपी 112 पुलिस की काफी सराहना की।

### भीरा पुलिस ने बालिकाओं को पढ़ाया आत्मरक्षा का पाठ

**संवाददाता, भानपुर/ भीरा, अमृत विचार :** वन बीट कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज भीरा में पुलिस ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन पर चर्चा की। एसआई महिला मनीषा पांडेय ने मिशन शक्ति के तीनों आयामों को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। इस पर चर्चा करते हुए नर्सिंग में शिक्षारत छात्राओं को अपनी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जागरूक किया। इस दौरान तमाम छात्राएं मौजूद रहीं।

# श्रीराम ने तोड़ा धनुष, लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने किया मुग्ध

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● गाजे बाजे और शोभायात्राओं के साथ नगर की सड़कों पर निकली राम बरात

**अमृत विचार:** श्रीरामलीला में सोमवार को धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। नगर में गाजे बाजे के साथ निकली राम बारात का नगर में कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

श्रीरामलीला के मंच पर जब जानकी के स्वयंवर में कोई भी राजा शिव धनुष को हिला भी नहीं पाये तो राजा जनक बड़े दुखी और निराश हो गए। प्रभु राम ने गुरु की आज्ञा पर धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढाई तो धनुष टूट गया। धनुष खंडन होते धनुष टूटने की टंकार सुनकर परशुराम पहुंचे और धनुष तोड़ने वाले को दंड देने की बात कही। यह सुनकर लक्ष्मण को भी क्रोध आ गया। लक्ष्मण ने कहा धनुष पुराना था, उठाने मात्र से ही टूट गया। आप जैसे ज्ञानी मुनि को क्रोध शोभा नहीं देता।

इसके बाद सीताजी ने प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला डाल दी। मेला मैदान में मौजूद दर्शक प्रभु राम और सीता की जय जयकार करने लगे। रामलीला के पांचवे दिन नगर में गाजे बाजे, आतिशबाजी के साथ श्रीराम बरात निकाली गई। खुटार रोड स्थित श्रीरामलीला भवन से शुरू हुई श्रीराम बारात मिल रोड, डायवर्जन रोड, मोहम्मदी रोड, अशोक चौराहा होते हुए सब्जी मंडी पहुंची, जहां गल्ला, किराना, व्यापारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने पात्रों की आरती उतारकर पूजन, स्वागत किया। मेला मैदान के मंच पर देर रात श्रीराम सीता विवाह का मंचन किया गया। रामलीला समिति के संरक्षक जनार्दन गिरि, अध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, महामंत्री पंकज गुप्ता, रामगुलाम पांडे, रामासरे अवस्थी, शोभित सिंह, आनंद किशोर गिरि, सुभाष मिश्रा, विनोद तिवारी, सुनील गुप्ता, पंकज मिश्रा, सुरेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।


रथ पर सवार राम लक्ष्मण का रूप धरे कलाकार। ● अमृत विचार

# याद-ए-मुलायम कार्यक्रम में आज आएंगे माता प्रसाद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की स्मृति में पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने याद-ए-मुलायम कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को ओयल स्थित पवन रिजार्ट में शाम छह बजे से किया है। इसमें लोक गायिका कवयित्री नेहा सिंह राठौर समेत कई नामचीन कवि शामिल होंगे। शशांक यादव ने बताया कि कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू होगा। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय होंगे। अध्यक्षता कवि पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह करेंगे। कार्यक्रम में कवि जमुना प्रसाद उपाध्याय और फारूख सरल के साथ ही सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, सीतापुर, धौरहरा, खीरी के सांसद आदि शामिल होंगे।

# राम-सीता का विवाह, निकली बरात

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर की रामलीला के पांचवे दिन श्रीराम बरात का आयोजन हुआ। इस दौरान पूरा शहर रोशनी से जगमगा उठा।

सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट के सर्वराकार विपुल सेठ ने बताया कि सोमवार रात आठ बजे मथुरा भवन से भगवान राम की बरात निकली। इसमें चारों भाईयों सहित भगवान श्रीराम, सीता, दशरथ, एवं राजा जनक के अलावा श्री कृष्ण, भगवान विष्णु आदि की झांकियां सजी थीं। राम बरात इमली चौराहे होते हुए मुड़िया महंत मंदिर से होते हुए बाद गल्ला मंडी, संकटा देवी चौकी से मेला मैदान की लिए रवाना हुई। इस दौरान मेला मैदान रोड पर बरात का भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद मेला मैदान में श्रीराम के साथ लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के विवाह का मंचन किया गया। सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। इस दौरान भरत शत्रुघ्न और लक्ष्मण का विवाह क्रमशः मांडवी, श्रुतकीर्ति और उर्मिला से हुआ। इस दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस बल और ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे।


श्रीराम बरात में शामिल झांकियां की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### श्री हरिद्वारी वैश्य समिति ने बताईं समाज की समस्याएं

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** श्री हरिद्वारी वैश्य समिति ने एमएलसी अनूप गुप्ता का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। समाज के लोगों को आ रही समस्याएं बताईं। प्रदेश महामंत्री ने जल्द ही समाधान कराने का आशवासन दिया। समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, शरद गुप्ता सोनू, विजय आदि मौजूद रहे।

### छात्राएं डरें नहीं निर्भीक होकर निकलें

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मिशन शक्ति के तहत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम कर छात्राओं को निर्भीक होकर सजग रहने के लिए जागरूक कि गया। कोतवाली की महिला उप निरीक्षक सर्वेश मौर्य, उप निरीक्षक अपूर्वा शर्मा और उप निरीक्षक तृप्ति ने शिक्षिकाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। संचालन आचार्य चंद्रेश अग्निहोत्री ने किया। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने आभार व्यक्त किया। महिला कांस्टेबिल रजनी शर्मा, आरती शर्मा भी मौजूद रहीं।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गोला गोकर्णनाथ।** क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव घरथनियां निवासी धर्मवीरघायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत खतरे के बाहर बताई गई है।

### दुधवा में रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित

**पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा पर्यटन परिसर में इन दिनों मनाये जा रहे वन्य प्राणी सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को विद्यार्थियों की रंगोली, पेंटिंग एवं शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं- जिनमें क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने मौके पर मौजूद वन अधिकारियों को बताया कि उन्हें वन एवं वन्यजीवों से लगाव के चलते उनके चित्र बनाना अच्छा लगता है, इसलिए उन्होंने घरों में भी उनकी कई पेंटिंग बनाकर टांग रखी हैं। वन्य जीव प्रतिपालक महावीर सिंह सहित अन्य अधीनस्थ वनाधिकारी व कनिष्ठ सहायक सुशांत सिंह आदि मौजूद रहे।

### बड़ी नहर में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में अलीगंज रोड की शारदा ब्रांच नहर में ग्राम बक्खारी के पास एक अज्ञात युवक का शव पाया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सोमवार को दोपहर बाद अलीगंज रोड पर शारदा ब्रांच नहर में 40 वर्षीय युवक का शव उतराता मिला। कोतवाली के उपनिरीक्षक विश्वनाथ मिश्र ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। उन्होने बताया कि शव दो, तीन दिन पुराना लग रहा है, जो पानी में पड़ा रहने से फूल और सड़ गया है। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को सीलकर मोर्चरी के लिए भिजवा दिया।

### डायलिसिस सेंटर पर 54 रोगियों का ब्लड कलेक्शन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सोमवार को डायलिसिस सेंटर पर जांच शिविर लगा। इसमें डायलिसिस कराने आए 54 लोगों की जांच के लिए ब्लड सैम्पल लिया गया। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि डायलिसिस कराने के लिए आने वाले मरीजों की समय समय पर जांच की जरूरत पड़ती है। इसलिए माह के पहले और तीसरे सोमवार को डायलिसिस सेंटर पर सैंपल कलेक्शन के लिए निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को सुबह आठ से 11 बजे तक ब्लड सैंपल लिए गए। इस दौरान अतुल गुप्ता ने 54 किडनी रोगियों की सीबीसी, केएफटी, एलएफटी की जांच के लिए सैंपल कलेक्ट किए गए। सीएमएस ने बताया कि रोगियों को दूसरेस दिन जांच रिपोर्ट मुहैया करा दी जाएगी। शिविर में सेंटर मैनेजर ओम शर्मा के साथ डायलिसिस टीम मौजूद रही।

### केरल में आयोजित कार्यक्रम में कृषि शासनम के संदर्भ में बोले प्रोफेसर योगेंद्र मिश्र

# जर्मन में पढ़ाया जाता है पंडित दशरथ शास्त्री का कृषि ग्रंथ

गजेंद्र चौहान, कासगंज



कार्यक्रम में बोलते प्रोफेसर योगेंद्र मिश्र।

**अमृत विचार:** भारत सरकार के हिंदी सलाहकार समिति विधि एवं न्याय मंत्रालय एवं उच्च शिक्षा मंत्रालय के सदस्य प्रोफेसर योगेंद्र मिश्र ने एक ऐसा रहस्य केरल में प्रस्तुत किया जिसके बारे में आज तक सोरों के लोगों को भी जानकारी नहीं थी। उन्होंने केरल में हुए कार्यक्रम में कृषि शासनम के बारे में बताया कि सोरों के पंडित दशरथ शास्त्री का कृषि ग्रंथ जर्मनी के 16 विश्वविद्यालय में पढ़ाया जाता है।

पंडित योगेंद्र मिश्र कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान कोझिकोड, केरल में दशरथ शास्त्री कृत ''कृषि शासनम'' ग्रन्थ के विशेष सन्दर्भ में बोल रहे थे। पंडित दशरथ द्विवेदी शास्त्री का जन्म 12दिसंबर1873 शूकरक्षेत्र सोरों में हुआ था। देहावसान 11 अप्रैल 1957 को हुआ। प्रोफेसर मिश्र ने बताया कि पंडित शास्त्री का कृषि पर ग्रन्थ जर्मन में पढ़ाया जाता है। शास्त्री जी के ग्रन्थ अद्भुत हैं। मैं उनके ग्रन्थ कृषि शासनम पर शोध कार्य कर रहा हूं। यहां की सरकार को भी चाहिए कि सोरों की इस विभूति के ज्ञान का लाभ भारत के किसानों को मिले।

प्रो. मिश्र ने कहा कि भारत में किसानों की पैदावार कम,लागत अधिक, फसल का उचित मूल्य न मिलना,विदेशी पद्धति से खेती आदि के कारण यहां किसान देह हत्या करता है। कर्ज में डूबता है। बड़े दलाल लाभ में है। ऐसे में ग्रन्थ कृषि शासनम उपयोगी हो सकती है। उन्होंने बताया कि पण्डित शास्त्री ने आठ वर्ष की आयु में हिन्दी लिखने पढने की अच्छी योग्यता प्राप्त कर ली थी। 12 वर्ष की आयु में पंडित लक्ष्मण मिश्र ने अमरकोष और लघु सिधान्त कौमुदी का प्रारम्भ किया। 14 वर्ष की आयु में एटा के मारहरा निवासी पंडित रामनाथ गौड शास्त्री से अन्तिम भाग कौमुदी समाप्त कर अष्टाध्यायी एवं महाभाष्य ,काव्य आदि प्रारम्भ कर 19 वर्ष की अवस्था में समाप्त किये। पण्डित मेवाराम मिश्र कृत बैद्य-कौस्तुभ नामक चित्र काव्य (आयुर्वेद विषयक एक क्लिष्ट ग्रन्थ ) की मिताक्षरा नामक संस्कृत टीका की। 19 वर्ष की आयु में पिताजी स्वर्गगामी हो गये। अनेकानेक कठिनाइयों के होते हुये भी विद्याध्यन में कमी नहीं होने दी।

20 से 23 वर्ष की आयु तक स्वामी आत्मानन्द पुरी से वेदान्त विषयक पञ्चदशी ,सान्ख्यतत्व कौमुदी,साङ्ख्य प्रवचनीय भाष्य और स्वामी प्रकाशानन्द जी पुरी से प्रस्थानत्रयी का अध्ययन किया । स्वामी प्रकाशानन्द पुरी के काशी प्रस्थान करने पर वे भी काशी चले गये और स्वामी जी से ही पंचदशी ,पक्षता ,व्यधिकरण आदि नव्य न्याय ग्रन्थों तथा गोपाल मन्दिर में पंडित राम शास्त्रीजी से व्याकरण के शेखरादि टीका ग्रन्थों का अध्ययन कर सोरों लौट आये । सोरों में सूर्यकुंड पर सज्जनानन्दिनी पाठशाला स्थापित की, जिसमें कई वर्ष तक अवैतनिक अध्यापक रहकर विद्यादान करते रहे। 26 से 53 वर्ष की आयु तक उन्होंने 14 पुस्तकों की रचना की थी तथा दो पुस्तकों (वैद्यकौस्तुभ काव्य तथा शूकर क्षेत्र माहात्म्य ) की संस्कृत और भाषा टीका की थी।

प्रो.योगेंद्र मिश्र ने बताया कि कृषिशासनम,विधानमार्तण्ड, आधुनिक मतमर्दन, कातन्त्रचन्द्रिका, श्लोकबद्ध लघुसिद्धान्तकौमुदी, वियोगिनीवल्लभ काव्य, सर्पचिकित्सा, विषोपविष मीमांसा,समस्यापूर्ति काव्य, देवस्तोत्र, गोत्रकौमुदी काव्य,प्रतिनिधि काव्य, दिल्लगी दर्पण भाण, डुकरिया पुराण उनके प्रमुख ग्रंथ हैं। प्रो.मिश्र ने दक्षिण भारत के कृषि वैज्ञानिकों को बताया कि कृषिकार्य सर्वयुगों में महनीय माना गया है। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. आर दिनेश, डॉ. प्रसन्ना सहित अन्य हिंदी अधिकारी मौजूद रहे।

## गोमाता के अंगों में देवी देवताओं का वासः केसरीनन्दन

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मां मंगला देवी महोत्सव में कथाव्यास केसरीनन्दन शुक्ल ने गौरक्षण का सन्देश देते हुए कहा कि गोमाता के प्रत्येक अंग में देवी देवताओं का वास होता है। गाय की पूजा करने से कई जन्मों का पुण्य प्राप्त होता है। नगर के खुटार रोड स्थित मा मंगला देवी मंदिर पर हो रही देवी भागवत कथा में कथा व्यास ने गौसेवा पर जोर देते हुए सुनाया कि जब असुरों ने तपस्या से बल अर्जित कर देवी-देवताओं पर बल प्रयोग किया, तो गोमाता ने अपने शरीर के विभिन्न अंगों में उन्हें संरक्षण दिया था। उन्होंने कहा की मधु, कैटव, महिषासुर जैसे बलशाली दैत्यों का माता भगवती के द्वारा उद्धार हुआ। आयोजकों ने बताया कि परिसर की यज्ञशाला में चंडी देवी के पाठ अनवरत चल रहे हैं। 10 अक्टूबर को यज्ञ की पूर्णाहुति, देवी भागवत कथा का विराम और 11 अक्टूबर को कन्याभोज, भंडारा होगा। केके शुक्ल, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र मिश्रा, नन्ही देवी, मुन्नी दीक्षित, प्रेमलता, संतोष मिश्रा, अनीता अवस्थी आदि मौजूद रहीं।

## मां वैष्णो दरबार के मंच पर विद्यार्थियों ने बिखेरा जलवा

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्थान शुगर लि की पुरानी कालोनी में सजाए गए मां वैष्णो दरबार में चीनी मिल परिसर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आराध्या, साक्षी, वैशणवी ने चली मैं अपने कान्हा जी से मिलने, पारवी, निधि ने छोटी छोटी गइयां, छोटे छोटे ग्वाल, माही शुक्ला ने मइया यशोदा मै तेरा कन्हैया, रोशनी, रितिका ने होली खेले मसाने में, यति सैनी ने राधा तेरी चुनरी सहित 70 बच्चों ने रिकार्डिंग गीतों पर नृत्य, प्रहसन प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि अमृत विचार के ब्यूरो चीफ विकास शुक्ला ने पुरस्कृत किया। अवधेश श्रीवास्तव दीपू लाल, अतुल पुरवार, अरुण श्रीवास्तव, पप्पू सिंह, बब्बू सक्सेना, विवेक गुप्ता, अंकुश माहेश्वरी, अनुज खरे, शिव खरे आदि मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत जमुनिया कढ़िले विकासखंड पसगवां खीरी

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जमुनिया कढ़िले वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन) हेतु 15 वां वित्त टाईड /SBMG वित्त योजना के अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार कार्य कराया जाना है जिसमें सामग्री आपूर्ति टेंडर कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं इच्छुक लोग/ फर्म/ कोटेशन, टेंडर दिनांक 08.10.2024 से 15.10.2024 तक दोपहर 2:00 बजे तक निविदा टेंडर जमा कर सकते हैं ग्राम पंचायत में निविदाएं दिनांक 15.10.2024 को अपराहन 4:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नियोजित)।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना | मात्रा | प्रति इकाई लागत | लागत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कचरा वाहन | 15वां वित्त टाईड/sbm | 01 | 150000 | 150000 |
| 2 | सामुदायिक सोक पिट | 15वां वित्त टाईड/sbm | 12 | 11700 | 140400 |
| 3 | आरआरसी केंद्र | 15वां वित्त टाईड/sbm | 01 | 250000 | 250000 |

रमेश (ग्राम प्रधान) कुणाल गुप्ता (सचिव)



### कार्यालय ग्राम पंचायत पदारथपुर वि.खं. भुता, बरेली

पत्रांक : 65 लेखा/टेण्डर/वर्ष 2024-25 दिनांक : 05.10.2024

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पदारथपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में सी.सी. कार्य होना है। कार्य का नाम मुख्य चकमार्ग से कोल्ड स्टोर तक सी.सी. व दीवार कार्य जिसकी अनु. लागत 7.97 लाख है। आपूर्ति सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, ईट, रोड़ा आदि सामग्री हेतु निविदा आमन्त्रण की जाती है जिन्हें कार्यालय ग्राम पंचायत में दिनांक 13.10.2024 तक जमा कर सकते हैं।

ब्रजेश कुमार सचिव — श्रीमती हसीना प्रधान



### कार्यालय ग्राम पंचायत कंजा चकरपुर वि.खं. भुता, बरेली

पत्रांक : 20 लेखा/कुटेशन/टेण्डर/वर्ष 2024-25 दिनांक : 07.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कंजा चकरपुरमें मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में सी.सी. कार्य होना है जिसके लिए सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, रोड़ा, ईट आदि सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रण की जाती है जिसे दिनांक 13.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा कर सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | वीरपाल के घर से राजपाल के घर तक सी.सी. व नाली | 3.99 लाख |
| 2. | बीसलपुर रोड से रामस्वरूप के घर तक सी.सी. व नाली | 1.99 लाख |
| 3. | जगवीर के घर से बाबू राम के घर तक सी.सी. व नाली | 1.61 लाख |

सचिव आदेश यादव — दुर्वेश कुमार प्रधान


# चार माह की बच्ची को गन प्वाइंट पर लेकर की लूटपाट

## युवक के सिर पर तमंचे की बट मारकर घायल किया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बाइक सवार तीन बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने रोका

**अमृत विचार:** बाइक सवार तीन लुटेरों ने दंपती की बाइक रोक ली। उनकी चार महीने की बेटी को गन प्वाइंट पर लेकर महिला के जेवर लूट लिए। पुलिस ने बदमाशों की खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला।

फ़रधान थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया अंडू निवासी राजकिशोर गुप्ता ने बताया कि वह अपनी पत्नी गीता और चार माह की बच्ची निहारिका को साथ लेकर गांव ककराही गए थे। सोमवार की शाम बाइक से वापस घर जा रहे थे। शाम करीब साढ़े सात बजे गांव गूमचीनी के पास बाइक सवार तीन बदमाश पास में आए और लकेश्वर गांव जाने वाला रास्ता पूछने लगे। उसी समय एक बदमाश ने बाइक पर बैठी गीता को पकड़ने की कोशिश की। खतरा भांप कर उन्होंने लकेसर मार्ग पर बाइक भगा दी। तीनों बाइक सवारों नेओवरटेक कर उनकी बाइक रोक ली। बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट लगाए हुए था। दो बदमाशों के चेहरे खुले थे। बिना नंबर प्लेट लगी बाइक थी। पीछे बैठे बदमाश ने गीता की गोद से चार माह की बच्ची को छीन लिया। कनपटी पर तमंचा लगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। गीता ने डरकर सोने का हार, पायल, सोने के झाले समेत सारे जेवर दे दिए। बदमाशों ने राजकिशोर से सोने की चेन व अंगूठी भी लूट ली। सूचना पाकर मौके पर यूपी 112 पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। राजकिशोर का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया घटना की जानकारी मिली है। पुलिस मौके पर है। तलाश की जा रही है। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

खबरें www. amrit vichar. com पर भी पढ़े।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहांपुर

पत्रांकः 1235/(4)/न.पा.प.ज./2024-25 दिनांकः 07 अक्टूबर 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, जलालाबाद , शाहजहांपुर में अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में इकट्ठा किये गये गौवंशीय गोबर की नीलामी हेतु दिनांक 11 अक्टूबर 2024 को अपराहन् 12:00 बजे ग्राम सराय सार्थी रोड पर स्थित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में की जायेंगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित स्थान तिथि व समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि एकमुश्त जमा की जायेगी।

| क्र.सं. | नीलामी का विवरण | अग्रिम जमानत राशि |
|---|---|---|
| 1 | गोवंशीय गोबर नीलामी हेतु | 5000.00 |

एच.एन. उपाध्याय अधिशासी अधिकारी — शकील अहमद खां अध्यक्ष



### कार्यालय ग्राम पंचायत नगरा विकासखंड बेहजम खीरी

पत्रांकः- मेमो/निविदा/मनरेगा वर्ष 2024- 25 दिनांकः 07.10.2024

**अति अल्पकालीन निविदा**

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024;25 के अंतर्गत मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यो पर कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 08/10/24 से 13/10/24तक की जाएगी जो दिनांक 14/10/24 सुबह 12 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बॉक्स में 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 15/10/24 को अपराहन 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धन राशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | लल्लन के मकान से सरोज के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | रोड़ा 42 घनमी., सीमेंट 150 बोरी, मोटी बालू 21 घनमी., ईटा प्रथम 10156 nos, इंटरलॉकिंग ब्रिक् 16800 nos, गिट्टी 1.6376 घन मी, मौरंग 6.8908 घन मी, बालू जमुना 31.20 घन मी | 833003.00 |

मुन्ना लाल (ग्राम प्रधान) अमीर चंद राना (ग्राम पंचायत अधिकारी) कमलेश सिंह (तकनीकी सहायक)



### कार्यालय ग्राम पंचायत मिर्जापुर, वि.खं. मझगवां, जिला बरेली

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिर्जापुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में निम्न कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 08.10.2024 को प्रातः 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 10.10.2024 को प्रातः 10:30 बजे खोली जायेंगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र.सं. | ग्रा.पंचायत | कार्य का नाम | अनु. लागत | मद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मिर्जापुर | गंगाराम पाली के घर से राजेन्द्र पाली के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 71,684/- | राज्य वित्त/ मनरेगा |
| 2. | मिर्जापुर | मुन्नालाल के घर से सामुदायिक शौचालय तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 339708/- | मनरेगा |

विमला देवी (ग्राम प्रधान) — हेमन्त श्याम (ग्राम विकास अधिकारी)



### कार्यालय नगर निगम, बरेली

पत्रांक : 272/रा.वि./प्र.रा./2024-25 दिनांक : 05.10.24

**सूचना-नीलामी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व विभाग से सम्बन्धित ठेकों की सार्वजनिक नीलामी उनके आगे उल्लिखित तिथियों पर पूर्वान्ह 11:00 बजे से नगर निगम बोर्ड हाल में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति बोली में भाग लेने से पूर्व पैन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति, जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र एवं नगर निगम, बरेली द्वारा जारी अदेयता प्रमाण-पत्र तथा जमानत धनराशि नकद/बैंक ड्राफ्ट जमा करके बोली में भाग ले सकते है। नीलामी से सम्बन्धित शरायतें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय राजस्व विभाग में देखी व समझी जा सकती है। निम्न ठेके स्वीकृति की दिनांक से एक वर्ष तक के लिये मान्य होंगे, कुल ठेका राशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगी, नीलामी का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | नीलामी तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | कुतुबखाना बाजार सब्जी मण्डी भू राजस्व शुल्क | 1,00,000/- | 14.10.2024 |
| 02 | श्याम गंज बाजार सब्जी मण्डी भू राजस्व शुल्क | 50,000/- | 14.10.2024 |

यदि किसी कारणवश कोई ठेका निर्धारित तिथि को नहीं होता है तो उक्त ठेके की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 15.10.2024 को होगी।

प्रभारी राजस्व, नगर निगम, बरेली।



### सम्मन बनाम प्रतिवादी

**अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय कलीनगर**
**वाद संख्या-T202312560402407 सन् 2023**

1. सुमिरन पुत्र छब्बू नि. ग्राम वीरखेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत वादी
1. वरसतिया पत्नी रम्मन नि. ग्राम वीर खेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत 2. सन्तलाल पुत्र तेजू नि. ग्राम वीर खेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत 3. वसन्तलाल पुत्र तेजू नि. ग्राम वीर खेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत 4. रामनरायन पुत्र तेजू नि. ग्राम वीरखेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत 5. राजाराम पुत्र तेजू नि. ग्राम वीरखेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत 6. उस्मान मिया पुत्र सुबराती नि. ग्राम वीरखेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत 7. अनारी देवी पत्नी राजकुमार नि. ग्राम वीरखेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत 8. साहव जान पुत्र फरीदन मियां नि. ग्राम वीरखेड़ा ता. महाराजपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत प्रतिवादीगण

वाजैही कि आपके खिलाफ एक नालिस दफा 116 उ.प्र. रा.सं. दायर की है अतः आप दिनांक 15.10.2024 वबक्त 11 बजे दिल असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्त जो वाकिफ हाल मुकदमा उक्त दिनांक पर अपनी जबावदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो को व नीज दस्तावेज जिनकी सहादत पर आपव ताईद अपनी जवाबदेही इस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिर में आपके मसमूह फैसला होगा। दिनांक 04.10.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

न्यायालय उप जिलाधिकारी, कलीनगर



### कार्यालय ग्राम पंचायत करनपुर कलां, वि.खं. फरीदपुर (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करनपुर कलां में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत है :-ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | नन्हें के मकान से किसुनपाल के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण (मनरेगा) | 3.99 |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान — सचिव


# पैगंबर पर टिप्पणी का हिसाब दिल्ली के रामलीला मैदान में करेंगे : तौकीर

- आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर ने किया एलान, कहा- प्रदर्शन में आएंगे पूरे हिंदुस्तान के लोग

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने पैगंबर पर टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन का एलान किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस प्रदर्शन की तारीख घोषित कर दी जाएगी। मौलाना ने यह भी कहा कि महाकुंभ में मुसलमानों का कोई काम नहीं है। उन्हें दूसरे धर्म के आयोजनों से बचना चाहिए।

आईएमसी के 24वें स्थापना दिवस पर सोमवार को शहामतगंज के एक मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना तौकीर ने कहा कि यति नरसिंहानंद जैसे लोगों के पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में गुस्ताखी करने के खिलाफ अब कोई धरना या ज्ञापन नहीं दिया जाएगा। इसका हिसाब अब दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। मौलाना ने कहा कि इस प्रदर्शन के दौरान बरेली और आसपास के जिलों के लोग ही नहीं बल्कि पूरा हिंदुस्तान दिल्ली की सड़कों पर होगा। अगर हिंदुस्तान भर के लोगों से दिल्ली की सड़कें जाम हुईं तो वह जो चाहते हैं, वह हो जाएगा। मौलाना ने पैगंबर की शान में गुस्ताखी करने वाले को गिरफ्तार न किए जाने, मुस्लिम नौजवानों की मॉब लिंचिंग और एक दाढ़ी वाले को ट्रेन में पीटे जाने की घटनाओं का भी जिक्र किया।

अखाड़ा परिषद की ओर से महाकुंभ में मुसलमानों पर पाबंदी की मांग पर प्रतिक्रिया जताते हुए तौकीर रजा ने कहा कि महाकुंभ में मुसलमानों का कोई काम नहीं है। महाकुंभ में हिंदू रीति-रिवाज होते हैं, इसलिए धार्मिक आयोजनों से मुसलमानों को खुद को बचाना चाहिए। दूसरे मजहब में शादी करने वाली लड़कियों के बारे में कहा कि इस्लाम जैसे मजहब को ऐसे कमजोर लोगों की जरूरत नहीं है। अच्छा हुआ कि वे खुद ही चली गईं। कार्यक्रम में मुनीर इदरीसी, नदीम कुरैशी, मुफ्ती अहसान उल कादरी चतुर्वेदी, मौलाना शोएब रजा खान, सलीम खान, अनीस सकलैनी, मोहम्मद रिजवान अंसारी आदि मौजूद थे।


INDIAN BANK. A/C - 50403312932 IFSC Code - IDIB000P648 (BYE PASS ROAD BAREILLY)

# Rohilkhand Associates Pvt.Ltd

**Bannubal Nagar Bareilly U.P.**

**Invoice No -28** **Date- 30-09-2024**

बिल बाबत वर्क कन्ट्रैक्ट के आधार पर

**01-09-2024-To-30-09-2024**

नाम : अधिशासी अधिकारी
पता : नगर पंचायत बिलसण्डा, जनपद—पीलीभीत

| क्र0 | पदनाम | दर प्रतिदिन | दिन | संख्या | कुलयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुशल श्रमिक कम्प्यूटर | 600 | 27 | 1 | 16200 |
| 2 | कुशल श्रमिक कार्यालय | | मासिक | 24000 | 24000 |
| 3 | कुशल श्रमिक ड्राईवर | 487 | 26 | 1 | 12662 |
| 4 | कुशल श्रमिक | 487 | 26 | 14 | 177268 |
| 5 | अकुशल श्रमिक कर | 395 | 26 | 2 | 20540 |
| 6 | अकुशल श्रमिक | 395 | 26 | 20 | 205400 |
| 7 | कुशल श्रमिक | 487 | 30 | 8 | 116880 |
| | | | | योग | 572950 |
| | | | | EPF 13 % | 74484 |
| | | | | ESI 4.75 % | 27215 |
| | | | | योग | 674649 |
| | | | | Age. Charg 9.85 % | 66453 |
| | | | | कुल योग | 741102 |

For : Rohilkhand Associates Pvt. Ltd
Director



### कार्यालय ग्राम पंचायत अमृता वि.खं. शेरगढ़ जनपद बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत अमृता में ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य हेतु स्थल पर सामग्री हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी सामग्री विवरण निम्नवत् है :- ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेन्ट रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत अमृता में आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण | 400000 |
| 2. | ग्राम पंचायत अमृता में ई-रिक्शा खरीद | 125000 |
| 3. | ग्राम पंचायत अमृता में वर्मी कम्पोस्ट पिट | 50000 |
| 4. | ग्राम पंचायत अमृता में कम्पोस्ट पिट | 50000 |
| 5. | ग्राम पंचायत अमृता में सोक पिट | 50000 |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 08.10.2024 से आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 14.10.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान — सचिव



### कार्यालय ग्राम पंचायत अक्सौरा वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

**निविदा सूचना**

मनरेगा एवं ग्राम निधि की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्येदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मेन पुलिया से गुलाब राय के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | मनरेगा/ ग्राम निधि | 400000 |
| 2. | लालाराम राजपूत के घर से द्वारिका प्रसाद दिवाकर के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | मनरेगा/ ग्राम निधि | 400000 |
| 3. | चन्द्रपाल के घर से सोहन लाल के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | मनरेगा/ ग्राम निधि | 400000 |
| 4. | रामचन्द्र के घर से सुन्दर लाल के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | मनरेगा/ ग्राम निधि | 400000 |
| 5. | होरी लाल के घर से डालचन्द्र के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | मनरेगा/ ग्राम निधि | 350000 |
| 6. | ग्राम पंचायत अक्सौरा में दशमा घर का निर्माण कार्य | मनरेगा/ ग्राम निधि | 400000 |

उपरोक्त कार्य हेतु प्रथम ईट, बजरी, बजरफुट, मोरंग, सीमेंट, रेत, सरिया एवं जो प्राक्कलन में है आदि की आपूर्ति हेतु जी.एस.टी. फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08.10.2024 से दिनांक 11.10.2024 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक निविद बॉक्स में डाली जा सकती है जो दिनांक 11.10.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

ग्राम पंचायत सचिव-शेर सिंह — ग्राम प्रधान-हरस्वरूप



### कार्यालय ग्राम पंचायत खाता वि.खं. शेरगढ़ जनपद बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत खाता में ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य हेतु स्थल पर सामग्री हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी सामग्री विवरण निम्नवत् है :- ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेन्ट रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत खाता में आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण | 300000 |
| 2. | ग्राम पंचायत खाता में ई-रिक्शा खरीद | 125000 |
| 3. | ग्राम पंचायत खाता में वर्मी कम्पोस्ट पिट | 50000 |
| 4. | ग्राम पंचायत खाता में कम्पोस्ट पिट | 50000 |
| 5. | ग्राम पंचायत खाता में सोक पिट | 50000 |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 08.10.2024 से आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 14.10.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान — सचिव

# राष्ट्र-धर्म की रक्षा, निर्दोषों को बचाने के लिए हिंसा धर्मसम्मत

## वाराणसी में मुख्यमंत्री ने कहा, एक तबका जन्मसिद्ध अधिकार समझता है हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी करना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री को स्वामी प्रणवानंद जी का संदेश भेंट करते भारत सेवाश्रम संघ के लोग।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हिंदू धर्म किसी का अंत नहीं चाहता। वह अहिंसा परमो धर्मः की बात कहता है, लेकिन वह धर्म हिंसा तथैव च... की भी बात करता है यानी अहिंसा परम धर्म है, लेकिन राष्ट्र-धर्म की रक्षा और निर्दोषों को बचाने के लिए हिंसा करनी पड़े तो यह धर्मसम्मत मान्य है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में भारत सेवाश्रम संघ सिगरा में दुर्गा पूजा समारोह में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि अहिंसा परमो धर्मः का पक्ष कहता है कि हम सेवा के कार्य से जुड़ें। दीन-दुखियों की सेवा के लिए जीवन समर्पित करें, लेकिन एकता-अखंडता को कोई चुनौती देगा और सीमाओं का अतिक्रमण करेगा तो राष्ट्र की सुरक्षा-संप्रभुता, देश की रक्षा के लिए धर्म सम्मत हिंसा के पक्षधर भी हैं, जो जनता को सुरक्षा प्रदान कर सके और भारत को एक भारत-श्रेष्ठ भारत रख सके। इस दौरान सेवाश्रम संघ के संतों ने मुख्यमंत्री को प्रणवानंद जी की संदेश पुस्तिका भी भेंट की।

योगी ने कहा कि एक तबका हिंदू धर्म के देवताओं के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी, महापुरुषों को अपमानित व मूर्तियों को खंडित करना जन्मसिद्ध अधिकार समझ लेता है। यदि किसी के द्वारा विद्वेष में कोई शब्द कहे जाते हैं तो उसे लेकर जमीन-आसमान एक करने का कुत्सित प्रयास होता है।

मुख्यमंत्री ने आगाह किया कि कानून को हाथ में लेने का दुस्साहस न करें। ऐसा करने वालों को कानून की गिरफ्त में आना ही होगा। अराजकता को बढ़ावा देने वाले से कानून सख्ती से पेश आएगा। योगी ने कहा कि हर मत, पंथ व संप्रदाय की आस्था का सम्मान है, लेकिन कानून को हाथ में लाने की स्वतंत्रता नहीं होगी। बाधा डालने वाले कीमत चुकानी पड़ेगी।

### बंगाल में असहाय दिखता है सनातन धर्म : योगी

योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि मां दुर्गा के पूजन का अनुष्ठान है। पूरे देश में यह आयोजन हर्षोल्लास से हो रहा है। जिस बंगाल में जगतजननी मां भगवती के अनुष्ठान का शुभारंभ होता है, उस बंगाल में आज सनातन धर्म असहाय व असुरक्षित दिखता है। बंगाल राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत देने वाली भूमि है। भारत के बौद्धिक आधार देने वाली भूमि है। आजादी में तमाम महापुरुषों को देने वाली भूमि है। जिस बंगाल ने जगदीश चंद्र बसु, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, स्वामी प्रणवानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसा सपूत भारत माता को प्रदान किया। आज उस बंगाल में क्या हो रहा है। वहां पर्व-त्योहार मनाने के लिए दस बार सोचना पड़ रहा है। इस अवसर पर कोलिफोर्निया से आए भारत सेवाश्रम संघ के अध्यक्ष स्वामी पूर्ण आत्मानंद आदि मौजूद रहे।

# गोवंश को बचाने के लिए अब गले में पहनाई जाएगी रेडियम पट्टी

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश में सड़कों पर आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे गोवंश को बचाने के लिए अब इनके गले में रेडियम पट्टी पहनाई जाएगी। गो संरक्षण पर गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात के बाद शासन ने इस सिलसिले में आदेश जारी कर दिया। प्रमुख सचिव के रवींद्र नायक की ओर से सभी जिलाधिकारियों को शासन के फैसले को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि गो संरक्षण के लिए समय-समय पर निर्देश जारी होते रहे हैं, पर जनप्रतिनिधियों व समाचार माध्यमों के जरिये शासन के संज्ञान में आया है के राष्ट्रीय व जनपदीय राजमार्गों व गांव के समीप के मार्गों पर गोवंश दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

# डीपीसी में बनी सहमति, 22 पीपीएस होंगे आईपीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- 1994, 95 व 1996 बैच के अधिकारियों की हुई डीपीसी
- दो पीपीएस अधिकारियों का लिफाफा रहा बंद

**अमृत विचार:** उप्र. पुलिस के 24 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के लिए विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक (डीपीसी) हुई।

इनमें से 22 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस पद पर प्रोन्नत करने पर सहमति बनी। दो पीपीएस अधिकारियों की जांच लम्बित होने के कारण उनके प्रमोशन के बाबत लिफाफा बंद रखा गया। लोकभवन में सोमवार को साल 1994, 95 व 1996 बैच के पीपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति के लिए लोकसेवा आयोग के सदस्य, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार की मौजूदगी में बैठक हुई। आईपीएस संवर्ग में जाने वाले इन अफसरों में बजरंग बली, डॉ. दिनेश यादव, समीर सौरभ, मो. इरफान अंसारी, अजय प्रताप, नेपाल सिंह, अनिल कुमार, कमलेश बहादुर, राकेश कुमार सिंह, लाल भरत कुमार पाल, रश्मी रानी, अनिल कुमार यादव, संजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी निवास मिश्र, राजेश कुमार श्रीवास्तव, चिरंजीव नाथ सिन्हा, विश्वजीत श्रीवास्तव, मनोज कुमार अवस्थी, अमृता मिश्रा, रोहित मिश्रा, शिवराम यादव, अशोक कुमार और दीपेंद्र नाथ चौधरी शामिल हैं। डीपीसी में कागजी औपचारिकताओं में कमी पाये जाने के चलते 1996 बैच के शैलेन्द्र श्रीवास्तव पर सहमति नहीं बनी। जबकि, अजय प्रताप से जुड़े अभियोजन के एक मामले और साल 1993 बैच के पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव की लंबित जांच के कारण इन दोनों की प्रोन्नति पर फिलहाल फैसला नहीं लिया जा सका।

### दंपत्तियों को भी प्रमोशन

**लखनऊ।** विभागीय प्रोन्नत समिति की बैठक में दिवाली से पहले प्रोन्नति की खुशखबरी पाने वालों के इंतजार में पुलिस महकमे के दो दंपति भी रहे। इनमें से एक बाराबंकी में तैनात एडिशनल एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा और अभिसूचना इकाई में तैनात उनकी पत्नी रश्मि रानी हैं। जबकि दूसरे शाहजहांपुर में कार्यरत एडिशनल एसपी मनोज अवस्थी और स्थापना में तैनात उनकी पत्नी अमृता मिश्रा हैं।

# 2 आईएएस का स्थानांतरण, 9 पीसीएस को मिली कुलसचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजेश कुमार को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव डा. भीमराव अंबेडकर विवि का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण करने के साथ उप्र. के 10 राज्य विश्वविद्यालयों में आईएएस (एक) व पीसीएस (नौ) अधिकारियों को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। उच्च शिक्षा विभाग ने कुलसचिव कॉडर के अधिकारियों की कमी होने के चलते नियुक्ति विभाग से विश्वविद्यालयों में कुलसचिव तैनात करने का अनुरोध किया था। नियुक्ति विभाग ने इसके आधार पर यह तैनातियां की है।

स्थानांतरण के क्रम में आईएएस अधिकारी ब्रजेश नारायण सिंह को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियां उप्र. और राजेश प्रकाश को अपर आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद से प्रभारी निदेशक मत्स्य उप्र. बनाया गया है। आईएएस अधिकारी राजेश कुमार अपर आयुक्त आगरा को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

पीसीएस अधिकारियों में पुष्पराज सिंह अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल को कुलसचिव प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विजय कुमार सिंह अपर आयुक्त अलीगढ़ को कुलसचिव राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शशि भूषण अपर आयुक्त मुरादाबाद को कुलसचिव गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद, दुर्गेश मिश्रा अपर नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर को कुलसचिव मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय गोरखपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अंजू वर्मा उप श्रमायुक्त असंगठित क्षेत्र श्रम आयुक्त संगठन मुख्यालय कानपुर नगर को कुलसचिव हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर और निरंकार सिंह अपर नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर को कुलसचिव महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर का अतरिक्त प्रभार दिया है।

# 200 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** हजरतगंज पुलिस ने प्लॉट, फ्लैट और दुकान के नाम पर करीब दो सौ करोड़ रुपये की ठगी करने वाले जालसाज को सोमवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगी करने के बाद परिवार समेत एक साल पहले दुबई भाग गया था। पिछले कुछ दिन पहले भदोही के गोपीगंज में आकर छिपा था। पुलिस ने रविवार को गोपीगंज से दबोचा है। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जालसाज पर हजरतगंज, कैसरबाग समेत कई थानों में दर्जन भर से अधिक मामले दर्ज हैं।इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी जुनैद अहमद खान नजरबाग क्लासिक अपार्टमेंट कैसरबाग का रहने वाला है। हजरतगंज थाने में उसके खिलाफ राजीव और खालिद मसूद ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# गोंडा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत

संवाददाता, गोंडा

- तीन की हालत गंभीर, एसपी व सीओ ने किया निरीक्षण
- मौके पर डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई

**अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र का बेलसर बाजार सोमवार को धमाके से दहल उठा। बाजार से सटे एक मकान में अवैध रूप से चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया।

विस्फोट की जद में आकर लल्लू (30) व आकाश (15) की मौत हो गई। जबकि अयूब (17), कृष्ण कुमार (24) व इश्तियाक (40 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही तरबगंज एसएचओ राजेश सिंह व सीओ विनय सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल के डाक्टरों ने घायलों की हालत को देखते हुए उन्हे लखनऊ रेफर कर दिया। कुछ देर बाद एसपी विनीत जायसवाल व तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

एसपी ने बताया कि दो लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। जबकि तीन घायल हैं। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। मौके पर डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी।

# जिला मलेरिया अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा



**उन्नाव, अमृत विचार :** कर्मचारी का चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेते जिला मलेरिया अधिकारी को सोमवार को लखनऊ विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। केके गुप्ता फाइलेरिया नियंत्रण इकाई में बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव को चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप है कि अवकाश स्वीकृत करने के लिए जिला मलेरिया अधिकारी ने 10 हजार रुपये मांगे थे। जिसकी शिकायत केके गुप्ता ने लखनऊ सतर्कता अधिष्ठान में की थी। सोमवार दोपहर बाद जैसे ही पीड़ित ने रमेश यादव को रुपये दिए, विजिलेंस टीम उन्हें दबोच लिया और लखनऊ ले गई। सतर्कता अधिष्ठान ने रमेश यादव को केके गुप्ता की शिकायत पर रंगे हाथ उनके कार्यालय से पकड़े जाने की पुष्टि की है।

## धर्म दर्शन

# शक्ति स्वरूपा महादेवी दुर्गा



'नवरात्रों' या 'नवरात्रियों' में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। शारदीय आश्विन (क्वार) शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाने वाला दूसरा नवरात्र (नौरात) कहलाता है। शारदीय नवरात्र में तो नवो दिन अत्यंत उत्तम फलदायक हैं। इनमें भी षष्ठी (कात्यायनी का), सप्तमी(कालरात्रि का) अष्टमी (महागौरी का) तथा नवम (सिद्धिदात्री का) का संबंधित देवी का पूजन विशेष फलदायी माना गया है। चैत्र नवरात्र में बहुत से भक्त प्रतिपदा और अष्टमी को ही व्रत, उपवास, विशेष पूजन करते हैं। बंगाल की दुर्गापूजा तो अंतर्राष्ट्रीय महत्व होता है। पुरुषरुप में जिस प्रकार भगवान शिव, श्रीहरिविष्णु, व्रह्मा तथा प्रजापति आदि के रुप में परब्रह्म का ध्यान किया जाता है, उसी प्रकार स्त्री रुप में मां दुर्गा या उनके विभिन्न स्वरुपों की पूजा, उपासना और ध्यान किया जाता है। पुरुषरुप में माया और मायी को कभी एक ही तो कभी भिन्न, स्त्री-पुरूष दोनों रुपों में कल्पना की जाती है। प्रभा मंडल विहीन नटराज तथा कालिय नाग पर नृत्य करती हुई, श्रीकृष्ण मूर्ति में त्रिगुणात्मिका (सत्व, रज, तम) माया और ब्रह्म का प्रतीक परिकल्पित है। ये ही भाव अलग-अलग हर-गौरी, तथा राधा-कृष्ण आदि के रुपों में साकार किए जाते हैं। ललिता सहस्रनाम के सत्रहवें श्लोक में अंकित है,-"पुरूषं वा स्मरेद्देंवि स्त्रीरुपं वा विचिन्तयेत्।

अथवा निष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम्।।"

अर्थात (परब्रह्म का) पुरुषरुप अथवा स्त्री रुप में ध्यान करे, या निराकार सत्-चित्त-आनन्द मात्र का ही ध्यान करे।) शक्ति मात्र होने के कारण ब्रह्म का कोई निश्चित रुप नहीं है। इसीलिए उसकी कोई लिंग या जाति भी नहीं है। रुप तो निमित्त पर आश्रित है। इस संदर्भ में विद्युत (बिजली) का उदाहरण उपयुक्त प्रतीत होता है। हम इसके स्वरूप की निश्चित पहचान आज भी नहीं कर पाए हैं, किंतु निमित्त भेद से यह प्रकाश देती है, गर्मी देती है, ठंड प्रदान करती है, छोटे से लेकर अतिविशालकाय से लेकर छोटे यंत्रों का संचालन करती है। ब्रह्म के विषय में भी कुछ मनीषियों की धारणा कुछ ऐसी ही है। पिता का स्नेह एवं संरक्षण तथा माता का अगाध दुलार, प्यार और लालन-पालन के इच्छुक माता तथा पिता दोनों ही रुपों में ब्रह्म की उपासना कर सकते हैं।'ललिता सहस्रनाम'में ही अंयत्र कथित है:-"न त्वमब पुरुषो न चाड्गना चित्तस्वरुपिणी षंडतापि त्वं।/ नापि भर्तुरपि ते त्रिलिंगता त्वां बिना न तदपि स्फुरेवयम्।।" "हे अमब तुम न तो पुरुष हो, न स्त्री हो और न नपुंसक। तू तो केवल चित्त मात्र है। तुम्हारे पति में भी तीनों लिंग नहीं हैं। तुम्हारे बिना उनमें स्फुरण नहीं होता है।" नमामि भवभीतो हम संसारार्णवतारिणीम।।॥१९॥" "(दुर्गा) देवी मंत्रों की माता और शब्दों का ग्यान हैं। ग्यान में भी चेतना से आगे और शून्यों मैं भी शून्य की साक्षिणी हैं। जिनसे बढ़कर कोई भी नहीं है, उनका ही अभिधान (नाम) दुर्गा है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

# स्त्री जीवन के नौ रूप हैं नवरात्र

क्या खूब कहा है किसी ने कि हर स्त्री के जीवन के नौ रूप है जिनका प्रतीक माता के नवरात्र है और जब एक स्त्री इन नौ रूपों में अपना जीवन व्यतीत करती है तो वह देवी तुल्य मानी जाती है।

सबसे पहले स्त्री एक पुत्री के रूप में जन्म लेती है इसलिए पहले रोग मां दुर्गा का शैलपुत्री के रूप में आता है। स्त्री जीवन का दूसरा पड़ाव ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए कुछ सीखने का है। इसलिए उसे ब्रह्मचारिणी रूप में दिखाया जाता है जिसके हाथ में ना तो कोई शस्त्र है और न ही शेर की सवारी। स्त्री के जीवन का तीसरा पड़ाव उसका विवाह है इसलिए गौरी के तीसरे रूप को चंद्रघंटा के रूप में दिखाया जाता है जहां वह पति के माथे के चांद को अपने माथे पर धारण करती है। इसके बाद जय माता बनने के लिए तैयार होती है इसलिए इस रूप को कुष्मांडा कहा गया है कूष का मतलब कॉस्मिक और अंडा संतान की उत्पत्ति का प्रतीक है। तत्पश्चात एक स्त्री मां बनती है इसलिए मां गौरी का अगला रूप स्कंदमाता है। फिर शुरू होती है उसकी आंतरिक यात्रा और वह अपने बाहरी एवं भीतरी संघर्षों से लड़ती है तभी गोरी के रूप को कात्यायनी कहा गया है अर्थात महिषासुर को मारने वाली यह महिषासुर एक स्त्री के भीतर एवं बाहरी संघर्षों का प्रतीक है। और जब वह इन सब संघर्षों पर विजय पा लेती है और सामाजिक बंधनों को तोड़ देती है तो वह कालरात्रि बन जाती है। ऐसा करके जब वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनती है तो एक महान स्त्री होती है इसलिए गौरी के इस रूप को महागौरी कहा गया है। दूसरों को प्रेरणा के साथ-साथ जब वह समाज एवं अन्य स्त्रियों के उत्थान का कार्य करती है और अपने को सिद्ध कर देती है तो वह सिद्धिदात्री कहलाती है। यही है एक नारी के जीवन के रूप।



ममता सोनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, कला भारती फाउंडेशन नई दिल्ली

## वर्ग पहेली-215

**बाएं से दाएं**

3. 1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।

7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8. 1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक


**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. गज़ल की रदीफ़।

2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू; ओक, अंजुरी, अंजलि।

4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6. 1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने




### वर्ग पहेली -214 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | ■ | ■ | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | ■ | ■ | ■ | ड़ि | ■ |
| र | ■ | ■ | 4 द | हा | ना |
| ■ | 5 ए | का | हा | र | ■ |
| ■ | का | ■ | ड़ | ■ | 6 झाँ |
| ■ | धि | ■ | ■ | ■ | ई |
| ■ | 7 क | चा | यँ | ध | ■ |

## सुडोकू -128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | 5 | | 9 | | |
| 7 | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 1 | 5 | | 3 |
| | | 8 | | | 9 | | 3 | |
| | 2 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 7 | | | 6 | | |
| 9 | | 3 | 1 | | | 2 | | |
| | 5 | | | 6 | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 2 | 5 | | 8 | |

### सुडोकू - 127 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :8 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 11.17 तक तत्पश्चात पष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 9 अक्टूबर 04.08 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में आपको नई-नई उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। सरकारी कार्य रुक सकते हैं। समाज में आपको परेशानी उठानी पड़ेगी। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। आपको ईर्ष्यालु व्यवहार से आपको बचना चाहिए।

**वृष:** आज आपकी दबी हुई प्रतिभा लोगों के सामने निखर कर आयेगी। आपको व्यवसाय में बड़ा लाभ मिल सकता है। परिवार के साथ आपके शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। शेयर मार्केट में बहुत बड़ा निवेश करने से पहले सावधानी रखनी चाहिए।

**मिथुन:** आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। निम्न रक्तचाप के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। दूसरों के मन की बातें आप समझ लेंगे। किसी विशेष मुद्दे को लेकर मित्रों से झगड़ा हो सकता है। बदलते मौसम को लेकर अपना बचाव करें।

**कर्क:** आज आप अपने लक्ष्य को लेकर थोड़े कन्फ्यूज़ हो सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आप थोड़े चिन्तित रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को जॉब के नए ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज व्यापार में कर्ज न लें वरना चुकाने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। आज अत्यधिक काम के कारण आपको थकान हो सकती है। फेफड़ों में संक्रमण की समस्या हो सकती है।

**कन्या:** आज अधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहने वाले हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की संभावना प्रबल है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद प्राप्त होगा। आपको आलस्य से बचना चाहिए। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व करेंगे। आपको सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। संतान के भविष्य की चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज आप हर कार्य आत्मविश्वास के साथ करेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का प्रमोशन हो सकता है। समाज में आपकी छवि काफी मजबूत होगी। आयात-निर्यात के व्यवसाय से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी की सलाह आपको काफी काम आने वाली है।

**धनु:** आज माइग्रेन के रोगियों को आज धूल और धूप से बचना चाहिए। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। आपको पुराने संपर्को के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। किसी की भी गारण्टी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से शुभ है। प्रेमी जन को आप काफी समय देंगे। परिवार की समस्याओं का समाधान होगा। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। विवादित मामलों का निपटारा होगा। विदेश से शिक्षा और नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ:** आज शोधकार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जा सकते हैं। अनजान व्यक्तियों पर ज्यादा विश्वास न करें। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**मीन:** आज परिजनों से आप विशेष महत्व की अपेक्षा रखेंगे। लेकिन दूसरों की भावनाओं को भी समझें। अधिकारियों का व्यवहार आपको दु:ख पहुंचा सकता है। धर्म-चिंतन और अनुष्ठानों में आपकी रुचि हो सकती है। नए कार्यों को लेकर आत्मविश्वास की कमी महसूस हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंसानियत
सुबह : 09.00
आग ही आग
शाम : 06.00

&pictures
परमाणु
सुबह :08.14
विवाह
रात : 07.30

SONY PIX
जर्नी 2
सुबह :09.56
वेनम
शाम : 05.33

ZEE CINEMA
सिर्फ तुम
सुबह : 07.35
सिंघम
रात : 07.30

ZEE ACTION
किस्मत
सुबह : 10.38
एनकाउंटर सरकार
शाम : 04.45

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू ने अपनी पत्नी सोनी से पूछा :नवरात्रि का व्रत रखा है क्या?
पत्नी : हां जी!
सोने : फिर कुछ खाया की नहीं?
पत्नी :जी पर कुछ खास नहीं...
सोने :फिर भी क्या खाया, बताओ तो?
सोनी सुबह सुबह चाय ली थी, फिर अनार, आलू टिक्की, साबूदाने की खीर बस।

रमन यार चमन, जिस तरह इस बार नवरात्रि में बारिश हो रही है,
मुझे तो समझ नहीं आ रहा है कि,
इस बार दशहरे पर रावण जलेगा कैसे?
चमन-अरे यार, इस बार रावण जलकर नहीं डूबकर मरेगा... समझें।
हा...हा...हा...

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,050.00 | 24,795.75 |
| गिरावट | 638.45 | 218.85 |
| प्रतिशत में | 0.78 | 0.87 |

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2490, राज श्री 1860, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2415, फॉर्चुन ली. 2030, जय जवान 1975, सचिन 2090, सूरज 2000, अवसर 2100, राग गोल्ड 2175, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2160, मोर 2170, चक्र टिन 2260, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2345, स्वास्तिक 2460 I किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 I चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 I दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर छोटी 16100 I

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 78300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 77300 |
| सिल्वर (पक्की) | 933 (अनुमानित)। |

# शेयर बाजार डेढ़ माह के निचले स्तर पर

## सेंसेक्स लुढ़ककर 638.45 अंक पर पहुंचा, चौतरफा बिकवाली से गिरा बाजार

मुंबई, एजेंसी

इजराइल-ईरान तनाव और चीन के प्रोत्साहन पैकेज के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार लगातार छठे दिन गिरता हुआ आज डेढ़ माह के निचले स्तर पर आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.45 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब डेढ़ माह के निचले स्तर 81,050.00 अंक पर आ गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 218.85 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 24,795.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे



मिडकैप 1.85 प्रतिशत प्रतिशत लुढ़ककर 47,019.08 अंक और स्मॉलकैप 3.27 प्रतिशत कमजोर होकर 54,117.72 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4178 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3422 में गिरावट जबकि 636 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों में बिकवाली जबकि 10 में लिवली हुई। विश्लेषकों के अनुसार, मध्य-पश्चिम में बढ़ते तनाव के बावजूद वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार लचीले रहे हैं। इक्विटी बाजारों के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात यह है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत है, जहां सितंबर में गैर-कृषि नौकरियों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से 2.54 लाख रही। मजबूत अर्थव्यवस्था और अमेरिका के बाजार में घटती मुद्रास्फीति एक बड़ी सकारात्मक बात है। बीएसई में आईटी और टेक की 0.46 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 2.54, सीडी 1.49, ऊर्जा 2.46, एफएमसीजी 0.73, वित्तीय सेवाएं 1.90, हेल्थकेयर 1.01, इंडस्ट्रियल्स 2.38, दूरसंचार 2.49, यूटिलिटीज 3.63, ऑटो 0.38,बैंकिंग 2.10, कैपिटल गुड्स 2.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.89, धातु 2.24, तेल एवं गैस 2.38, पावर 3.14, रियल्टी 1.15 और सर्विसेज समूह के शेयर 3.12 प्रतिशत टूट गए।

### विदेशी डैक्स में भी गिरावट की गई दर्ज

पिछले सप्ताह के अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़ों से मंदी की आशंका दूर होने, ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने तथा कम से कम शुरुआत में डॉलर और इक्विटी को समर्थन मिलने के बाद बेंचमार्क 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड सोमवार को चार प्रतिशत तक बढ़ गई। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.36, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 1.60 और चीन का शंघाई कंपोजिट 8.06 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.28 प्रतिशत की गिरावट रही।

### निवेशकों के 8.9 लाख करोड़ रुपये डूबे

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहने से निवेशकों की संपत्ति 8.90 लाख करोड़ रुपये घट गई। शेयर बाजार में इस बड़ी गिरावट की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 8,90,153.84 करोड़ रुपये घटकर 4,51,99,444.70 करोड़ रुपये (5.38 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 4,521.85 अंक यानी 5.28 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। इससे निवेशकों को कुल 25.16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 3,493 नुकसान में रहे जबकि 568 शेयरों में तेजी रही और 117 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# भारत, यूएई खाद्य गलियारे पर दो अरब डॉलर निवेश : गोयल

- हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा

मुंबई, एजेंसी

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दो अरब डॉलर के अनुमानित निवेश से एक खाद्य गलियारा स्थापित करेंगे जो यूएई एवं अन्य खाड़ी बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा। इससे भारत के किसानों को अधिक आमदनी एवं अधिक रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बारे में यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाने के लिए एक छोटा कार्यसमूह भी गठित किया गया है जिसमें केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकारें और यूएई शामिल हैं। गोयल ने कहा भारत में खाद्य पार्कों की स्थापना के बारे में बहुत विस्तार से चर्चा की गई। इससे जुड़ा बुनियादी काम काफी हद तक पूरा हो चुका है। यह एक और क्षेत्र है जो किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगा, हमारे हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और यूएई की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। यूएई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और खाद्य पार्क लॉजिस्टिक में निवेश के लिए लगभग दो अरब डॉलर की शुरुआती प्रतिबद्धता जताई है। भारत से यूएई को खाद्य उत्पाद पहुंचाने के लिए लॉजिस्टिक सुविधाओं की जरूरत होगी। उन्होंने कहा हमने केंद्र एवं राज्य सरकारों और यूएई की भागीदारी वाले एक छोटे कार्यसमूह का गठन किया है, जो दोनों देशों के बीच एक खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाएगा।

# केंद्र ने दिल्ली में 65 रुपये प्रति किलो के भाव पर टमाटर की बिक्री शुरू की

- अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने सोमवार को आम आदमी को राहत देने और बिचौलियों द्वारा असामान्य रूप से कमाये जाने वाले मुनाफे पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचना शुरू किया। राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर औसतन 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचने वाली भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड की वैन को हरी झंडी दिखाई। खरे ने कहा हम टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतें कम हो जाएंगी। एनसीसीएफ ने मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर और उन्हें 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचकर बाजार हस्तक्षेप शुरू किया है। मोबाइल वैन राष्ट्रीय राजधानी की 50 कॉलोनियों में टमाटर बेचेगी। बयान के अनुसार, यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं को टमाटर की कीमतों में हाल ही में हुई वृद्धि से बचाने और बिचौलियों को अप्रत्याशित लाभ कमाने से रोकने के लिए किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कहा मंडियों में लगातार अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में काफी वृद्धि हुई है।

## देश में सुस्त मांग के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में सुस्त मांग के कारण सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। सितंबर में कुल पंजीकरण घटकर 17,23,330 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी महीने 18,99,192 इकाई था। यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों सहित अधिकतर श्रेणियों में सालाना आधार पर गिरावट देखी गई।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा गणेश चतुर्थी और ओणम जैसे त्यौहारों के बावजूद डीलरों ने बताया कि प्रदर्शन काफी हद तक स्थिर रहा है। बड़े त्यौहारों के मद्देनजर फाडा ने ओईएम से वित्तीय झटके से बचने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह भी किया है। वाहनों की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 2,75,681 इकाई रह गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी महीने 3,39,543 इकाई थी।

## ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 8 प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में सोमवार को दिन के कारोबार के दौरान 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई और अंत में यह आठ प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की सेवा गुणवत्ता के मुद्दे पर कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भाविश अग्रवाल और स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के बीच तीखी बहस हुई थी।

बीएसई पर ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 8.31 प्रतिशत गिरकर 90.82 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। इसमें लगातार तीसरे दिन गिरावट हुई। दिन के कारोबार में शेयर 9.43 प्रतिशत गिरकर 89.71 रुपये के निचले स्तर पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 8.38 प्रतिशत गिरकर 90.75 रुपये पर बंद हुआ।

## हिताची एनर्जी करेगी 2000 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी ने भारतीय कारोबार के 75 साल पूरे होने के अवसर पर देश में स्थायी ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता, प्रोडक्ट रेंज और टैलेंट बेस को विस्तार करने पर लगभग 2000 करोड़ का निवेश की योजना है।

पिछले 75 सालों में भारत की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं में योगदान देते हुए हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक से लेकर हिंदुस्तान ब्राउन बॉवेरी, एबीबी पावर ग्रिड्स, हिताची एबीबी पावर ग्रिड्स और अब हिताची एनर्जी बनने तक, कंपनी ने 1949 से ऊर्जा विकास में अहम भूमिका निभाई है।

## राष्ट्रीय

# बंगाल की कोयला खदान में विस्फोट, छह लोगों की मौत

## बीरभूम में हुआ हादसा, ट्रक पर रखे विस्फोटकों में हुआ था धमाका

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में एक ट्रक पर रखे विस्फोटकों में धमाका हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।



अचानक विस्फोट हो जाने के बाद शव को निकालने में जुटे लोग।

पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ, जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए ट्रक से डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया गांव की एक कोयला खदान में हुई। बीरभूम के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राणा मुखर्जी ने बताया छह लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हुए हैं। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने कहा, यह घटना कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। डब्ल्यूबीपीडीसीएल एक अन्य अधिकारी ने बताया कि संबंधित खान संचालक पीड़ित परिवारों को मुआवजा देगा। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने कहा घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था। पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी डब्ल्यूबीपीडीसीएल के पास पांच बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित क्षमता 4,265 मेगावाट है। चालू वित्त वर्ष में, अतिरिक्त 660 मेगावाट क्षमता बढ़ाए जाने की संभावना है।

## जम्मू-कश्मीर में जनादेश पलटने का भाजपा का मंसूबा, हम सतर्क हैं: कांग्रेस

- महासचिव जयराम रमेश ने किया दावा- कांग्रेस-नेकां के पक्ष में फैसले को नकारने के लिए भाजपा उठा रही है कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने से एक दिन पहले, सोमवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मंसूबा इस केंद्र शासित प्रदेश में जनादेश पलटने का है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि कांग्रेस-नेकां गठबंधन के पक्ष में आने वाले लोगों के फैसले को नकारने के लिए दुर्भावनापूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान हुआ था। मतगणना मंगलवार को होनी है। जम्मू-कश्मीर में 10 साल के अंतराल पर तथा 2019 में राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किये जाने के बाद ये चुनाव हुए हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आसन्न हार को देखते हुए भाजपा बहुमत हासिल करने के लिए हताशापूर्ण खेल, खेल रही है और अपनी चाल में मदद मिल जाए, उसके लिए त्रिशंकु विधानसभा की उम्मीद कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा जानती है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने कांग्रेस-नेकां गठबंधन को स्पष्ट जनादेश दिया है।

कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को खत्म करने के लिए, उन्होंने अपनी स्वयंभू फर्जी चाणक्य-नीति के पुराने तरीकों का सहारा लिया है। हमारे पास यह कहने के लिए स्पष्ट जानकारी और आधार है कि जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के पक्ष में जनादेश को नकारने के लिए दुर्भावनापूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। रमेश ने कहा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर में जनादेश को स्पष्ट खतरा है। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है, लेकिन भाजपा लोकतांत्रिक जनादेश को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है और उसका मंसूबा किसी भी तरीके से इसे पलटने का है।

# अधिकारी जब तक शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात का समय नहीं बताते लद्दाख भवन में डटे हैं : वांगचुक





जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक नई दिल्ली के लद्दाख भवन में अपनी भूख हड़ताल के दौरान अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ।

नई दिल्ली, एजेंसी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को कहा कि वह और उनके समर्थक तब तक लद्दाख भवन में रहेंगे जब तक अधिकारी यह नहीं बता देते कि कब वे देश के शीर्ष नेतृत्व से मिल सकते हैं। वांगचुक ने कहा कि प्रदर्शनकारी लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं और यह असामान्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे यहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)को यह याद दिलाने आए हैं जिसका वादा उसने चुनाव के दौरान किया था। मौजूदा समय में छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों को 'स्वायत्त जिलों और स्वायत्त क्षेत्रों के रूप में प्रशासन से संबंधित है। वांगचुक और उनके समर्थकों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर रविवार को लद्दाख भवन में ही अपना अनिश्चितकालील अनशन शुरू कर दिया। वांगचुक ने कहा, हम तब तक यहां बैठेंगे जब तक हमें जवाब नहीं मिल जाता कि हम अपने नेताओं से कब मिल पाएंगे। हमने 30-32 दिन तक पैदल यात्रा की है, हम कम से कम एक मुलाकात के तो हकदार हैं।

जलवायु कार्यकर्ता ने कहा कि लद्दाख के लोगों ने इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया था क्योंकि उन्हें विधानसभा और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा हम कोई असामान्य मांग नहीं कर रहे हैं, हम यहां भाजपा को उसके घोषणापत्र में किए गए वादों की याद दिलाने आए हैं।

# कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया : रिजिजू

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया और इसके नेता राहुल गांधी अब यह झूठा विमर्श फैला रहे हैं कि देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं।



रिजिजू ने कहा कि मुसलमानों को कांग्रेस का वोट बैंक नहीं बनना चाहिए क्योंकि इससे राष्ट्र और समुदाय को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का प्रभारी होने के नाते, मैं कुछ चीजें स्पष्ट करना चाहता हूं। अपने शासनकाल में, कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया। हम इस धारणा को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सरकार देश में सभी अल्पसंख्यकों के लिए समान रूप से काम कर रही है। यह राष्ट्रीय हित के प्रति प्रतिबद्ध है।

रिजिजू ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाएं मुसलमानों को अन्य समुदायों की तरह ही फायदा पहुंचा रही हैं। फिर, क्यों मुसलमानों को कांग्रेस का वोट बैंक बने रहना चाहिए? यह न केवल राष्ट्र के लिए बल्कि मुसलमानों के लिए भी नुकसानदेह है। उन्होंने कहा, जब वे एक राजनीतिक दल और उसके सहयोगियों का वोट बैंक बन जाएंगे तो यह उनके कल्याण की तुलना में कहीं अधिक नुकसान पहुंचाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों को एकजुट रखेगी और लोगों को इस बात से अवगत कराएगी कि राहुल गांधी और उनके सहयोगियों द्वारा यह गलत विमर्श फैलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गांधी विदेशी धरती पर देश के बारे में बुरा-भला बोल रहे हैं और भारत-विरोधी ताकतों से हाथ मिला रहे हैं।

### विदेश में देश को बदनाम कर रहे

रिजिजू ने कहा, देखिए, किस तरह की राजनीति की जा रही है? क्या आपने कभी सुना था कि विदेश जाकर किसी नेता ने देश की छवि धूमिल की... जनता ने उन्हें 10 साल के लिए खारिज कर दिया और अब वह विदेश में देश को बदनाम कर रहे हैं और भारत-विरोधी ताकतों से हाथ मिला रहे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अमेरिका में, गांधी ने आरक्षण के बारे में अपने विचार व्यक्त किये और बाद में इसकी लीपापोती करने की कोशिश की। अमेरिका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान गांधी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी और अभी ऐसा नहीं है। हालांकि, बाद में गांधी ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं और असल में 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा को हटाना चाहते हैं ताकि अधिक लोगों को लाभ मिल सके। भाजपा में मुस्लिम प्रतिनिधित्व के बारे में पूछे जाने पर, रिजिजू ने कहा, ...यदि वे हमें वोट नहीं देंगे तो हमारे उम्मीदवार कैसे जीतेंगे? हम किसी का वोट नहीं छीन सकते। यदि हमें समुदाय से वोट मिलेगा तो हमारे पास उस समुदाय से सांसद और मंत्री होंगे। यदि हमें वोट नहीं मिला तो हम सांसद और मंत्री कैसे बनाएंगे? रिजिजू ने यह भी कहा कि नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए उनका मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में, हर जिले में संविधान भवन स्थापित करेगा।

## हाथी को बांधने पर दिल्ली के चिड़ियाघर की सदस्यता निलंबित

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघरों और मछलीघरों के एक वैश्विक संगठन ने एक अफ्रीकी हाथी शंकर को जंजीरों से बांधकर रखे जाने को लेकर सोमवार को दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की सदस्यता निलंबित कर दी।

दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि उचित कार्रवाई की जाएगी और पत्र का अध्ययन करने के बाद अनुपालन रिपोर्ट भेजी जाएगी। उन्होंने कहा, फिलहाल शंकर अपने बाड़े में बिना जंजीरों के आजादी से घूम रहा है। जिम्बाब्वे ने 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को यह हाथी उपहार में दिया था। अफ्रीकी हाथी शंकर अकेला है। कुमार और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को लिखे पत्र में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जू एंड एक्वेरियम्सने कहा कि पहले उसने हाथी के संबंध में उनसे जानकारी मांगी थी और जवाब 24 मई तथा 24 जुलाई को मिले।

# नीट-यूजी के लीक प्रश्नपत्र पाने के लिए 144 अभ्यर्थियों ने रकम अदा की थी : सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने 144 अभ्यर्थियों की पहचान की है जिन्होंने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने से कुछ घंटे पहले नीट-यूजी के लीक और हल प्रश्नपत्र पाने के लिए कथित तौर पर पैसे दिए थे।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने पिछले सप्ताह दाखिल अपने तीसरे आरोप पत्र में पंकज कुमार का नाम दर्ज किया है जिसने झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य अहसानुल हक और उप प्राचार्य मोहम्मद इम्तियाज आलम के साथ मिलीभगत करके स्कूल से प्रश्नपत्र चुराए थे। उन्होंने बताया कि अपराध कथित रूप से उस समय किया गया जब बैंक वॉल्ट से प्रश्नपत्र लेकर ट्रंक पांच मई को सुबह आठ बजे के बाद स्कूल पहुंचे थे जिस दिन परीक्षा होनी थी। हक हजारीबाग के शहर समन्वयक थे और आलम को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट यूजी) 2024 आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया था। आरोप पत्र में 5,500 पन्ने हैं जिसमें 298 गवाहों, 290 दस्तावेजों और 45 भौतिक वस्तुओं के आधार पर निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं, तथा पेपर लीक करने वाले गिरोह के काम करने के तरीके का विस्तृत विवरण दिया गया है। उन्होंने बताया कि हक और आलम ने जमशेदपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर कुमार को कथित तौर पर उस कमरे में प्रवेश करने की इजाजत दी, जहां ट्रंक रखे हुए थे। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कुमार ने प्रश्नपत्र वाले ट्रंक के कब्जों से छेड़छाड़ की, एक प्रश्नपत्र निकाला और इसके सभी पन्नों की तस्वीर ली।

## नाबालिग लड़के पर ऑटिज्म पीड़ित युवती के यौन शोषण का आरोप

**इंदौर।** इंदौर में एक नाबालिग लड़के द्वारा ऑटिज्म से जूझ रही 18 वर्षीय युवती के कथित यौन शोषण को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस घटना के बारे में पुलिस से पखवाड़े भर के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि पीड़ित युवती की मां ने पलासिया पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित उनकी बेटी को उसके एक नाबालिग रिश्तेदार ने तीन अक्टूबर को कथित यौन शोषण का शिकार बनाया, जब वह बाथरूम में थी। कथित यौन शोषण में शामिल 13 साल का लड़का पीड़ित युवती का रिश्तेदार है। दंडोतिया ने बताया कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## बेहतर हो गई है श्रीलंका : शेफाली

दुबई, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्व कप में कल श्रीलंका से भिड़ेगी टीम इंडिया

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी-20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।

शेफाली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में 32 रन का योगदान देने के बाद कहा इससे पहले उनकी तरफ से चमारी ही अधिक रन बनाती थी और विकेट लेती थी लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी टीम में काफी सुधार हुआ है और इसलिए वह एशिया कप जीतने में सफल रही। भारतीय टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच काफी महत्वपूर्ण है जिसमें टीम को छोटी-छोटी गलतियों को करने से भी बचना होगा। मंधाना ने कहा एक खिलाड़ी के लिए प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण होता है। जब आप विश्व कप में खेल रहे हों तो आपको अपना शत प्रतिशत देना होता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आप गलतियां नहीं कर सकते हैं। उसे हराने के लिए आपको उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज रेणुका ने कहा चमारी अटापट्टू बेहद दिलचस्प खिलाड़ी है। वह श्रीलंका में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकती है।

## दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने की संन्यास की घोषणा

- रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य से चूक गईं थी दीपा



नई दिल्ली। भारत की दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने सोमवार को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। दीपा 2016 रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं थी।

ओलंपिक में शिरकत करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी 31 साल की दीपा रियो ओलंपिक की वॉल्ट स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं थी और सिर्फ 0.15 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं थी। दीपा ने कहा बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि यह सही समय है। जब से मुझे याद है तब से जिम्नास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा है और मैं उतार-चढ़ाव और बीच के हर लम्हे के लिए आभारी हूं।

## मोहन बागान को एसीएल दो से हटा हुआ माना जाएगा : एएफसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने ईरान की यात्रा करने के खिलाफ फैसला करने पर लिया फैसला

एशियाई फुटबॉल की संचालन संस्था एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सोमवार को कहा कि ट्रेक्टर एफसी का सामना करने के लिए ईरान की यात्रा करने के खिलाफ फैसला करने के लिए मोहन बागान सुपर जाइंट को एएफसी चैंपियन्स लीग (एसीएल) दो से हटा हुआ माना जाएगा।

खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोहन बागान सुपर जाइंट ने उस समय ईरान में अस्थिर स्थिति को ध्यान में रखते हुए दो अक्टूबर को होने वाले मुकाबले के लिए इस पश्चिम एशियाई देश की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था। एएफसी ने कहा एएफसी लीग दो 2024/25 प्रतियोगिता नियमों के नियम 5.2 के अनुसार एशियाई फुटबॉल परिसंघ पुष्टि करता है कि मोहन बागान सुपर जाइंट को दो अक्टूबर को ट्रेक्टर एफसी के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए तबरीज पहुंचने में नाकाम रहने के बाद एसीएल दो प्रतियोगिता से हटा माना जाएगा। परिणामस्वरूप मोहन बागान सुपर जाइंट द्वारा खेले गए सभी मैच प्रतियोगिता के नियम 5.6 के अनुसार रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें अमान्य माना है। संदेह से बचने के लिए प्रतियोगिता के नियम 8.3 के अनुसार ग्रुप ए में अंतिम रैंकिंग निर्धारित करते समय क्लब के मैचों से जुड़े किसी अंक और गोल को ध्यान में नहीं रखा जाएगा।

## खेल डायरी

### भारत ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्रा (528) की भारतीय टीम ने पेरू की राजधानी लीमा में विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने अजरबैजान को एक अंक से हराकर कुल 1616 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। आर्मेनिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। भारत ने इस तरह से 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक सहित कुल 24 पदकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया। इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण सहित कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत के मुकेश नेलवल्ली ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता में उनका छठा पदक है। उन्होंने 548 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। अजरबैजान के इमरान गारायेव ने 552 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### नकवी को चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होने का भरोसा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को भरोसा जताया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन देश में होगा और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत सहित सभी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 19 फरवरी को शुरू होने का कार्यक्रम है जबकि इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जाना है। आयोजन स्थल के रूप में लाहौर, कराची और रावलपिंडी को चुना है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक रिश्तों के कारण भारत ने जुलाई 2008 के बाद से अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजा है। भारतीय टीम को आना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि वे यहां आना रद्द या स्थगित करेंगे और हमें पूरा भरोसा है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में सभी टीमों की मेजबानी पाकिस्तान में करेंगे। पाकिस्तान भारत सहित सभी टीमों की मेजबानी के लिए तैयार है और तैयारियां तय समय पर चल रही हैं।

### एशियाई क्रॉस कंट्री के लिए भारतीय टीम में गुलवीर

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को 20 अक्टूबर को हांगकांग में होने वाली एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए सोमवार को आठ सदस्यीय भारतीय सीनियर टीम में शामिल किया गया। सेना के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की चयन समिति ने 24 नवंबर को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होने वाली दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय सीनियर और जूनियर टीमों की भी घोषणा कर दी है। एशियाई क्रॉस कंट्री में भाग लेने वाली राष्ट्रीय टीम को नवंबर में पाकिस्तान में दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री में खेलने का भी मौका मिलेगा। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा पाकिस्तान में होने वाली दक्षिण एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में एथलीटों की भागीदारी फिटनेस पर निर्भर करेगी। जो भी एथलीट अनफिट होगा उसे राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया जाएगा। एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए टीम में सीनियर पुरुष : गुलवीर सिंह, कार्तिक कुमार, अभिषेक पाल, अरुण राठौड़।

### सनत जयसूर्या श्रीलंका के प्रमुख कोच बने

**कोलंबो।** सनत जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक श्रीलंकाई पुरुष टीम का प्रमुख कोच बनाया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अंतरिम कोच जयसूर्या की अगवाई में टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें स्थाई कोच बनाने का फैसला किया है। एसएलसी की ओर से कहा गया है श्रीलंका क्रिकेट की एग्ज़ेक्यूटिव कमेटी ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को आधार मानते हुए ये निर्णय लिया है। जयसूर्या के अंतरिम कोच रहते हुए टीम ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। पिछले कुछ महीने में जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के एकदिवसीय सीरीज जीती, उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट में जीत हासिल की और फिर अभी भी न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। जयसूर्या का ये पहला कोचिंग अनुभव है। इससे पहले जयसूर्या श्रीलंकाई टीम के साथ मुख्य चयनकर्ता के तौर भी कार्यभार संभाल चुके हैं। प्रमुख कोच के तौर पर जयसूर्या का पहली परीक्षा दंबुला और पल्लेकेले में होने वाले वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज में होगा।

## वापसी को तैयार लक्ष्य और सिंधू

### पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद आर्कटिक ओपन सुपर 500 में उतरेंगे दोनों दिग्गज



वंता (फिनलैंड), एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया।

सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में



उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाजाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी। सेन के लिए भी यह गेम्के से बदला लेने का मौका होगा। वह 2023 में इंडिया ओपन में उनसे हार गए थे। अगर वह इस मैच को जीतने में सफल रहते हैं तो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ टीएन चेन से हो सकता है।

चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने के बाद मकाऊ ओपन में वापसी करने वाले किदांबी श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह हमवतन किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण के साथ क्वालीफायर से अपना अभियान आगे बढ़ाएंगे। क्वालीफायर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से भिड़ेंगे। महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। चीन ओपन सुपर 1000 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली मालविका पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी, जबकि आकर्षी का मुकाबला जर्मनी की यवोन ली से होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुडा क्वालीफायर में इज़राइल की हेली नीमन से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में कोई भारतीय भाग नहीं ले रहा है लेकिन रितुपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल में जबकि सतीश और आद्या वरियाथ मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

## फ्रिट्ज-दिमित्रोव जीत के साथ शंघाई मास्टर्स में आगे बढ़े



**शंघाई।** विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज टेलर फ्रिट्ज और 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी ग्रिगो दिमित्रोव बारिश से प्रभावित शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर के अपने-अपने मैच को जीतकर अगले दौर में पहुंच गए। इन दोनों खिलाड़ियों का मैच शनिवार को शुरू हुआ था लेकिन बारिश की बाधा के कारण यह सोमवार को पूरा हुआ।

अमेरिकी ओपन के उपविजेता फ्रिट्ज ने शनिवार को बारिश के कारण खेल रोके जाते समय फ्रांस के टेरेंस एटमाने के खिलाफ शुरुआती सेट में 4-3 की बढ़त बना ली थी। इस 26 साल के अमेरिका के खिलाड़ी ने 122 मिनट के मैच में विश्व रैंकिंग में 161वें स्थान पर काबिज एटमाने को 7-6 (4), 7-6 (5) हराया। अपने 100वें मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे 33 साल के दिमित्रोव ने जिजौ बर्ग्स पर सोमवार को एक सेट की बढ़त के साथ फिर से शुरुआत की। दिमित्रोव ने 6-3, 3-6, 6-2 से अपने नाम किया।

## लेवांडोव्स्की की हैट्रिक से बार्सिलोना शीर्ष पर पहुंचा

मैड्रिड, एजेंसी

- स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अलावेस को 3-0 से चखाया हार का स्वाद

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां खेले गए मैच में 25 मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई, जिससे बार्सिलोना ने अलावेस को 3-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले शीर्ष पर पहुंच गया।

लेवांडोव्स्की ने सातवें, 22वें और 32वें मिनट में गोल करके लीग में नौ मैचों में अपने गोल की संख्या 10 पर पहुंचा दी। वह अभी तक वर्तमान सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 11 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में आठ गोल किए हैं। पोलैंड के स्ट्राइकर ने मंगलवार को चैंपियंस लीग में बार्सिलोना की यंग बॉयज़ पर 5-0 से जीत में भी दो गोल किए थे। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड से तीन अंक आगे हो गया है। रियाल मैड्रिड शनिवार को चौथे स्थान पर मौजूद विलारियाल को 2-0 से पराजित करके बार्सिलोना की बराबरी पर पहुंच गया था।

इस बीच एटलेटिको मैड्रिड रियल सोसिदाद से 1-1 से ड्रा खेलकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अन्य मैचों में डोडी ल्यूकबाकियो ने 50वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर सेविला को रियल बेटिस पर 1-0 से जीत दिलाई जबकि गिरोना ने एथलेटिक बिलबाओ को हराया।

## ब्रूनो विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में

**रियो डी जेनेरियो।** फ्लैमेंगो डिफेंडर फैब्रिसियो ब्रूनो को चिली और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है।

ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने बताया कि 28 वर्षीय खिलाड़ी रियल मैड्रिड के सेंटर-बैक एडर मिलिटाओ की जगह लेंगे जिन्हें मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैचों बहार होना पड़ा है। मिलिटाओ चोट के कारण ब्राजील की टीम से बाहर किए जाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। इससे पहले रविवार को सीबीएफ ने घोषणा की थी कि गर्दन की समस्या के कारण रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर के हटने के बाद फुलहम के मिडफील्डर एंड्रियास परेरा को टीम में शामिल किया।

## भारत अंडर-19 ने बनाए 316 रन

चेन्नई, एजेंसी

- दूसरे टेस्ट के पहले दिन नित्या, कार्तिकेय, निखिल और कप्तान सोहम ने लगाए अर्धशतक

नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) और कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा दूसरे चार दिवसीय टेस्ट मैच में पहले दिन पांच विकेट पर 316 स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता



172 रनों की साझेदारी के दौरान नित्या और केपी कार्तिकेय ● एजेंसी

दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया। इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की। इस दौरान नित्या पंड्या (94) शतक से चूक गए। पांड्या को होकेस्ट्रा ने रानाल्डो के हाथों कैच आउट कराया। केपी कार्तिकेय ने 71 रन बनाए। उन्हें होवे ने ओ कॉनर के हाथों कैच आउट कराया। पांचवें विकेट के रुप में निखिल कुमार (61) रन बनाकर आउट हुए। निखिल को पैटरसन ने होवे के हाथों कैच आउट कराया। दो मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए हैञ दिन का खेल समाप्त होने पर कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) और हरवंश पंगालिया (सात) रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर हेरी होकेस्ट्रा ने दो विकेट लिए जबकि पैटरसन, होवे तथा रामकुमार को एक-एक विकेट मिला।

## बॉलीवुड हलचल



### शर्वरी ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी ने सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस का जलवा दिखाया है। शर्वरी इस साल अपने शानदार प्रदर्शन के कारण सुर्खियों में हैं। मुंजा, महाराज और वेदा जैसी फिल्मों में उनकी दमदार अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया है। शर्वरी अपनी आगामी फिल्म अल्फा के एक और शेड्यूल के लिए तैयार हो रही हैं, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने वॉश बोर्ड एब्स दिखाकर सभी को बड़ा फिटनेस मोटिवेशन दिया है। शर्वरी ने अपने ग्लैमरस फिटनेस फोटोज को कैप्शन दिया इन माय फिट पूकी एरा। यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा के तीसरे शेड्यूल की शुरुआत होने जा रही है, और शर्वरी अपने फिटनेस के चरम पर हैं। इस फिल्म में वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी, और यह फिल्म 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी।

### अजय की फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, रवि किशन, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, श्वेता तिवारी और जैकी श्रॉफ की झलक देखने को मिली है और कई दमदार डायलॉग्स सुनने को मिले हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को हिन्दी फिल्मों के इतिहास का सबसे लंबा ट्रेलर बताया जा रहा है। फिल्म के 4 :58 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अजय देवगन के सीन से होती है, जो देश की सीमा पर बर्फ से लदे पहाड़ों की तरफ देख रहे हैं।करीना कपूर अजय देवगन की पत्नी की भूमिका में हैं, जो रामलीला आयोजित कर रही हैं। अब अजय देवगन इतिहास दोहराने जा रहे हैं और अपने वचन के लिए एक और लंका जलाने की तैयारी में हैं। यहां से कहानी एक अलग ट्रैक पर है। फिल्म में जैकी श्रॉफ से अजय देवगन पड़ताल करते दिख रहे हैं और बात हो रही हैं अर्जुन कपूर की। अर्जुन इस फिल्म में नेगेटिव भूमिका में शानदार जंच रहे हैं। और फि एंट्री होती है पुलिस ऑफिसर शक्ति की यानी दीपिका पादुकोण की। रोहित शेट्टी की निर्देशित सिंघम अगेनमें अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह,दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 01 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।



### मणिरत्नम की फिल्म में फिर से काम करेंगे रजनीकांत

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत, सुप्रसिद्ध फिल्मकार मणिरत्नम के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत ने वर्ष 1991 में प्रदर्शित मणिरत्नम निर्देशित फिल्म थलपति में काम किया था। इस फिल्म में ममूटी, अरविंद स्वामी, अमरीश पुरी, श्रीविद्या, भानुप्रिया और शोभना ने भी अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म की कहानी महाभारत के कर्ण और दुर्योधन की दोस्ती से प्रेरित थी। इस फिल्म में रजनीकांत ने कर्ण से प्रेरित सूर्य की भूमिका निभाई थी जबकि ममूटी ने दुर्योधन से प्रेरित देवराज की भूमिका निभाई थी। चर्चा है कि रजनीकांत 33 साल के बाद फिर से मणिरत्नम की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत के जन्मदिन 12 दिसंबर को इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।मणिरत्नम इन दिनों कमल हासन के साथ ठग लाइफ की शूटिंग कर रहे हैं। वहीं रजनीकांत अपनी फिल्म वेट्टैयन की रिलीज के लिए तैयार हैं, जो 10 अक्टूबर को आनी है।

## अलास्कन नाइट्स ने एसजी पाइपर्स को हराकर दर्ज की पांचवी जीत

लंदन, एजेंसी

- जीसीएल ग्लोबल शतरंज लीग में कार्लसन से हारने के बावजूद अनीश गिरी शीर्ष पर

पीबीजी अलास्कन नाइट्स ने यहां चल रही टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में रविवार चौथे दिन के दूसरे मैच में अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 9-7 के करीबी अंतर से हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। अलास्कन नाइट्स ने इस टूर्नामेंट के आधे चरण तक हुए कुल 15 मैचों के बाद अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं।

अलास्कन के शीर्ष खिलाड़ी अनीश गिरी के मैग्नस कार्लसन से हारने के बावजूद उनकी टीम 58 गेम अंक हासिल करके शीर्ष पर है। वहीं गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को पराजित कर दूसरा स्थान हासिल किया और टीम शीर्ष स्थान पर काबिज अलास्कन से केवल तीन गेम अंक पीछे है। कॉन्टिनेंटल किंग्स के तेजतर्रार खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा ने फ्रांस के शीर्ष रेटिंग वाले खिलाड़ी मैक्सिम वैचियर-लाग्रेव को हराकर प्रतियोगिता में अपना विजय क्रम बरकरार रखा। दिन के आखिरी मैच में दुनिया के नंबर एक कार्लसन (अल्पाइन एसजी पाइपर्स) और नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा (अमेरिकन गैम्बिट्स) के बीच खेला गया शानदार मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

जूनियर खिलाड़ियों के बोर्ड पर डैनियल डार्डा ने जोनास बजेर को शिकस्त देकर अल्पाइन एसजी पाइपर्स को अमेरिकन गैम्बिट्स के खिलाफ 9-7 से जीत दिलाई, जिससे वह 43 गेम अंक के साथ तीसरे स्थान पर आ गए। रविवार के मुकाबलों में एक जीत और एक हार से अमेरिकन गैम्बिट्स 33 गेम अंक लेकर चौथे स्थान पर है। अपग्रेड मुंबा मास्टर्स पांचवें जबकि गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स तालिका में अंतिम स्थान पर हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

